e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 44

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
14.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
आज के परीणाम अतित के कर्मों से तय होते है, अपने भविष्य को बदल पाने के लिए आज के फैसलों को बदले!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सचिन पायलट ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुम्भनगर** : तीर्थराज प्रयाग के महाकुम्भ में कांग्रेस नेता व राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने गुरुवार को संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री सहित भाजपा के अधिकांश विधायक महाकुम्भ में डुबकी लगा चुके हैं।पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोशल मीडिया पर महाकुम्भ स्नान की अपनी फोटो शेयर की है। उन्होंने पोस्ट किया आज श्रद्धा और आस्था के प्रतीक महाकुंभ में संगम में स्नान किया। इस पवित्र अवसर पर देश-प्रदेश की प्रगति एवं खुशहाली की कामना करता हूं।इसके अलावा राजस्थान के राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष सहित कई प्रमुख पार्टियों के नेता प्रयागराज में जाकर महाकुम्भ में स्नान कर चुके हैं। महाकुम्भ में इस बार काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। राजस्थान से भी श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है।

### यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे आईपीएस डी महेश कुमार निलंबित

**चेन्नई** : तमिलनाडु शासन ने यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे वरिष्ठ आईपीएस ऑफिसर व चेन्नई में नियुक्त संयुक्त पुलिस आयुक्त डी महेश कुमार को निलंबित कर दिया है। सरकार ने यह फैसला इस मामले में गठित आंतरिक शिकायत समिति (इंटरनल कंप्लेंट कमेटी) की प्रारंभिक जांच के बाद आया है।संयुक्त पुलिस आयुक्त महेश कुमार के खिलाफ दो महिला पुलिसकर्मियों ने डीजीपी से यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराईथी। इन आरोपों की जांच के लिए डीजीपी सीमा अग्रवाल की अध्यक्षता में एक विशाखा समिति का गठन किया गया। समिति गहन और निष्पक्ष जांच कर रही है।

### राज्यपाल से वित्त मंत्री मंत्री राधाकृष्ण ने की मुलाकात

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरुवार को राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल से उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय मेदनीनगर (पलामू) के गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण नहीं होने के संदर्भ में अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन के निम्न स्तर का होने, निर्माण स्थल पर पेयजल के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने तथा दरवाजा-खिड़की नहीं होने का उल्लेख किया। कई कमियों के बावजूद उक्त भवन, विश्वविद्यालय की ओर से स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के निर्मित भवन की गुणवत्तापूर्ण जांच के लिए राज्यपाल से आग्रह किया।राज्यपाल ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित की है।

### प्रयागराज से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या जा रही मिनी बस ट्रेलर से टकराई, दो की मौत, 12 घायल

**जौनपुर** : बक्सा थाना क्षेत्र के वाराणसी सुल्तानपुर हाईवे पर कुल्हनामउ गांव हाईवे के पास बुधवार रात्रि करीब 2 बजे श्रद्धालुओं से भरी बस प्रयाग राज कुंभ से स्नान कर अयोध्या धाम दर्शन करने जा रही थी। इसी बीच उक्त स्थान पर आगे चल रही ट्रेलर के पीछे से टकरा गई। जिससे मौके पर बस चालक व खलासी की मौत हो गई। जबकि दस श्रद्धालु घायल हैं। बस में सवार सभी श्रद्धालु पंजाब के निवासी बताए जा रहे हैं। दुर्घटना होते ही बस में बैठे लोगों में की चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुन आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्य प्रदीप कुमार सिंह ने सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को सूचना दिया। घटना के थोड़ी देर बाद इंस्पेक्टर लाइन बाजार मौके पर पहुंच गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को बस से बाहर निकाला और जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा। जबकि दो मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है।

### अंग्रेजी शराब दुकान में दिनदहाड़े एक लाख की लूट

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गुरुवार को शाम करीब 6 बजे मनिका स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में तीन अज्ञात लुटेरे बाइक पर सवार होकर पहुंचे। उन्होंने दुकानदार विक्रम कुमार के सिर पर हथियार तान दिया और पूरी दिन की बिक्री लूट ली। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, और ग्रामीण डरे-सहमे हुए हैं।गौरतलब है कि पिछले एक साल में मनिका की अंग्रेजी शराब दुकान पर अज्ञात अपराधियों द्वारा दो बार गोलीबारी की घटनाएं भी हो चुकी हैं। घटना की सूचना मिलते ही मनिका पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात लुटेरों की तलाश में जुट गई है। मणिका के थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि एक लाख की लूट हुई है।

### रांची का तापमान

अधिकतम 24°
न्युनतम 13°



## वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट को लेकर लोकसभा व राज्यसभा में हुआ जमकर हंगामा

# सदन में पेश हुआ नया इनकम टैक्स बिल

एजेंसी

**नई दिल्ली** : संसद में बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट को लेकर जमकर हंगामा हुआ। वक्फ संसोधन बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट पहले राज्यसभा फिर लोकसभा में पेश की गई। राज्यसभा में बीजेपी सांसद मेधा कुलकर्णी ने यह रिपोर्ट पेश की। हालांकि, इसके बाद ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इससे सदन की कार्यवाही रोकनी पड़ी। इधर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया और अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को प्रस्तुत करने के दौरान इसका विरोध किया, लेकिन सदन ने इसे प्रस्तुत करने के लिए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया।विधेयक को पेश करते हुए सीतारमण ने बिरला से आग्रह किया कि वे मसौदा कानून को सदन की प्रवर समिति को भेजें, जो अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने अध्यक्ष से प्रस्तावित पैनल की संरचना और नियमों पर निर्णय लेने का आग्रह किया।

**किरेन रिजिजू ने विपक्ष का दावा किया खंडन:** राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैंने विपक्ष द्वारा उठाई गई चिंताओं की जांच की है। रिपोर्ट से कोई भी बात हटाई नहीं गई है। किस आधार पर ऐसा मुद्दा उठाया जा सकता है? विपक्ष के सदस्य अनावश्यक मुद्दा बना रहे हैं, जिसमें तथ्य नहीं है। आरोप झूठे हैं। जेपीसी ने नियमों के अनुसार पूरी कार्यवाही की गई। जेपीसी के सभी विपक्षी सदस्यों ने पिछले 6 महीनों में सभी कार्यवाही में भाग लिया। रिपोर्ट के परिशिष्ट में सभी असहमति नोट संलग्न हैं। विपक्ष सदन को गुमराह नहीं कर सकता। किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट से कोई डिसेंट नोट नहीं हटाया गया है।

### नया इनकम टैक्स बिल क्यों बना ?

नए इनकम टैक्स बिल का मकसद कानून को सरल और स्पष्ट बनाना है। इस नए बिल से लगभग 3 लाख शब्द कम किए गए हैं। इससे कानून अधिक सुगम और समझने में आसान होगा। साथ ही, बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने और टैक्स सिस्टम को पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।नए इनकम टैक्स बिल को पहले आयकर कानून 1961 की जगह पेश किया गया है। पुराने कानू में कुल 880 पन्नों थे। नए कानून में 622 पन्ने रखे गए हैं। इसमें ज्यादातर सबसेक्शन खत्म कर दिए गए हैं। नए कानून को इनकम टैक्स एक्ट, 2025 कहा जाएगा। पुराने और गैरजरूरी प्रावधान हटा दिए गए हैं। इससे कानून अधिक प्रासंगिक हो गया है। मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। इसे आम नागरिकों के समझने लायक बनाया गया है।अब असेसमेंट ईयर की जगह टैक्स ईयर। होगा। टैक्स ईयर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा वित्त वर्ष की तरह। अगर कोई व्यवसाय बीच में शुरू होता है, तो उसका टैक्स ईयर उसी वित्त वर्ष में खत्म होगा।सरकार नए टैक्स रिजीम को बढ़ावा दे रही है, लेकिन ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहले ही कह चुकी हैं कि अभी सरकार का पुरानी टैक्स व्यवस्था को खत्म करने का कोई इरादा नहीं है। सरकार नए इनकम टैक्स बिल के तहत लंबित टैक्स असेसमेंट को खत्म नहीं करेगी। उनका निपटारा पुरानी व्यवस्था के हिसाब से ही किया जाएगा।




### जेपी नड्डा ने खरगे पर किया पलटवार

विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि जेपीसी में विपक्ष के सुझावों को डिलीट नहीं किया गया है। विपक्ष का मकसद सदन में चर्चा करना नहीं बल्कि अपने वोट बैंक के लिए नंबर बढ़ाना था। नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा है।

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने बोला सरकार पर हमला

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जेपीसी में हमारे विचारों को दबाना सही नहीं है। यह लोकतंत्र विरोधी है। असहमति रिपोर्ट को हटाने के बाद पेश की गई किसी भी रिपोर्ट की मैं निंदा करता हूं। हम ऐसी फर्जी रिपोर्ट कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अगर रिपोर्ट में असहमति के विचार नहीं हैं, तो उसे वापस भेजकर दोबारा पेश किया जाना चाहिए।वहीं, जेपीसी के सदस्य और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में कहा कि वक्फ बोर्ड पर जेपीसी में शामिल विपक्ष के विचारों को हटा दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने विपक्ष के सुझाव को कूड़ेदान में फेंक दिया गया है।

# बम मार कर शिक्षक की दिनदहाड़े हत्या



एजेंसी

**मधुपुर (देवघर)** : गुरुवार को मधुपुर थाना क्षेत्र के महुआडाबर मध्य विद्यालय में अपराधियों ने विद्यालय के प्रधान अध्यापक संजय दास को बम से मारकर हत्या कर दी। बम के हमले से 52 वर्षीय संजय दास की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। यह घटना उस वक्त हुई,जब संजय दास अपने विद्यालय से बायोमेट्रिक्स कराकर लौट रहे थे। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि संजय दास जब विद्यालय में हाजिरी लगाने के बाद अपने स्कूटी से किसी कार्य के लिए विद्यालय से निकले वहीं घात लगाए अपराधी ने विद्यालय के 100 गज की दूरी पिपरा सोल मुख सड़क पर बम से हमला कर दिया। पहले बम उनके स्कूटी में मारे और दूसरा बम सीधे उसके सिर पर मारा। घटना स्थल पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। कुछ ही सेकंड में लोगों की भीड़ जमा होने लगी। वही घटना की सूचना मिलते ही पूरा शहर सहम गया। फूलों की शहर मधुपुर को कहे जाने वाली इस शहर में पहली बार दिन दिनदहाड़े करीब 9 बजे अपराधियों ने खुले आम घटना को अंजाम देकर निकल गए। यह घटना ऐसी घटी कि लोग समझ ना पाए। घटना की सूचना मिलते ही सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, मंत्री हफीजुल हसन के छोटे भाई शब्बीर अंसारी, कांग्रेस नेता पूर्व नपा अध्यक्ष फैयाज कैसर, पूर्व नपा उपाध्यक्ष जियाउल हक टार्जन,भाजपा नेता संजय यादव समेत सैकड़ो की संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए! और इस दुखद समाचार से अपना दुख का इजहार करते हुए अभिलंब अपराधियों को पकड़ने की मांग की। जिसने इस घिनौने घटना को अंजाम दिया। वही घटना की सूचना मिलते ही मधुपुर एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, मधुपुर अंचल अधिकारी जामुन रविदास, इंस्पेक्टर इंचार्ज त्रिलोचन तामसय घटना की तहकीकात में जुट गए। एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने कहा की जो भी इस घटना को अंजाम दिए हैं ऐसे अपराधियों को जल्द ही पुलिस की सलाखों में घिसीत कर लाया जाएगा।

**फूलों की शहर मधुपुर को कहे जाने वाली इस शहर में पहली बार दिन दिनदहाड़े करीब 9 बजे अपराधियों ने खुले आम घटना को अंजाम देकर निकल गए। यह घटना ऐसी घटी कि लोग समझ ना पाए।**

## पोस्ट मास्टर को सीबीआई ने रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : बीसीसीएल टाउनशिप में एक बड़ी कार्रवाई में सीबीआई की टीम ने कोयला नगर पोस्ट ऑफिस के पोस्टमास्टर प्रभात रंजन को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी गुरुवार को हुई है। जांच में पता चला है कि प्रभात रंजन ट्रांसफर पोस्टिंग में एक बड़ा खिलाड़ी है, और उसकी पहुंच हेड पोस्ट ऑफिस से लेकर सर्किल तक है। वह बीएमएस का सर्किल सेक्रेटरी भी हैं। ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल सदियों से चल रहा है। प्रशासनिक विभाग से लेकर हर विभाग में मोटी रकम लेकर अधिकारी को ट्रांसफर किए जाते हैं।सूत्रो की माने तो लगभग 30 हजार रूपये रिश्वत ट्रांसफर को लेकर मांग की थी, जिसकी जानकारी सीबीआई की टीम को मिली।

उसके बाद टीम ने 30 हजार रूपये रंगे हाथ लेते हुए उसे गिरफ्तार किया। डाक विभाग में इसी प्रकार का गंदा खेल खेलते वह छोटे ओहदे से पोस्ट मास्टर तक के पद तक पहुंच गया। वैसे प्रभात रंजन से सीबीआई गहन पूछ ताछ कर रही है। उम्मीद है कि पूछताछ के बाद विभाग में उसकी गड़बड़ी की कई और पटाक्षेप हो सकता है।

ज्ञात हो कि प्रभात रंजन के पकड़े जाने के बाद विभाग के कई उच्च अधिकारियों में भी बौखलाहट है। अर्थात प्रभात रंजन की निशानदेही पर कई अन्य पर भी गाज गिर सकती है।

## दलाई लामा और संबित पात्रा को मिला जेड श्रेणी की सुरक्षा



एजेंसी

**नई दिल्ली** : बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को अब जेड श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा मिलेगी। गृह मंत्रालय ने खुफिया विभाग की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया है। लगभग 30 सीआरपीएफ कमांडो की एक टीम दलाई लामा को सुरक्षा प्रदान करेगी। इसके अलावा पुरी से सांसद संबित पात्रा को भी मणिपुर में जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। पात्रा मणिपुर में भाजपा के प्रभारी हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की वीआईपी सुरक्षा शाखा को 89 वर्षीय नेता दलाई लामा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है। दलाई लामा को देश के सभी हिस्सों में सीआरपीएफ कमांडो के जेड-श्रेणी सुरक्षा कवर द्वारा सुरक्षित किया जाएगा। अभी तक दलाई लामा के पास हिमाचल प्रदेश पुलिस का एक छोटा सा सुरक्षा कवर था। जब वह दिल्ली या किसी अन्य स्थान की यात्रा करते थे तो स्थानीय पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाती थी। सरकार ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की समीक्षा के बाद उन्हें एक समान सुरक्षा कवर प्रदान किया है। सन 1935 में ल्हामो थोंडुप के रूप में जन्मे दलाई लामा को दो साल की उम्र से ही अपने पूर्ववर्ती तिब्बती धर्मगुरु का पुनर्जन्म माना गया है। उन्हें सन् 1940 में तिब्बत की राजधानी ल्हासा में 14वें दलाई लामा के रूप में तिब्बती धर्मगुरु की मान्यता दी गई थी। सन् 1950 में चीन ने तिब्बत पर हमला किया। दलाई लामा सन् 1959 में चीन के खिलाफ एक विद्रोह के असफल होने के बाद भारत आ गए थे। तब से वे हिमाचल प्रदेश के शहर धर्मशाला में निर्वासन में रह रहे हैं। सन् 1989 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## नाबार्ड के सहयोग से चल रही योजनाओं को गति दें : मुख्य सचिव




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने राज्य में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से चल रहीं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के ससमय पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का फायदा मिलेगा। उन्होंने बहुत धीमी गति वाली योजनाओं के कार्य में प्रगति लाने और जो समय पर पूरी हो सकती हैं, उन योजनाओं पर फोकस करने पर बल दिया। मुख्य सचिव गुरुवार को रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य से जुड़ी योजनाओं की हाई पावर कमिटी की बैठक में समीक्षा कर रही थीं। इस दौरान योजनाओं के विरुद्ध स्वीकृत ऋण निकासी के बाद बचे पैसे (गैप) पर भी गहन मंथन किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित योजनाओं पर चर्चा की गयी। समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न विभागों की वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 2921.79 करोड़ की 500 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 1839.39 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हैं या प्रक्रियाधीन हैं। उसमें से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पेयजल से जुड़ी 1137.53 करोड़ की 18 योजनाओं के लिए 976.96 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो चुका है। जल संसाधन विभाग के 365.30 करोड़ के पलामू लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 308 करोड़ और 511.36 करोड़ के पीरटांड़ मेगालिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 461.53 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत है।

## महाकुंभ : आज से चार दिनों में बनेंगे चार विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी



**प्रयागराज** : माघी पूर्णिमा स्नान के साथ अब विश्व रिकॉर्ड बनाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी यहां पहुंच चुकी है। मेला प्रशासन भी इसके लिए कमर कसकर तैयार है। विश्व की अमूर्त धरोहर महाकुंभ में अभी तक 48 करोड़ से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा समागम पहले ही बन चुका है। मेला प्रशासन ने अब पहले से घोषित चार विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना पर अमल शुरू कर दिया है। आज शुक्रवार से इसकी शुरुआत होगी। पहले दिन 14 फरवरी को संगम क्षेत्र में 15 हजार सफाई कर्मचारी एक साथ गंगा तट पर 10 किमी लंबाई में सफाई करेंगे। कुंभ-2019 में 10 हजार सफाई कर्मचारियों ने एक साथ झाड़ू लगाकर रिकॉर्ड बनाया था। अपने ही इस रिकॉर्ड को तोड़कर मील का नया पत्थर गढ़ा जाना है। इसके अगले दिन 15 फरवरी को 300 कर्मचारी नदी में उतरकर सफाई अभियान को रफ्तार देंगे। रिकॉर्ड की श्रृंखला में ही 16 फरवरी को त्रिवेणी मार्ग पर 1000 ई-रिक्शा चलाने का रिकॉर्ड भी बनेगा। 17 फरवरी को 10 हजार लोगों के हाथ के छापे (हैंड प्रिंट) लेने का रिकॉर्ड भी बनाया जाएगा। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि चारों रिकॉर्ड बनाने की सभी तैयारियां कर ली गई हैं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी पहुंच चुकी है।

## मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन

एजेंसी

**इंफालः** मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी 2025 को इस्तीफा दिया था, जिसके बाद राज्यपाल अजय भल्ला ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश की। बता दें कि मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा के चलते बीरेन सिंह की लगातार आलोचना हो रही थी। जिसके बाद उन्होंने पिछले सप्ताह अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना में बताया गया है कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। अधिसूचना में कहा गया है, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मणिपुर राज्य के राज्यपाल से एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है। रिपोर्ट तथा मुझे प्राप्त अन्य जानकारी पर विचार करने के बाद मैं इस बात से संतुष्ट हूं कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसमें उस राज्य की सरकार भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुसार नहीं चलाई जा सकती है।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
हर प्रकार के कैंसर का इलाज अब धनबाद में
Comprehensive Cancer care Hospital
Scope Of Services
Medical Oncology
Surgical Oncology
Radiation Oncology
PET SCAN
Mammography
Onco. & Histo. Pathology
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज में गैस रिसाव दुर्घटना को लेकर मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल डिविजन परिसर में गुरुवार को एनडीआरएफ की नौवीं बटालियन के द्वारा गैस रिसाव की दुर्घटना से निपटने को लेकर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया.इस मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ टीम के अलावा, ग्रासिम के सुरक्षा व दमकलकर्मी, जिला प्रशासन, रेहला पुलिस, अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य सेवा के अधिकारियों भी शामिल हुये.मॉक ड्रिल के दौरान गैस रिसाव होने पर लोगों को कैसे सुरक्षित निकाला जाए,कैसे फर्स्ट एड मुहैया कराया जाए,कंपनी में फंसे लोगों को कैसे सुरक्षित स्थान पर सुरक्षित इकट्ठा किया जाए,कैसे गैस रिसाव को सील किया जाए सहित कई बिंदुओं पर अभ्यास किया गया. इस दौरान



एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों के द्वारा प्लांट से पीड़ित लोगों को सुरक्षित निकालने, अस्पताल पूर्व चिकित्सा मुहैया करने व गैस रिसाव को रोकने का ऑनसाइट अभ्यास किया गया. नौवीं बटालियन की तरफ से टीम का नेतृत्व डिप्टी कमांडेंट रंजीत कुमार, इंस्पेक्टर व सूरज कुमार ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव, अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार, बिश्रामपुर स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार, रेहला थाना प्रभारी दीप नारायण, ग्रासिम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी, टेक्निकल हेड हरदीप कोहली, सेफ्टी अधिकारी देश दीपक, लाइजन ऑफिसर नितेश कुमार पांडेय, विपिन दीक्षित सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पिपरा में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों जगहों पर संत शिरोमणि रविदास जी का 648वा जन्म जयंती धूमधाम से मनाया गया. ग्राम पिपरा मे आयोजित हो रहे जयंती कार्यक्रम का अध्यक्षता अरमोद राम एवं संचालन रवि रोशन ने किया. जयंती में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव ने संत रविदास के बताए हुए रास्ते पर लोगों से चलने का अनुरोध किया. वही इस कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय प्रोफेसर रामजी राम सुखदेव राम त्रिभुवन राम अरुण मिश्रा अर्जुन ठाकुर कपिल देव राम ने लोगों को संबोधित किया. सभी लोगों ने नौजवानों को नशा से दूर रहने का सलाह दिया साथ ही कहा कि शिक्षा के बिना जीवन को नहीं बदला जा सकता है सभी बच्चे पढ़ाई लिखाई पर ध्यान दें. महापुरुषों के जीवन से हम लोगों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है. हम सभी लोगों को संत रविदास के बताए हुए मार्गों पर चलना चाहिए. इस मौके पर रोशन कुमार मुकेश कुमार अनेश राम पप्पू यादव धीरज कुमार सूर्यकांत कुमार भोला कुमार अंकित कुमार किरण राम गोल्डन कुमार के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन के टक्कर से एक की मौत, दो घायल रेफर



**हुसैनाबाद/ पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र पंचायत दरूवा बेनी गांव नोनिया बीघा स्थाई निवासी ललन कुमार चौहान पुत्र के विशाल कुमार उम्र 22 बर्षीय को जपला छतरपुर मुख्य मार्ग खाद्दी भण्डार के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से मौत हो गया जबकि गंभीर रूप से घायल जपला निवासी रोहित कुमार प्राची कुमारी को बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर किया गया वहीं मृतक नोनिया बीघा निवासी विशाल चौहान जो टेंट हाउस में काम कर वापस घर जा रहा था, हुसैनाबाद थाना पुलिस पहुचकर घटना की छानबीन में जुटी।

## बिजली विभाग की छापामारी में 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एडीजीपी विजिलेंस एंड सोसायटी के निर्देश पर अवर विद्युत प्रमंडल जपला के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में 8 लोगों को बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना लगाया गया उसमें, रविकांत चौधरी पर 12000, गरीबन राम पर 50000, नारायण सिंह पर 10000, राजेंद्र मेहता पर 20000, राकेश पाल पर 12000, मनोज यादव पर 10000, बृजदेव मेहता पर 12000 का जुर्माना लगाया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी दर्ज करा दिया है। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने बताया कि छापामारी दल में उनके अलावा मानव दिवस कर्मी ओबैद अहमद, राजकुमार यादव एवं संतोष कुमार सिंह शामिल थे।

# प्रखंड प्रमुख ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने अनुमडंलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीजों को मिल रही आवश्यक सुविधाएं की जानकारी लेते हुए उन्होंने मैटरनिटी वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, कुपोषण उपचार केंद्र का विजिट कर कई दिशा-निर्देश दिए। साथ ही भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराए।उन्होंने कहा कि अस्पताल आए मरीजों को किसी प्रकार का दिक्कत का सामना करना न पड़े, यह सुनिश्चित करें। अस्तपाल के साफ सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए, इसे अनवरत बनाये रखने की बात कही।

# युवा पीढ़ी को संत शिरोमणि रविदास के जीवन से प्रेरणा लेनी की जरूरत : सुधीर चंद्रवंशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** संत रविदास जयंती पर लकड़ही व फुलिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी ने फीता काट कर किया.श्री चंद्रवंशी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास का जीवन प्रेरणादायी है.उन्होंने सामाजिक समरसता को बरकरार रखने हेतु जात पात में बंटे समाज को एकजुट करने का प्रयास किया. आज के युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि संत व महापुरुष किसी जाती विशेष के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज व राष्ट्र के होते हैं.उन्हें किसी एक जाती में बांधकर रखना उनके विराट व्यक्तित्व के साथ



अन्याय होगा. श्री चंद्रवंशी ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके इस वक्तव्य को कोट किया कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो जितना पियेगा वह उतना ही ताकतवर होगा. इससे पहले सुधीर चंद्रवंशी ने विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई जगहों पर आयोजित संत शिरोमणि रविदास जयंती में शामिल होकर पूजा अर्चना किया. मौके पर विवेक कुमार शुक्ला, रामप्रवेश सिंह, बबन बैठा, मनोज कुमार, सुरेन्द्र यादव, अम्बेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष कुणाल रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

## केतात पंचायत सचिवालय जाने के लिये पहुंच पथ नहीं, हो रही परेशानी



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के केतात कला पंचायत सचिवालय में जाने के लिये कोई पहुंच पथ नहीं है.जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है. गौरतलब है कि केतात कला का पंचायत सचिवालय एनएच 75 किनारे अवस्थित है.मुख्य पथ से सचिवालय की दूरी मात्र 50 फीट है. इसी 50 फीट दूर को तय करने के लिये कोई पहुंच पथ नहीं है. जिसके चलते पंचायत कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण को पगडंडी के सहारे पंचायत सचिवालय जाना पड़ता है. बरसात के दिनों में तो पंचायत सचिवालय जाना नामुमकिन सा हो जाता है.वार्ड सदस्य अरविंद चौबे ने बताया कि रास्ता निर्माण के लिये सरकारी जमीन उपलब्ध है.लेकिन कुछ लोगों द्वारा उसका अतिक्रमण कर लिया गया है.जिसके मापी के लिये अंचल कार्यालय को आवेदन भी दिया गया है.लेकिन मापी का तिथि निर्धारित नहीं किया जा रहा है. अंचल कार्यालय द्वारा टालमटोल का नीति अपनाया जा रहा है. बीडीओ भी इस मामले में संज्ञान नहीं ले रहे हैं. श्री चौबे ने बीडीओ व सीओ से इस मामले का निपटारा कराते हुये पहुंच पथ बनवाने की मांग की है।

# शतचंडी महायज्ञ हुआ प्रारंभ, निकाला गया भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** श्री शतचंडी महायज्ञ गुरुवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। उक्त कलश यात्रा मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ मंदिर केतार के प्रांगण से प्रारंभ होकर पंडा नदी के संगम तट से जल लेकर उक्त मंदिर तक समापन किया गया। गौरतलब हो कि शतचंडी महायज्ञ 13 फरवरी से शुरू होकर 21 फरवरी को संपन्न होगा। इसी दौरान यज्ञ समिति के द्वारा 20 फरवरी को 11 ग़रीब बेटियों की सामूहिक विवाह भी कराई जाएगी। जिसके लिए लगभग सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। महंत रामेश्वर दास महाराज जी के तत्वाधान में यज्ञ समिति द्वारा विशाल श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचिका देवी प्रतिभा जी के द्वारा 14 फरवरी शुक्रवार से 20 फरवरी तक भागवत कथा सुनाई जाएगी। कलश यात्रा के अवसर पर पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, झामुमो के अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, मुखिया प्रमोद कुमार, भाजपा नेता पंकज सिंह, राजू रंजन तिवारी, हेमंत पाठक, कुंडल सिंह बिंदु राम, त्रिपुरारी सिंह, प्रमोद शुक्ला सहित अन्य लोग शामिल थे।

# आपदा से निपटने के लिये किया गया मॉक ड्रिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ 9वीं वाहिनी, पटना बिहार के संयुक्त तत्वावधान में रेहला स्थित ग्रासीम इंडस्ट्रीज में केमिकल, बॉयलोजिकल, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर/केमिकल डिजास्टर (रसायनिक आपदा) पर मॉक ड्रिल किया गया। आपदा पूर्व जागरूकता एवं तैयारी को लेकर किए गए मॉक ड्रिल ग्रासीम इंडस्ट्रीज में क्लोरिन गैस के रिसाव उपरांत वहां कार्यरत कर्मचारियों एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभिक रूप से बचाव एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने में तत्परता बरतते हुए सुरक्षित बचाने का प्रदर्शन किया गया। वहीं एनडीआरएफ टीम के विशेषज्ञों द्वारा गैस रिसाव को बंद करते हुए सिल किया गया तथा गैस से प्रभावित लोगों को प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से इंडस्ट्रीज में कार्यरत कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार करना एवं उनके बीच की प्रतिक्रिया का आकलन किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति



में कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर रहने, सुरक्षित निकलने, आपातकालीन स्थिति में प्रभावित कर्मचारियों को सुरक्षित निकालने, कर्मचारियों में घबराहट की स्थिति नहीं आये और फैक्ट्री की संपत्ति की क्षति भी कम-से-कम हो आदि के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में अग्निशामक यंत्रों का सही इस्तेमाल आदि के बारे में जानकारी दी गयी। मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट रंजीत कुमार, विश्रामपुर के अंचल पदाधिकारी राकेश तिवारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव, जिला अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार, एनडीआरएफ के एसआई सूरज कुमार के अलावा रेहला थाना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर की टीम एवं ग्रासीम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी एवं उनकी पूरी टीम व इंडस्ट्रीज के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीबीएसई परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा घोषित

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्रीय माध्यमिक षिक्षा बोर्ड परीक्षा-2025 का संचालन पलामू अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 15 फरवरी से 4 अप्रैल 2025 तक होगी। इन तिथियों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से 01:30 बजे तक संचालित होगी। पलामू जिले के सदर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चार परीक्षा केन्द्र यथा एम0के0 डी0ए0भी0 पब्लिक स्कूल, चियांकी, रोटरी स्कूल, चैनपुर, आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल, बीसीसीएल रेहला, एवं हेरिटेज इंटरनेषनल पब्लिक स्कूल चियांकी में बनाया गया है। परीक्षा केन्द्रों पर काफी संख्या में भीड़ की संभावना को देखते हुए विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सदर अनुमंडल दंडाधिकारी सुलोचना मीणा ने अपने अधिकारिता क्षेत्र अंतर्गत उक्त सभी परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा घोषित की हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए उक्त परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान बी0एन0एस0एस के अंतर्गत निषेधाज्ञा घोषित की गई है। यह निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। अनुमंडल दंडाधिकारी ने सभी आरक्षी पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों को निषेधाज्ञा के आदेश का पालन सख्ती से कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया है।इसके तहत परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार लाठी (बुढ़ा एवं अपंग) को छोड़कर भाला, गड़ासा, छूरा, अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ मजमा बनाकर नहीं चलेंगे। यह दाह-संस्कार, धार्मिक एवं शादी-विवाह के जुलूस पर लागू नहीं होगा।परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी संस्था/व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित होगा।परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/वीक्षक/परीक्षार्थी/पुलिस बल को छोड़कर कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में नहीं जायेगा। साथ ही निर्धारित परिधि में कोई भी व्यक्ति मटरगश्ती नहीं करेगा या चिट-पूजा, प्रश्नपत्र वितरित नहीं करेगा।

# माघ पूर्णिमा पर बाबा बंशीधर मंदिर में कराया गया ऐतिहासिक भव्य भंडारा, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर विश्वविख्यात श्री राधा कृष्ण बंशीधर मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में राधा-कृष्ण प्रतिमा का दर्शन व पूजा अर्चना किया और भव्य भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। जयकारो से मंदिर परिसर गूंज रहा था। श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से माघ पूर्णिमा पर आयोजित महाभण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। महा भंडारे में स्वादिष्ट पूड़ी सब्जी व बुन्दिया का वितरण किया गया।जिसमें स्थानीय समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। माघ पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। प्रशासन व मंदिर समिति के लोगों ने व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाला।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि माघ पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा करने से जीवन में सुख, शान्ति और समृद्धि आती है। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान से पूजन कर परिवार की खुशहाली और कष्टों का निवारण की प्रार्थना किया। इधर माघ पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में कथा भी सुना। वही मंदिर के पुजारियों के द्वारा सत्पनारायण भगवान के कथा श्रवण कराया गया। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र प्रसाद कमलापुरी, मनदीप प्रसाद। कमलापुरी, हजारी प्रसाद, मनीष जायसवाल, सुरेश विश्वकर्मा, रजनीश प्रताप देव, वीरेंद्र प्रताप देव, सुरेंद्र प्रताप देव, राजन सिंह, कामेश्वर प्रसाद, काजल जयसवाल, निशा कुमारी, माया कुमारी, रिया कुमारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## लावण्या प्रकाश जे.ई.ई. मेन्स की परीक्षा में बनी झारखंड गर्ल्स टॉपर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त +2 मिलिनियम पब्लिक स्कूल 12 वीं की छात्रा लावण्या प्रकाश जे.ई.ई. मेन्स की परीक्षा में 99.73त्न नंबर प्राप्त कर झारखंड गर्ल्स टॉपर बनी. इससे विद्यालय परिवार में उल्लास का माहौल है. विद्यालय निदेशक मो मुमताज राही एवं चेयरपर्सन नूरजहाँ बेगम ने लावण्या प्रकाश के उज्वल भविष्य की कामना करते हुये लावण्या की भूरी भूरी प्रशंसा की. ज्ञात हो इस विद्यालय की पूर्ववर्ती छात्राएं भी बैंकिंग, जेई ई; नीट; आईआईटी, रेलवे तथा निफ्ट की परीक्षा में अग्रणी स्थान प्राप्त की है. राज्य तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर सुशोभित हैं तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे अच्छे विश्व विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. निदेशक मुमताज राही ने कहा की विद्यालय हमेशा से आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक कार्य में विशेष भूमिका निभाते हुये अच्छी



शिक्षा प्रदान कर रहा है, ताकि आने वाली हमारी पीढ़ी आत्म निर्भर हो. विकसित देशों के साथ- साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश को आगे बढ़ाये. यह विद्यालय आर्टस, साइंस कॉमर्स तीनों संकायों में आधुनिक प्रायोगिक शिक्षा प्रदान करती है. विद्यालय आईआईटी. जेईई. नीट, बैंकिंग रेलवे तथा निफ्ट जैसे परीक्षाओं में छात्र छात्राओं को परिपूर्ण कर सफल बनाते आ रहा है. विगत कई वर्षों से यह विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में अपना परचम राज्य तया राष्ट्रीय स्तर पर लहरा रहा है.गढ़वा जिला के गोल्डेन ब्याय कहा जाने वाला आमिर रेयाज इस विद्यालय से चलकर भारतीय टीम में शामिल हो चुके है,जो अपने देश के लिये समर्पित है. अनुभवी शिक्षकों के साथ यह विद्यालय अनवरत अग्रसर है. विद्यालय का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कार के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे सफलता प्राप्त करें. विशेष रूप से साइंस के क्षेत्र में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायो के लिए सुसज्जित आधुनिक क्षेत्र के साथ विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल के लिए आतुर है.इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मो मुमताज राही तथा चेयरपर्सन नुरजहाँ बेगम ने लावण्या प्रकाश को इस सफलता पर बधाई दिये. इस अवसर पर नागेन्द्र प्रसाद सिंह, धीरेश कुमार, जयप्रकाश ठाकुर, रोहीत राय, कीर्ति पूर्णिमा,रीमा तिवारी,अभिजीत कुमार गुप्ता किरण कुमारी, प्रवेश राय, निकीता राय, सुरक्षा, नेहा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित थे.

## नई दिल्ली संसद भवन में आगामी बजट सत्र को लेकर कांग्रेस सांसदों की हुई अहम बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नई दिल्ली के संसद भवन में कांग्रेस सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक नेता प्रतिपक्ष आदरणीय राहुल गांधी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में संसद सत्र से जुड़े अहम मुद्दों के साथ सांसदों के द्वारा किए गए कार्यो एवं आगामी होने वाले बजट सत्र जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस बैठक लोकसभा में कांग्रेस सांसद के उप नेता गौरव गोगई, संगठन महासचिव सह सांसद के सी वेणुगोपाल,सांसद प्रियंका गांधी, लोहरदगा सांसद माननीय सुखदेव भगत सहित अनेक सांसद उपस्थित थे। इससे पूर्व संसद भवन के अहम बैठक में शामिल होने के लिए सांसद प्रियंका गांधी के साथ लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत संसद पहुंचे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

### संक्षिप्त खबरें

## शब ए बरात की सरकारी छुट्टी आज

**रांची।** शब ए बरात पर्व क़ लेकर झारखंड सरकार ने एक दिन की छुट्टी की घोषणा कर दी है। अपने पत्र में संख्या ङ्क 10 / सा0 अव0-03-02 / 2024 का0 :780 / कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या :6776 : 14.10.2024 द्वारा वर्ष 2025 में विभिन्न पर्व / अवसरों पर झारखण्ड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय के लिए अवकाश घोषित किया गया है। उक्त अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए शब-ए-बारात के अवसर पर ङ्क 14.02.2025 (शुक्रवार) को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया जाता है । कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या-6776 दिनांक ङ्क 14.10.2024 को इस हद तक संशोधित समझा जाय ।

## जेसीआई ने किया हरिओम टावर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**रांची।** जेसीआई राँची ने लालपुर स्थित हरिओम टावर में रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुवार को किया। इस शिविर को नागरमल मोदी सेवा सदन के सहयोग से पूरा किया गया। शिविर में 40 से अधिक लोगो ने हिस्सा लिया जिसमे महिला छात्राएं भी शामिल थी। 25 यूनिट रक्त का कुल संग्रह किया गया। अध्यक्ष प्रतीक जैन ने साल के पहले रक्तदान शिविर की शुरुआत की। संस्था के अन्य सदस्यों और उनके परिचित ने भी रक्तदान दिया। जेसी प्रतीक जैन ने सभी को संदेश दिया की हमे नियमित तौर पर रक्तदान करना चाहिए इससे हमारे शरीर के अंदर का रक्त भी समय समय पर बदलता है और किसी को जरूरत के समय बोहोत काम आता है। इसीलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है।इस शिविर का सफलता पूर्वक संचालन नितिन पोद्दार और साहित्य पवन ने किया और उनका साथ डायरेक्टर ब्लड किशन अग्रवाल, वीपी कम्युनिटी अभिषेक जैन, सेक्रेट्री सनी केडिया ने दिया। संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपना सहयोग दिया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 14 फरवरी को सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। 14 फरवरी को दोपहर 3 बजे से शाम 7:00 बजे तक शहर में छोटे मालवाहक वाहनों का प्रवेश भी वर्जित किया गया है।

**कौन से मार्ग रहेंगे बंद:** 14 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कांके, रातू, दलादली, काठीटांड़ और काठीटांड़ की ओर जाने वाले वाहन शहर के मुख्य मार्ग लालपुर रोड और कांटाटोली होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

14 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक रांची वासियों को एयरपोर्ट रोड, हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, बाइपास रोड, न्यू मार्केट चौक, हॉट लिप्स चौक और राजभवन मोड़ तक सड़कों का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी गई है.

14 फरवरी को कांके रोड, रातू रोड, काठीटांड़ से शहर की ओर आने वाले सभी वाहन कांके रिंग रोड, लालपुर चौक और कांटाटोली रोड होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे.

15 फरवरी को सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक शहर में सभी प्रकार के बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी. इसके साथ ही 15 फरवरी को पलामू, गढ़वा, लातेहार और गुमला से आने वाले बड़े वाहन रिंग रोड होते हुए अपने गंतव्य तक जा सकेंगे.

इसके अलावा जमशेदपुर से आने वाले सभी बड़े वाहन, जिन्हें पलामू की ओर जाना है, वे रामपुर रिंग रोड से बाएं मुड़कर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे. 15 फरवरी को हजारीबाग से आने वाले बड़े वाहन, जिन्हें पलामू गुमला की ओर जाना है, वे नेवरी रिंग रोड चौक से बाएं मुड़कर रामपुर चौक होते हुए अपने गंतव्य तक जा सकेंगे.

**एयरपोर्ट के लिए विशेष निर्देश:** रांची एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़ने वाले सभी यात्रियों के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष निर्देश जारी किए हैं. निर्देश के अनुसार, जिन्हें 14 फरवरी को फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचना है और जिनका समय शाम 4 से 5:30 बजे के बीच है, वे कोशिश करें कि वे दोपहर 3:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंच जाएं.

जिन्हें 15 फरवरी को हवाई यात्रा करनी है और जिनका समय दोपहर 11:00 से 1:30 बजे के बीच है, उन्हें सुबह 11:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंचने का निर्देश दिया गया है.

**मैट्रिक परीक्षा के लिए भी निर्देश जारी:** झारखंड में अभी मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए 15 तारीख को मैट्रिक और इंटरमीडिएट के प्रथम पाली के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र पहुंचने का समय सुबह 9:30 बजे तक तय किया गया है. वहीं, दूसरी पाली के लिए परीक्षार्थियों को दोपहर 12:00 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

## अपर पुलिस महानिदेशक ने किया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण, झारखण्ड द्वारा ए0 विजयालक्ष्मी पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) की उपस्थिति में पुलिस मुख्यालय सभागार से सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक (रेल जमशेदपुर एवं रेल धनबाद सहित) के साथ विडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार किया गया ह्व-त्नशह्ल कर्मयोगी पोर्टल पर सभी अनुसंधान पदाधिकारियों का निबंधन एवं प्रशिक्षण कराये जाने से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान निम्नलिखित 06 पाठ्यक्रमों को निश्चित रूप से पूर्ण करने हेतु व्यापक रूप से समीक्षा की गयी। समीक्षा से स्पष्ट हुआ कि विगत एक सप्ताह के अन्दर लगभग 3769 अनुसंधानकर्ताओं द्वारा i-Got कर्मयोगी पोर्टल पर निबंधन किया जा चुका है। सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक (रेल जमशेदपुर एवं रेल धनबाद सहित) को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विशेष अभियान चलाकर उपरोक्त पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण तथा i-Got कर्मयोगी पोर्टल पर सभी अनुसंधान पदाधिकारियों का शत प्रतिशत निबंधन निश्चित रूप से एक माह के अन्दर पूरा कर लिया जाए। अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण, झारखण्ड ने बैठक के दौरान सभी पुलिस अधीक्षकों को इस तथ्य से अवगत कराया कि i-Got कर्मयोगी Portal से संबंधित उपरोक्त कथित बिन्दुओं पर की गई कार्रवाई की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जायेगी।

# झारखंड जनाधिकार महासभा के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री से किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रो. जीन ड्रेज ( अंबिका यादव, प्रवीर पीटर, रिया तूलिका पिंगुआ और अपूर्वा गुप्ता सहित झारखंड जनाधिकार महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस बैठक में महासभा ने झारखंड के सामाजिक, आर्थिक और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया और आगामी राज्य बजट 2025-26 के लिए सुझाव प्रस्तुत किए।महासभा ने राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की दयनीय स्थिति पर चिंता जताते हुए इनके सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।



प्रतिनिधियों ने झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों के भूमि अधिकार सुनिश्चित करने और 2017 के भूमि अधिग्रहण संशोधन को रद्द करने की जरूरत पर बल दिया। साथ ही, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत वृद्धा पेंशन को 2500 प्रति माह करने और पिछले पांच महीनों से रुके पेंशन भुगतान को तत्काल जारी करने का आग्रह किया। 2024 के विधानसभा चुनाव में किए गए '7 गारंटी' वादों को पूरा करने, शिक्षकों की बहाली में तेजी लाने, गर्भवती महिलाओं के लिए 12,000 की सहायता राशि लागू करने और झारखंड में बंद निर्दोष आदिवासियों की रिहाई के लिए उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की गई। महासभा ने सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार को रोकने और ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने पर भी जोर दिया। महासभा की अपील झारखंड जनाधिकार महासभा ने स्पष्ट किया कि राज्य की जनता को उनके अधिकार दिलाने के लिए ये मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने वित्त मंत्री से अनुरोध किया कि आगामी राज्य बजट में इन बिंदुओं पर प्राथमिकता दी जाए और राज्य के वंचित वर्गों के लिए न्यायसंगत नीति बनाई जाए।

# झामुमो जिला संयोजक मंडली ने चलाया सदस्यता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में रांची महानगर अंतर्गत डोरंडा बाजार के समीप शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया।झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे चलाए गए सदस्यता अभियान मे पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य उपस्थित हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल कु0 मेहता, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा एवं पूर्व पार्षद नसीम गद्दी, अफरोज आलम, कलाम आजाद, साहिल हबीब, आदिल इमाम, पुष्पा बरदेवा, सोहेल खान, रमजान रजा, माइकल रुंडा, परवेज आलम, राजेश सिंह, मो परवेज, विजय रविदास, आजाद रजा, अवधेश यादव, निखिल, राकेश, कासिफ रजा, अतिकुर रहमान, फारुख खान, मनीष राणा, भास्कर महतो एवं अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।सदस्यता अभियान को सफल बनाने मे



मुख्य रूप से पूर्व पार्षद नसीम गद्दी और साहिल हबीब का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर सदस्यता लेने वालों मे मुख्य रूप रंजन कु सहाय, डॉ तुलसी साहू, बसंत राम, बी बी सिन्हा, दिलीप सिंह, ओ.पी उपाध्याय, शांति कुजूर, शीला उरांव, इंदु उपाध्याय, दिनेश राम, ऋषभ आनंद, संतोष ठाकुर, विजय ठाकुर एवं डोरंडा फुटपाथ दुकानदार समिति के अध्यक्ष मो इब्राहिम, मुन्ना गोसाई , मोनू सिंह, राजकुमार , विक्की अली, मो सफीक एवं अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली।

## धार्मिक व्यवस्था का जमीन अतिक्रमण करना दुखद : गीताश्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के द्वारा झिटंगी टोली,बजरा मौजा, राँची में सरना स्थापना और झण्डा गड़ी किया गया जो कि पहान और पहानभोरा कि उपस्थित में रिती रिवाज और सरना गीतों से आरंभ किया गया। गीताश्री उरांव ने कहा कि रांची में हो रहे गैर आदिवासियों द्वारा धार्मिक व्यवस्था की जमीन में अतिक्रमण का कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने विरोध जताया और कहा कि हमारी धार्मिक व्यवस्था की जमीन को जो कब्जा करने का प्रयास करेगी उन्हें चिन्हित कर आदिवासी रीति रिवाज से कार्रवाई किया जाएगा सरकार इस तरह की व्यवस्था की जमीन को जल्द से जलधाराबंदी करने का व्यवस्था प्रदान करें। जिससे कि आदिवासी समाज की व्यवस्था की जमीन सुरक्षित हो पाए उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो अखाड़ा व्यवस्था बनाई थी उसे आदिवासी समाज अभी भी जिंदा रखा हुआ है यह 5वीं अनुसूचित है यहां के आदिवासी मलिक हैं। पवन तिर्की और प्रवीण कच्छप ने कहा कि आदिवासी अपना विकास खुद कर सकते हैं और जो हमारी परम्परा और संस्कृतियों से छेड़छाड़ करेगा उसे समाज कभी माफ नहीं करेगा सरकार को इस पर विचार कर आदिवासी की जमीन सुरक्षित करने की गारंटी लें।इस कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर लकड़ा ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव,नाइन तारा उरांव,पवन तिर्की, प्रवीण कच्छप, तेतरी उरांव, संदीप तिर्की, राहुल तिर्की, आकाश तिर्की, राजेश लिंडा, संदीप कच्छप, नवीन तिर्की,रामु उरांव, नीलम उरांव, निरंजन तिर्की, लक्की सिकक्, सिकंदर खलखो उपस्थित रहे।

# कृषि मंत्री सड़क हादसे में बाल बाल बची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बताया जा रहा है कि कृषि मंत्री के काफिले में चल रही 3 गाड़ियां आपस में टकरा गयीं। इस दुर्घटना में मंत्री शिल्पी मिर्ची बाल बाल बच गई । दुर्घटना में प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत 5 लोग घायल हो गये हैं. दुर्घटना गुमला के बसिया प्रखंड में हुई. झारखंड सरकार की कृषि सहकारिता एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बसिया दौरे पर जा रहीं थीं. जोलो



जाने के दौरान मंत्री के काफिले में चल रही तीन गाड़ियां आपस में टकरा गयीं. इस दुर्घटना में बसिया की प्रखंड विकास पदाधिकारी सुप्रिया भगत समेत कुल 5 लोग घायल हो गये. बीडीओ और अन्य कर्मियों को हल्की चोटें आयीं हैं। बसिया की बीडीओ की टाटा सुमो कार में चल रहीं थीं. उनकी कार के आगे एक स्विफ्ट डिजायर कार चल रही थी. स्विफ्ट डिजायर कार क्षतिग्रस्त हो गयी है। हलांकि इस संबंध में बताया गया कि मंत्री और कारकेड की गाड़ी नहीं थी बल्कि स्थानीय नेता जो शामिल थे उनकी गाड़ी थी।

# प्रस्तावित शराब नीति पर अबुआ अधिकार मंच ने दिये अहम सुझाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तावित शराब नीति 2025 को लेकर अबुआ अधिकार मंच के गौतम सिंह ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को विभिन्न जनहितैषी सुझाव प्रेषित किए हैं। गौतम सिंह ने शराब नीति में व्यापक सुधार लाने की मांग करते हुए कहा कि इससे न केवल सामाजिक संतुलन स्थापित होगा, बल्कि अपराध दर में भी कमी आएगी। अबुआ अधिकार मंच ने शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों, अस्पतालों, खेल मैदानों और शहरी आबादी वाले क्षेत्रों से कम से कम 500 मीटर दूर शराब की दुकानों को लाइसेंस देने, ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकान खोलने के लिए ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य करने, शराब की बिक्री के लिए ऑनलाइन लाइसेंस प्रणाली लागू करने ताकि पारदर्शिता बनी रहे, हर दुकान पर अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाना अनिवार्य किए जाने, शराब की बिक्री रात 9 बजे के बाद प्रतिबंधित की जाने जिससे अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके, प्रत्येक शराब दुकान के बाहर नशा मुक्त समाज से जुड़े जागरूकता पोस्टर अनिवार्य रूप से लगाए जाने, शराब विक्रेताओं के लिए सामाजिक जिम्मेदारी प्रशिक्षण अनिवार्य किए जाने ताकि वे नाबालिगों और नशे की लत वाले व्यक्तियों को शराब बेचने से बचाया जा सके। अंतरराज्यीय अवैध शराब व्यापार को रोकने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स (स्ज्ञस्न) का गठन किए जाने, ट्रकों और बड़े वाहनों से शराब परिवहन पर जी.पी.एस. ट्रैकिंग सिस्टम लागू किए जाने, जिम्मेदार शराब उपभोग को बढ़ावा देते हुए शराब पीकर वाहन चलाने पर डॉन्ट ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान को और प्रभावी बनाए जाने, शराब पीने की न्यूनतम आयु सीमा का कड़ाई से पालन कराए जाने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।

## एकलव्य प्रशिक्षण और शिक्षा प्रोत्साहन योजना पर रोक क्यों? भाजपा ने उठाए कड़े सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान झारखंड के उच्च शिक्षा से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया। उन्होंने अक्टूबर 2023 में झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दो अहम टेंडरों–एकलव्य प्रशिक्षण योजना और मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना–की स्थिति पर सवाल खड़े किए।साह ने बताया कि हेमंत सरकार ने वर्ष 2023 में इन दोनों योजनाओं की घोषणा की थी, जिनका उद्देश्य झारखंड के 35,000 छात्रों को लाभ पहुंचाना था। इन योजनाओं के तहत छात्रों के लिए यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक पीओ, मेडिकल, इंजीनियरिंग, एसएससी, होटल मैनेजमेंट, मास कम्युनिकेशन, रेलवे बोर्ड, आदि जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की गई थी। इसके




अलावा, छात्रों को हर महीने 2500 रुपए की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान भी था।अजय साह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दोनों योजनाओं के लिए लगभग 350 करोड़ का बजट डेढ़ साल पहले ही स्वीकृत किया गया था। लेकिन, हैरानी की बात है कि आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि बिना किसी स्पष्ट कारण के इतनी महत्वपूर्ण योजना को रोककर झारखंड के हजारों छात्रों के भविष्य को अंधकार में क्यों धकेला गया? अजय साह ने आशंका जताते हुए पूछा कि यदि इन योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत हो चुका था, तो क्या छात्रों के लिए निर्धारित फंड किसी अन्य योजना में डायवर्ट कर दिया गया? उन्होंने सरकार से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि क्या ये योजनाएँ पूरी तरह बंद कर दी गई हैं या आगामी बजट में इन्हें पुनः शुरू किया जाएगा? साह ने कहा कि आमतौर पर छात्र हर वर्ष अप्रैल में नए सत्र के साथ कोचिंग शुरू करते हैं। यदि सरकार ने मार्च तक इन योजनाओं को लागू नहीं किया, तो फिर ये योजनाएँ केवल कागज़ों तक ही सीमित रह जाएंगी और धरातल पर कभी उतर नहीं पाएंगी। इससे हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित होगा। यदि सरकार ने जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया, तो छात्रों का शैक्षिक भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

# रात भर मस्जिदों में होती रही इबादत, कब्रिस्तान में जाकर पढ़ा फातिहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शब ए बारात बरकत और फ़ज़ीलत वाली रात, गुनाहों से बख्शीश की रात ,जहन्नुम की आग के खुलासे की रात , मुसीबत से छुटकारे की रात, मगफिरत तलब करने की रात, रब के हुजूर में गिड़गिड़ा ने और दुआ मांगने की रात, मुअज्जम की रात, हिसाब किताब वाली रात, रहमत खुदाबांदी से अपने दामन को भरने की रात,इस रात की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उम्मुल मोमिनीन आयशा सिद्दीकी रजि. बयान करती हैं कि एक बार खुद सहाबा ए करीम सल्लल्लाहो ताला अलैहि वसल्लम कहीं तशरीफ ले गये, तो वे उनके पीछे गई और उन्होंने देखा कि आप सल्लल्लाहो ताला अलैहि वसल्लम जन्नतुल बकी में मौजूद हैं और आप मुसलमान मर्दो और ख्वातीन, सोहदो के लिए दुआएं माफिरत मांग रहे हैं । जब सल्लल्लाहो ताला अलैहि वसल्लम घर लौटे तो उम्मुल मोमिनीन आयशा सिद्दीकी रजि. से तमाम सूरते हाल फरमाते हैं, आप सल्लल्लाहो ताला अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि अभी जिब्राइल मेरे पास आए और फरमाया आज शाबान मुआज्जम की 15 वीं रात है, इस रात अल्लाह ताला अपने बंदों की बनी कल्ब के बकरियों के बालों से ज्यादा लोगों की मगफिरत फरमाते हैं।


**मस्जिदों में थी भीड़ :** शब ए बरात की रात रांची शहर के सभी गली , मोहल्ले में स्थापित मस्जिदों में लोग इबादत करते रहे। वहीं ख्वातीन अपने अपने घरों में इबादत करती रही। कुरान की तिलावत करते रहे और अपनी गुनाहों की माफी के लिए गिड़गिड़ाते भी रहे। जैसे-जैसे शाम ढल रही थी लोग मस्जिद की ओर बढ़ रहे थे । मगरिब के बाद रांची शहर के लगभग सभी मस्जिदों में नमाजियों के भीड़ बढ़ गई थी, कोई कुरान पढ़ रहा है , तो कोई तसबी पढ़ रहा है, तो कोई नमाज अदा कर रहा है। ईसा के बाद मस्जिदों में और भीड़ देखने को मिली और फिर करीब 11:00 बजे रात के बाद लोग अपने नजदीकी कब्रिस्तान की ओर भी गये । जहां अपने पूर्वज की कब्र पर फतिया पढ़े, अगरबत्ती जलाएं और फिर सुबह सेहरी किया,फज्र की नमाज अदा की है रोज रखा।

**शहर की मस्जिद सजी थी, कब्रिस्तान में भीड़ :** रांची शहर के जामा मस्जिद, हंडा मस्जिद अपर बाजार, थड़पखना मस्जिद, कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद, कांटा टोली चौक स्थित असरा मस्जिद, मौलाना आजाद कॉलोनी स्थित नूरी मस्जिद, मस्जिद गौसिया सहित कर्बला चौक, डोरंडा, बरियातू, कांके,पिठोरियाऔर इसके आसपास स्थित मस्जिद एवं कांटा टोली कब्रिस्तान, डोरंडा कब्रिस्तान, रातू रोड कब्रिस्तान सहित इसके अलावा भी रांची जिला के आसपास के मस्जिदों एंव कब्रिस्तानों को लाइट बत्ती से रौशन किया गया था। लोग मस्जिद से नमाज पढ़ने के बाद सीधे अपने पूर्वजों के कब्र पर खड़े होकर दुआएं पढ़ी।

## आज होने वाला मैट्रिक और इंटर की परीक्षा स्थगित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद् 14 फरवरी को होने वाले प्रथम और द्वितीय पाली की परीक्षा स्थगित कर दी गई है। बता दे की सब-ए-बारात को लेकर एक दिन की अवकाश दी गई है इसको देखते हुए राज सरकार द्वारा सूची जारी की गई है यह सूची के आलोक में शुक्रवार को होने वाली परीक्षा की तिथि मार्च में कर दी गई है। वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 का आयोजन 11.02.2025 से किया जा रहा है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या-10 सा0 अव0 -03-02/2024 का0-780 13.02.2025 वी द्वारा 14.02.2025 (शुक्रवार) को कार्यपालक आदेश के तहत शब-ए-बारात के अवसर पर अवकाश घोषित किया गया है। उक्त के आलोक में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 से संबंधित सभी छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, विद्यालय/ महाविद्यालय के प्रधानों एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि 14.02.2025 को आयोजित होनेपाली माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा स्थगित करते हुए निम्नवत् रूप से पुनर्निधारित की जाती है ।



## किसानों के बीच मूंग बीज का हुआ वितरण



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा दलहन, एवं तेलहन योजना अंतर्गत किसानों के बीच मूंग विज का वितरण किया गया. विज का वितरण विटीएम विकास तिर्की, विधायक प्रतिनिधि मंतोष कुमार मोनू, मुखिया पुतुल देवी,पुष्पा खलखो, शिला देवी, साबिर अंसारी, अनिल पासवान के द्वारा प्रखंड के लपरा, मायापुर तथा राय के कुल 47 किसानों को चार केजी के दर से दिया गया.मौके पर लोगो ने कहा कि यहाँ के किसान खेती बेहतर ढंग से कर सके, इसकेलिए सरकार बीज उपलब्ध कराई है. कहा कि मूंग खेती की यहां अपार संभावना है . यहां के किसान मूंग की फसल उगा कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं.मौके पर राजेश गोप, चितरंजन सिंह, जावेद अंसारी, किसान मित्र, माइकल धान, जयवीर यादव, नागेश्वर महतो, किसान शंकर मुंडा, शिवा उरांव, राजेन्द्र उरांव, हरि उरांव, रुथ टोप्पो, उमेश उरांव, वासदेव उरांव, संतोष उरांव, बीफा टाना भगत, अनिल उरांव, एतवरिया देवी सहित कई किसान शामिल थे.

## तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव संपन्न



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनगड़ा के सिरका ग्राम के नया टोली में श्री श्री बजरंग बली मंदिर निर्माण का 13 वा तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव आचार्य दिवाकर पाठक के हाथों भंडारा के साथ समाप्त हुआ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व संसद श्री राम टहल चौधरी,विशिष्ट अतिथि भाजपा रांची के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार,कामेश्वर महतो,कलेश्वर महतो उपस्थित हो श्री श्री बजरंग बली का आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष जगेश्वर महतो,सचिव राजेश सिंह,कोषाध्यक्ष आशेष्वर मुंडा,संरक्षक धर्मनाथ महतो,धर्मेंद्र सिंह,सदस्य फलिंद्र महतो,मदनलाल महतो,कर्मलाल महतो,लखी सिंह,सुखराम सिंह,दिलीप महतो,ब्रजेश सिंह,कमलू महतो,राजेंद्र महतो,नेवालाल महतो,जगनू महतो,दिनेश्वर महतो आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग किया।

## स्वामी दयानंद सरस्वती की 201वीं जयन्ती मनायी गई




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बरियातु रॉंची में स्वामी दयानंद सरस्वती की 201वीं जयन्ती मनायी गयी। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने कहा कि स्वामी दयानंद जी ने अपना जीवन कुप्रथाओं और पाखण्डों को खत्म करने तथा समाज को जागृत करने में लगाया। हमें यथार्थ को अपनाने के प्रति सजग रहना चाहिए तथा अन्धभक्ति में जीवन नहीं बिताना चाहिए। जे.ई.ई. मेन्स सत्र 1 में डी.ए.वी. बरियातु के विद्यार्थियों ने सफलता पाई है। उम्मैया फातिमा को 96.74, ह्रषभ तिवारी को 95.75, स्नेहल गोयल को 96.35, प्रशांत कुमार को 93.65, आयुष आदित्य को 93.02, यश राज को 92.08, कृष्णेंदु चक्रवर्ती को 91.1 और रिद्धम जे चंदा को 90.26 पर्सेंटाइल प्राप्त हुआ। अभी और भी विद्यार्थियों की सफलता की जानकारी प्राप्त होनी बाकी। जानकार सूत्रों के अनुसार लगभग पचास विद्यार्थियों ने सफलता पाई। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी सफल विद्यार्थीयों को बधाई दी।

## होंडा की नई पेशकश, दमदार एनएक्स 200 बाइक हुई लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नई एनएक्स 200 को लॉन्च करने की घोषणा की है। होंडा के प्रतिष्ठित एडवेंचर बाइक लाइन-अप से प्रेरित यह बाइक उन राइडर्स (सवारों) के लिए बनाई गई है जो रोमांच के साथ-साथ रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए एक बेहतरीन वाहन चाहते हैं। ऑल-न्यू एनएक्स 200 की कीमत रु. 1,68,499 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब पूरे भारत में सभी एचएमएसआई रेड विंग और बिग विंग डीलरशिप पर उपलब्ध है।नई एनएक्स 200 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ÷होंडा हमेशा अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों और इनोवेशन पर काम करता रहा है। एनएक्स 200 इसी सोच का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो रोमांचक राइडिंग का नया अनुभव देगा। लोकप्रिय एनएक्स 500 से प्रेरित यह बाइक ज्यादा से ज्यादा लोगों को एडवेंचर का आनंद लेने का मौका देगी और हर सफर को यादगार बनाएगी। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर, योगेश माथुर ने कहा, हमें बेहद खुशी है कि हम एनएक्स 200 को भारत में लॉन्च कर रहे हैं।



# शहीद शेख भिखारी का गांव आज भी मुलभूत सुविधाओं से हैं वंचित, वंशजों का जीवन बेहाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** 1857 की जंगे आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले ओरमांझी प्रखंड के स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद शेख भिखारी का गांव खुदिया लोटवा आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।शहीद का गांव आदर्श गांव नहीं बन पाया हैं ।उनका पैतृक गांव खुदिया-लोटवा को 2012 में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने आदर्श गांव बनाने की घोषणा की थी।इस के लिए शिलान्यास भी किया गया था,लेकिन यह गांव खुद अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।शिलान्यास के शिलापट भी अब धूमिल हो चुके हैं और गांव में अभी भी समस्याओं का अंबार है।शहीद के वंशज और ग्रामीण आज भी बुनियादी समस्याओं से जूझने को मजबूर हैं।गांव के प्रायः लोग खपरैल के मकान और झुग्गी-झोपड़ी में रहने को विवश हैं।यहां की आबादी के 95 फीसद लोग मजदूरी कर अपनी जीविका चलाते हैं।हालांकि,यहां पर करोड़ों रुपए की लागत से आदर्श ग्राम के नाम पर कुछ बड़े- बड़े सुविधाविहीन व उपयोग विहीन भवन बना दिए गए हैं,जो अब जर्जर होने की राह पर हैं या तो जर्जर हो चुके हैं।जब सुदेश महतो ने शहीद भिखारी के गांव को आदर्श गांव बनाने की घोषणा की थी तब ग्रामीणों में एक आस जगी थी कि अब गांव का विकास होगा व गांव में रोजगार का सृजन भी होगा। वर्ष 2012 में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया था, जिस में से अधिकतर योजनाएं शिलान्यास तक ही सिमट कर रह गया।आदर्श ग्राम के तहत बनाए जाने वाला करोड़ों रुपए की लागत से बना ग्राम संसद भवन,ग्राम सांस्कृतिक केंद्र भवन और पेयजल के लिए बना प्याऊ जर्जर हो चुके हैं।यहां तक की प्याऊ के लिए स्टैंड तो बना पर उसमें नल नहीं लगाया गया।अब यह सब चीजें ग्रामीणों के लिए कोई काम के लायक नहीं रह गया।सिर्फ सरकारी खजाने से राशि का बंदर-बांट किया गया। फैक्ट्री खोल वंशजों क़ो रोजगार देने के नाम से पर 20 एकड़ से अधिक जमीन वंशजों से दलालों ने गलत तरीके से हड़प लिया हैं. वहीं शेख बिखारी के परपोती शेख एम्तेशाम अली ने बताया कि हमारे गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है।



## जेएसएलपीएस ने किया उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेडो प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरूवार को एक दिवसीय आईएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यशाला की शुरुआत जिपस बेरोनिका उरांव, प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, जेएसएलपीएस के मुकेश सिन्हा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला का संचालन करते हुए प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश सिन्हा ने की बेडो प्रखंड मे कुल तीन समेकित किसान संकुल का गठन किया गया है। समेकित किसान संकुल के तहत चयनित किसान को चार से पांच आजीविका गतिविधि से जोड़ा जायेगा। सभी किसान की आय 1.5 लाख से 2 लाख कराना है। परियोजना 36 माह तक चलेगा। इसमें किसानों को समेकित कृषि सेक्टर के सफल मॉडल को अपनाया जायेगा। मौके पर मुखिया सुशांति भगत,जतरू उराँव,कुमारी खलखो,नीरज कुजूर, उपमुखिया संतोष कुमार, प्रैक्टिसनर शीला मातंग, दीपशिखा, एसोसिएट प्रैक्टिसनर अरित्र पात्रा, सचिन कुमार सिंह, ईमागो,संजीव कुमार, टीएसओ, एफ टी सी, सीसी , पीआर पी डीईओ, अडमीन , अकाउंटेट और संकुल संगठन की दिदीया व आजीविका सखी मंडल से जुड़ी दीदी उपस्थित थे।




## डॉ अम्बेडकर विस्थापित प्रभावित मोर्चा की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** तुमांग पंचायत के मुखिया कार्यालय में डॉ अम्बेडकर विस्थापित प्रभावित मोर्चा की बैठक हुई. अध्यक्षता मुखिया संतोष कुमार महली ने की. बैठक में तुमांग पंचायत के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा किया गया. चर्चा के दौरान डॉ अम्बेडकर प्रभावित मोर्चा को तुमांग के विभिन्न ग्राम टोलो में मोर्चा को मजबूत करने एवं जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैठक करने का निर्णय लिया गया. कहा गया कि रोहिणी परियोजना के प्रबंधन द्वारा प्रभावितों की अनदेखी सदैव की जाती रही है. रोहिणी एवं केडीएच परियोजना से पीड़ित डुब बस्ती, करकट्टा, खिलानधौड़ा एवं मैनेजर बंगला के ग्रामीणों को धूलकण, प्रदूषण, जहरीली गैस एवं पेयजल की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. मौके पर मुखिया संतोष ने कहा कि ग्रामीणों के एक जुट करने के लिए जल्द ही तुमांग पंचायत के हर ग्राम टोला में बैठक किया जाएगा. इसी को लेकर आगामी 16 फरबरी रविवार को खिलानधौड़ा में बैठक होगी. इस मौके पर सहदेव महली, कौलेश्वर मुंडा, उमेश मेहता, भोला चौहान, बिनोद राम, भोला राम, संटू बैठा, क्यूम अंसारी, संतोष महतो, उपेंद्र राम, संजय राम आदि उपस्थित थे.



## सिल्ली पॉलिटेक्निक में एनुअल स्पोर्ट्स 2025 का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली पॉलिटेक्निक में आयोजित एनुअल स्पोर्ट्स 2025 का गुरुवार को पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। अंतिम दिन सभी खेलों के फाइनल मैच खेले गए। समारोह के मुख्य अतिथि पॉलिटेक्निक के निदेशक विष्णु ब्रोतो चट्टोपाध्याय एवं प्राचार्य समीर शर्मा ने सभी विजेता टीमों एवं व्यक्तिगत स्पर्धा में सफल प्रतिभागियों को ट्राफी, मेडल व प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए विष्णु ब्रोतो चोट्टोपाध्याय ने कहा कि यह आयोजन छात्रों के बीच खेल भावना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। छात्र - छात्राओं ने अपनी खेल क्षमताओं का प्रदर्शन किया और अपने साथियों के साथ प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। प्राचार्य समेत सभी शिक्षकों ने विजेताओं को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।शुभारंभ पिछले 10 फरवरी को किया गया था। जिसमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, महिला क्रिकेट, बैडमिंटन, कैरम समेत कई खेलों का आयोजन किया गया। एनुअल स्पोर्ट्स के सफल आयोजन में पॉलीटेक्निक के शिक्षक उज्जवल घोष, अनाबीक कोले, विकास चंद्र बेरा, दीपक कुमार महतो, राजेश गुड़िया, शबनम पूर्ति, उत्पल कुमार पाल, शमशाद राजा, विकास मंडल, अखिलेश कुमार, सुसोवन पांजा, सोमनाथ नाग, अरिंदम सरकार समेत छात्र छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।




## ठेकेदार के लापरवाही से जलमीनार निर्माण कार्य अधुरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** जल जीवन मिशन के तहत सरकार हर घर लोगों को पानी पहुंचाने के प्रयास में लगी है लेकिन विभागीय परेशानी एवं ठेकेदार की लापरवाही से इन योजनाओं का लाभ जनता को नहीं मिल रहा है। ऐसा ही मामला सिल्ली के लोवादाग पंचायत में देखा जा सकता है। पंचायत के चातमबाड़ी के ऊपर टोला, सरकारी स्कूल के समीप एवं केसरडीह में आठ हजार लीटर क्षमता वाला जलमीनार का निर्माण किया जा रहा है लेकिन आज करीब डेढ़ महीने से काम बंद है। नतीजा आज लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



**विभाग का पक्ष :** इस मामले में विभाग के जेई जीतवाहन सिंह मुंडा ने कहा कि विभाग से राशि के भुगतान में देरी होने का कारण काम में बाधा आ रही है जल्दी ही इसका समाधान हो जाएगा।

## सादगी के साथ मनाया गया शब-ए-बारात

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को इटकी और आसपास के गांव में शब-ए- बारात की रात इबादत व मगफिरत की दुआओं के साथ सादगी पूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मुस्लीम समुदाय के लोगों ने बड़े शौक व जौक के साथ मस्जिदों में इबादतों का एहतेमाम किया। देर रात स्थानीय कब्रिस्तानों में पहुंच कर अपने-अपने पूर्वजों के कब्रगाहों की जियारत कर दरूद व फातिहा पढ़े गए। साथ ही उनके हक में मगफिरत की दुआ की गई। इसके पूर्व मस्जिदों में लोग सामूहिक रूप से अल्लाह की इबादत में शामिल हुए।मौके पर कलाम-ए-पाक की तिलावत और नफल नमाजें अदा की गई। इसके अलावा घरों में भी लोग इबादत में रात गुजारे। इस दौरान लोगों ने गुनाहों से तौबा की तथा समस्त मानव जाति के लिए अमन चैन व खुशहाली की सामूहिक रूप से दुआ की गई।

# ओरमांझी प्रखंड सभागार में एक दिवसीय आईएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओरमांझी प्रखंड के सभागार मे गुरुवार क़ो एक दिवसीयआईएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी ओरमांझी कामेश्वर बेदिया, प्रखण्ड अंचलधिकारी उज्जवल कुमार सोरेन जिला परिषद सदस्य सरिता देवी,प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी,उप प्रमुख रिजवान अंसारी विधायक प्रतिनिधि खिजरी विधान सभा श्री प्रेम नाथ मुंडा, , पंचायत मुखिया सीता तिर्की चंद्रा पंचायत मुखिया रोजलीना लकड़ा पंचायत मुखिया सदमा सुनील उरांव पंचायत मुखिया रमेश बेदिया,मनरेगा बीपीओ दीपमाला तिर्की एवं पलाश जेएसएलपीएस बीपीएम नदीम अहमद,बीपीओ जेएसएलपीएस के प्रशांत कुमार,बी पीओ कनीज फातमा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नदीम अहमद के द्वारा किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया की ओरमांझी प्रखंड मे कुल पांच समेकित किसान संकुल का गठन किया गया है।

समेकित किसान संकुल के तहत चयनित किसान को चार से पांच आजीविका गतिविधि से जोड़ा जायेगा। सभी किसान की आय 1.5 लाख से 2 लाख कराना है। परियोजना 36 माह तक चलेगा। इसमें किसानों को समेकित कृषि सेक्टर के सफल मॉडल को अपनाया जायेगा।

कार्यक्रम मे पशुपालन विभाग से विश्वनाथ टोप्पो,सीसीसी डोली देवी, संजीव कुमार,एफटीसी मोबीन खान, अनीता कुमारी, मौसमी देवी दीप मंडल कुमार, शबनम आरा राजीव लोहरा पलाश जेएसएलपीएस से और चारों संकुल संघ की सदस्य दीदी तथा आजीविका सखी मंडल से जुड़ी दीदी उपस्थित हुए।


ओरमांझी प्रखंड के सभागार मे गुरुवार क़ो एक दिवसीयआईएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी ओरमांझी कामेश्वर बेदिया, प्रखण्ड अंचलधिकारी उज्जवल कुमार सोरेन जिला परिषद सदस्य सरिता देवी,प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी,उप प्रमुख रिजवान अंसारी विधायक प्रतिनिधि खिजरी विधान सभा श्री प्रेम नाथ मुंडा, , पंचायत मुखिया सीता तिर्की चंद्रा पंचायत मुखिया रोजलीना लकड़ा पंचायत मुखिया सदमा सुनील उरांव पंचायत मुखिया रमेश बेदिया,मनरेगा बीपीओ दीपमाला तिर्की एवं पलाश जेएसएलपीएस बीपीएम नदीम अहमद,बीपीओ जेएसएलपीएस के प्रशांत कुमार,बी पीओ कनीज फातमा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नदीम अहमद के द्वारा किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया की ओरमांझी प्रखंड मे कुल पांच समेकित किसान संकुल का गठन किया गया है।

समेकित किसान संकुल के तहत चयनित किसान को चार से पांच आजीविका गतिविधि से जोड़ा जायेगा। सभी किसान की आय 1.5 लाख से 2 लाख कराना है। परियोजना 36 माह तक चलेगा। इसमें किसानों को समेकित कृषि सेक्टर के सफल मॉडल को अपनाया जायेगा।

कार्यक्रम मे पशुपालन विभाग से विश्वनाथ टोप्पो,सीसीसी डोली देवी, संजीव कुमार,एफटीसी मोबीन खान, अनीता कुमारी, मौसमी देवी दीप मंडल कुमार, शबनम आरा राजीव लोहरा पलाश जेएसएलपीएस से और चारों संकुल संघ की सदस्य दीदी तथा आजीविका सखी मंडल से जुड़ी दीदी उपस्थित हुए।

## सैमसंग ने लॉन्च किया सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ06




**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गुरुवार को अपने सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ06 5जी के लॉन्च की घोषणा की। यह स्मार्टफोन दमदार परफॉर्मेंस और शानदार स्टाइल का बेहतरीन संयोजन है, जो 5जी सेगमेंट में नई क्रांति लाने के लिए तैयार है। इसकी शुरुआती कीमत 9499 रखी गई है, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को 5जी तकनीक का लाभ मिलेगा। गैलेक्सी एफ06 5जी 12 5जी बैंड को सपोर्ट करता है और अपने सेगमेंट में बेहतरीन प्रोसेसर, तेज़ चार्जिंग और वॉयस फोकस जैसी आधुनिक सुविधाओं के साथ आता है। इसके अलावा, यह फोन चार पीढ़ियों तक ओएस अपडेट और चार साल तक सुरक्षा अपडेट प्रदान करता है, जिससे यह लंबे समय तक अप-टू-डेट और सुरक्षित बना रहेगा। यह स्मार्टफोन सैमसंग की आधिकारिक वेबसाइट, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और रिटेल स्टोर्स पर जल्द ही उपलब्ध होगा। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के जनरल मैनेजर अक्षय एस. राव ने कहा कि गैलेक्सी एफ06 5जी का लॉन्च हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम डिजिटल खाई को पाटने और लाखों उपभोक्ताओं को 5जी अनुभव, दमदार परफॉर्मेंस और स्टाइलिश डिज़ाइन के साथ सशक्त बनाना चाहते हैं।

## मोहल्ले की सफाई को लेकर शास्त्रीनगर सोशल कमेटी के सदस्य पहुंचे जेएनएसी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मोहल्ले की सफाई को लेकर शास्त्रीनगर सोशल कमेटी के सदस्यों ने गुरुवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के अधिकारियों से मुलाकात की। पिछले कुछ दिनों से मोहल्ले में फैली गंदगी और कचरे के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने सफ़ाई कर्मचारियों को भेजकर तत्काल साफ-सफाई का आश्वासन दिया। मौके पर शास्त्रीनगर कमेटी के प्रेसिडेंट शारिक खान, वाइस प्रेसिडेंट मोहम्मद सेराज, सेक्रेटरी रियाज़ अहमद, असिस्टेंट सेक्रेटरी सोहैल अख्तर और अन्य उपस्थित थे।

## साउथ प्वाइंट स्कूल के 6 विद्यार्थियों को मिली जेईई मेन में सफलता, हर्ष



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2025 के पहले संस्करण (जनवरी सत्र) की मेधा सूची मंगलवार को जारी कर दी है। जेईई मेन परीक्षा में इस बार साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा के कुल छह विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है इससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। इसमें अरिजीत मंडल (99.65%), साहिल जूनेजा (91.73%), नूर फातमा (95.97%), विवेक वर्णवाल (98.29%), प्रत्युष (91.4%) एवं यश (85%) शामिल हैं। विद्यालय के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा, डायरेक्टर शिवम शर्मा व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। बच्चों की सफलता से विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं और परिवार के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## बोड़ाम के चिमटी होते कोंकाधासा के रास्ते दलमा पहुंचा बाघ



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के चिमटी होते कोंकाधासा के रास्ते एक माह में तीसरी बार दलमा के घने जंगलों में घुसा बाघ। गुरुवार की सुबह चिमटी व कोंकाधासा के बीच बाघ के पंजे का निशान मिलने से ग्रामीण काफी दहशत में है। हाल में ही बोड़ाम थाना क्षेत्र के बेलडीह पंचायत के जारकी एवं गोबरलाद टोला में बाघ के पंजे के निशान मिले थे। घटना की सूचना मिलने पर गुरुवार को प्रभारी फॉरेस्टर अंकित श्रीवास्तव के नेतृत्व में बेतला से आए बाघ पकड़ने के स्पॉट तापस, कार्तिक महतो, शिवराम महतो आदि सिमटी पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। फॉरेस्ट विभाग की टीम ने आसपास के ग्रामीणों को जंगल न जाने एवं सतर्क रहने की अपील की। दलमा रेंजर अर्पना चंद्रा ने मामले की जानकारी दी।

## विधायक ने डिमना के व्यक्ति को व्हील चेयर दिया

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को अपने बिष्टुपुर स्थित आवास/कार्यालय पर डिमना बस्ती की निवासी तफासुम पटकीत को उनके सुपुत्र फारुक अंसारी के लिए व्हील चेयर भेंट किया। फारुक के दोनों पैरों की एडियों की हड्डियां घिस गई हैं. वह चल नहीं पाते। उनकी मां ने व्हील चेयर प्राप्त किया। विधायक सरयू राय ने उम्मीद जताई कि अब फारुक को मूवमेंट करने में थोड़ी सहूलियत होगी। इस मौके पर आफताब सिद्दिकी, नीरज सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## वर्चुअल प्ले ग्राउंड छोड़ खुले मैदान में खेलें युवा : शिव शंकर सिंह

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर के डीवीसी मैदान, मनीफिट में मनीफिट स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 10वें नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जमशेदपुर पूर्वी से पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी रह चुके कोशिश 'एक मुस्कान लाने की' संस्था के संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह ने बल्ला चलाकर की। रतन पलसानिया ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं. रविवार के दिन फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे शिव शंकर सिंह ने कहा ÷जमशेदपुर में क्रिकेट रोमांच चरम पर है. खेल प्रेमियों के लिए यह सप्ताह रोमांच से भरपूर रहेगा। शिव शंकर सिंह ने वर्चुअल प्ले ग्राउंड छोड़. खुले मैदान में खेलने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। साथ ही, आयोजकों को बधाई देते हुए कहा ऐसे टूर्नामेंट का आयोजन खिलाड़ियों को शारीरिक और दिमागी दोनों रुप से फिट रखने में मदद करता है।

## उलीडीह में चोरी का 12 घंटे में ही पुलिस ने किया उद्भेदन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत टैंग रोड निवासी आदित्यनाथ मिश्रा के घर बुधवार देर रात चोरी कर ली गई थी। गुरुवार को मामले की शिकायत के 12 घंटे के भीतर ही पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया और चोरी के सामान को बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में उलीडीह फुटबॉल मैदान के पास रहने वाला गौरव शंख उर्फ चिंटु शामिल है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए गैस सिलेंडर, एक जोड़ा चांदी का पायल और चांदी का मांगटिका शामिल है। बरामद सामानों की कीमत 16 हजार रुपये है। गुरुवार को घटना की जानकारी देते हुए पटमदा डीएसपी बचनदेव कुजुर ने बताया कि चोरी की शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और चोर को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि चोर ने घर में घुसकर चोरी की और फरार हो गया। आरोपी नशे का आदि है। फिलहाल उसे जेल भेज दिया गया है।

# अपर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक

### वित्तीय वर्ष में शत प्रतिशत राजस्व संग्रहण के दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मितल के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक आहूत की गई। अपर उपायुक्त भागीरथ प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किये गये राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उत्पाद विभाग, परिवहन, मोटरयान निरीक्षक, नीलाम पत्र, मत्स्य, नगर परिषद, खनन, निबंधक विभाग सहित अन्य सभी की समीक्षा की गयी। राजस्व संग्रहण में वाणिज्यकर विभाग के सभी सर्कल में वार्षिक निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अबतक 55 प्रतिशत की उपलब्धि है वहीं विद्युत विभाग के तीनों प्रमंडल में 100 प्रतिशत से ज्यादा, परिवहन विभाग ने 90 प्रतिशत, उत्पाद विभाग 73त्र, निबंधन में 69त्र, नगर निकायों में औसतन 75 त्र का राजस्व संग्रहण हुआ है। खनन विभाग ने 51 फीसदी का राजस्व संग्रहण किया है। खनन विभाग के पदाधिकारी को बालू, पत्थर इत्यादि की अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला दूरसंचार समिति की बैठक



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला दूरसंचार समिति की बैठक आयोजित हुई। उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता में आहूत बैठक में समन्वयक पदाधिकारी द्वारा कुल 24 मामले विचार हेतु प्रस्तुत किए गए। समिति द्वारा सर्वसम्मति से विचार के उपरांत एक अनापत्ति को स्वीकृत किया गया तथा बिहार / झारखंड सरकार की भूमि पर बिना पूर्व अनुमति के मोबाइल टावर अधिष्ठापन का आवेदन किए जाने के कारण कुल आठ आवेदन को रद्द करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पांच मामलों में संबंधित अंचल अधिकारी से जांच रिपोर्ट मांगे जाने का निर्णय लिया गया। शेष 10 आवेदनों में त्रुटि पाए जाने के कारण संबंधित सेवा प्रदायी कंपनी को त्रुटि निराकरण हेतु आवेदन को वापस करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, सिविल सर्जन, बीएसएनल एवं अन्य सेवा प्रदायी दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधि, विभिन्न अंचल कार्यालय के प्रतिनिधि तथा नगर निगम के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

## कुचाई के जुगीडीह में विधायक दशरथ गागराई ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तिलोपदा पंचायत अंतर्गत जुगीडीह गांव में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल अनाबद्ध निधि द्वारा कुचाई बडाबांबो पीडब्ल्यूडी मुख्य मार्ग से जुगीडीह गांव तक पार्ट ए 0 मीटर से 340 मीटर एवं पार्ट बी 341मीटर से 680 मीटर तक 49 लाख 56 हजार की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का विधिवत शिलान्यास खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने नारियल फोड़कर व फीता काट कर किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि जुगीडीह गांव के लोगों को सड़क की काफी समस्या थी। खासकर बारिश के समय ग्रामीणों को काफी परेशानियों की सामना करना पड़ता था। इस सड़क के निर्माण होने पर आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो इसके लिए स्थानीय लोगों को सजग रहना है। सड़क बेहतर रहने से आने-जाने की सुविधा भी लोगों के लिए बढ़ेगी। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार जन-जन तक सुविधा पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मुंडा, सचिव मुन्ना सोय, मुखिया राम सोय, संवेदक शिवनाथ महतो, गणेश भूमिज, सिकंदर महाली, बुधू सिंह भूमिज, विकास गोप, सुखदेव भूमिज, मंगल भूमिज, दुर्गा भूमिज आदि उपस्थित थे।

## संसद के भाषणों का मैथिली में अनुवाद अभूतपूर्व निर्णय : प्रमोद मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के एक ऐतिहासिक फैसले में संसद के भाषणों का मैथिली में अनुवाद शामिल करने का निर्णय को मिथिला सांस्कृतिक परिषद के आजीवन सदस्य प्रमोद मिश्रा ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि भारत सरकार के द्वारा यह अभूतपूर्व निर्णय से बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और भाषा मैथिली को एक नई पहचान मिलने जा रही है। इससे पूर्व भी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने मैथिली भाषा को अष्टम अनुसूची में स्थान देने का कार्य किया था इससे यह प्रतीत होता है कि जब-जब केन्द्र में भाजपा की सरकार होती है मिथिला एवं मैथिली का मान बढ़ता है।

ज्ञातव्य हो कि झारखण्ड में भी जब पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा की सरकार थी तब उन्होंने मैथिली को द्वितीय राजभाषा के रूप में मान्यता दी थी। केन्द्र सरकार के इस फैसले से बिहार, झारखण्ड ही नहीं पूरे विश्व के मानचित्र पर मैथिली भाषा को नई पहचान मिलने जा रही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का समस्त मिथिलावासी की ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार।

## पटमदा में झारखंड वैष्णव बैरागी समिति का सामूहिक उपनयन कार्यक्रम 23 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** हर साल की भांति इस साल भी 23 फरवरी को झारखंड वैष्णव बैरागी समिति की ओर से पटमदा के लावा गांव में सामूहिक उपनयन कार्यक्रम तय किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर समिति के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के सदस्य उज्ज्वल कांति दास एवं विश्वामित्र दास ने बताया कि सामूहिक उपनयन (जनेऊ) सह सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी वैष्णव जन को आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी की सुबह 7 बजे कलश यात्रा (जल छाहा), प्रातः 9 बजे सामाजिक कार्यक्रम, सुबह 10 बजे हरिनाम संकीर्तन - महिला संप्रदाय, पूर्वाह्न 11 बजे उपनयन संस्कार, दोपहर 1:30 बजे से प्रीतिभोज कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बृंदावन दास, रामकृष्ण दास, अश्विनी दास, अर्जुन दास, सुभाष दास, उज्ज्वल कांति दास, विश्वामित्र दास, महेश दास, गणेश दास आदि लोग सक्रिय है।

## एसपी के निर्देश पर जिले में जारी है अवैध अफीम की खेती को विनष्ट करने का अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** पुलिस अधीक्षक मुकेश लूणायत के निर्देशानुसार सरायकेला- खरसावां जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्र में करीब 14.4 एकड़ अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया । जिसमें चौका थाना क्षेत्र अंतर्गत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल के नेतृत्व में थाना प्रभारी चौका के साथ ग्राम मुटुदा में करीब 9 एकड़ अवैध अफीम की खेती का विनष्टीकरण किया गया। अभियान में एसएसबी 26 बटालियन के कमांडेंट एवं डिप्टी कमांडेंट भी उपस्थित थे और उनके साथ मिलकर ड्रोन कैमरा के माध्यम से क्षेत्र में हो रहे अफीम की खेती पर निगरानी रखी गई। ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी ईचागढ़ के नेतृत्व में ग्राम चिमटिया में करीब 1.5 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया। कुचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी के नेतृत्व में ग्राम दामादीरी में करीब 3.9 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को विनष्टीकरण किया गया। सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत इस फसलीय वर्ष 2024-2025 में अब तक सभी थाना क्षेत्र में मिलाकर लगभग 583 एकड़ भूमि पर लगे अवैध अफीम की खेती को विनष्टीकरण किया गया है।

## खरसावां के पदमपुर में सात दिवसीय रामलीला शुरु, कलाकारों ने समां बांधा, पहले दिन, ताड़का वध, मारिच वध व धनुष यज्ञ का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां के पदमपुर गांव में सात दिवसीय रामलीला महोत्सव शुरु हुआ। उत्तर प्रदेश के धर्म प्रचारक रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा सात दिनों तक भगवान राम के विभिन्न लीलाओं को प्रदर्शित की जाएगी। पहले दिन मुनी आगमन, ताड़का वध, मारिच वध, सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर, रावण-वाणासुर संवाद व धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया। इन प्रसंगों पर विस्तार से दर्शाया गया। इस दौरान रामलीला के कलाकारों ने श्रीराम के जीवन पर आधारित सभी पहलुओं को नाटक के माध्यम से दर्शाया। प्रयागराज, काशी व अयोध्या धाम के कलाकारों की टोली द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राम-धून पर श्रद्धालु रमे नजर आये। साथ ही जयश्री राम के जयकारे भी लगाये गये। सात दिवसीय रामलीला महोत्वस का समापन 18 फरवरी को होगा। इस दौरान रोजाना शाम सात बजे से लेकर दस बजे तक अलग-अलग प्रसंगों पर रामलीला का मंचन किया जायेगा। इससे पूर्व रामलीला महोत्सव का उदघाटन विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अजय मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष सुब्रत सिंहदेव, विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य व शिक्षा) अनूप सिंहदेव व मनमित सिंह आदि ने फीता काट कर श्रीराम की पूजन व आरती उतार कर किया। इस दौरान दिलीप कुमार, अजय मंडल, कालिया साहू, झंटू मंडल, अंकित सिंह, सदानंद मंडल, लक्ष्मण मंडल, बापी सिंह, रंजन साहू, भारत साहू, सुमंत पड़िहारी व राजेन मंडल आदि उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में परीक्षार्थियों को फूल देकर किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की मैट्रिक व इंटर की बोर्ड परीक्षा चल रही है। तनावपूर्ण तथा कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न करवाने के उद्देश्य से गुरुवार को पटमदा प्रखंड के माचा स्थित प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में केंद्राधीक्षक डॉ. प्रियंका झा ने परीक्षार्थियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उन्होंने तनाव मुक्त परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। डॉ. प्रियंका झा ने परीक्षा देने आए सभी परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश करने में मदद की। इस दौरान सहायक केंद्राधीक्षक अलका कुमारी, सरिता कुमारी, अरविंद कुमार, प्रबोध महतो भी उपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक ने बताया कि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्र में सुरक्षा बल भी सहयोग कर रहे है। नजदीक में परीक्षा केंद्र बनाए जाने से परीक्षार्थियों में खुशी है। उन्होंने कहा कि केंद्र पर सभी तरह की सुविधा दी जा रही है ताकि किसी को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## पटमदा-बोड़ाम प्रखंड में 124 विद्यार्थियों ने मैट्रिक और 754 विद्यार्थियों ने दीं इंटर की परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल(जैक) की ओर से आयोजित मैट्रिक इंटर की बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन गुरूवार को पटमदा-बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में 124 विद्यार्थियों ने मैट्रिक और 754 विद्यार्थियों ने इंटर की परीक्षा दीं । जिसमें मध्य विद्यालय पटमदा बीआरसी में इंटर के आर्ट्स विषय के अंग्रेजी में 127 और हिंदी में 5, मैट्रिक के गृह विज्ञान विषय में 73 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा सेंटर में आर्ट्स विषय के अंग्रेजी में 350, हिंदी में 120 विद्यार्थियों ने परीक्षा दीं और एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा में आर्ट्स विषय के अंग्रेजी में 80, हिंदी में 72 विद्यार्थियों ने परीक्षा दीं। आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम में मैट्रिक के 51 विद्यार्थियों ने गृह विज्ञान विषय की परीक्षा दी। बांगुड़दा विद्यालय में केंद्राधीक्षक सुजीत कुमार सेठ आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम में केंद्राधीक्षक जितेंद्र कुमार और एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, पटमदा में केंद्राधीक्षक डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा ली जा रही है।

## मानगो में बिल्डर महिला को दे रहा धमकी, एसएसपी से शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र की अशिफया जमाल गोल्ड रोड नंबर 1 की रहने वाली मुसरंत जाहां गुरुवार को एसएसपी आफिस पहुंची है। वहीं उन्होंने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। सौंपे गये ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि बिल्डर निर्मल श्रीवास्तव उन्हें और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहा है। मानगो में मसर्रत के स्वर्गीय पति इकबाल एवं उनके पांच भाइयों के द्वारा निर्मल श्रीवास्तव ने एक इकारारनामे के तहत बहुमंजिला इमारत बनवाई है, जिसमें वे सभी की बराबर की हिस्सेदारी है। उक्त बिल्डिंग ने उनके मकान को बिना मुसर्रत की मर्जी के बेच दिया है और बेची गयी मकान के 87 लाख रुपये गबन कर लिया गया है। इसकी शिकायत कोर्ट में की गयी है। इसके बावजूद बिल्डर द्वारा इन्हें केस उठाने को लेकर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस मामले में पीड़िता ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगायी है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संपादकीय

# प्रतिस्पर्धा नहीं बालमन को चाहिए मोटिवेशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर परीक्षाओं से पहले देश के परीक्षार्थी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों से मन की बात के माध्यम से संवाद कायम कर मोटिवेट करने की बड़ी पहल की है। मन की बात में परीक्षा पर चर्चा के आठवें संस्करण का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण और सामयिक हो जाता है कि आने वाले दिनों में सीबीएसई और राज्यों के बोर्डों की परीक्षाएं होने जा रही है। प्रधानमंत्री की संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था और इसके साइड इफेक्ट को समझते हुए संवाद कायम करना अपने आप में महत्व रखता है। देश के लगभग सभी कोनों से तनाव, शिक्षकों और अभिभावकों की अति महत्वाकांक्षा के चलते बच्चों द्वारा डिप्रेशन में जाने और अपनी जीवनलीला समाप्त करने के समाचार आम होते जा रहे हैं। कोचिंग हब कोटा बच्चों की आत्महत्या के लिए बदनाम है पर कोटा से अधिक आत्महत्या देश के अन्य हिस्सों में भी हो रही है। कोटा को आत्महत्याओं के दाग को धोने के लिए सार्थक प्रयास करने होंगे। खैर, प्रधानमंत्री मोदी ने जिम्मेदार अभिभावक की भूमिका निभाते हुये ना केवल परीक्षार्थियों की हौसला अफजाई की है अपितु अध्यापकों को भी स्पष्ट संदेश दिया है। इसमें दो राय नहीं होनी चाहिए कि बच्चों के कोमल मन को प्रतिस्पर्धा के बोझ तले दबाने में आज घर, परिवार, समाज, शिक्षा केन्द्र और सोशल मीडिया प्रमुखता से नकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। पता नहीं शिक्षा व्यवस्था में भी यह किस तरह का बदलाव है कि कुछ दशक पहले तक दसवीं पास करना बड़ी बात माना जाता था तो परीक्षा देने वाले लाखों बच्चों में से फर्स्ट डिविजन कुछ हजार तक रहते थे, उसके बाद लगभग दोगुने द्वितीय श्रेणी व बाकी तीसरी श्रेणी पाकर संतोष कर लेते थे। आज हालात यह है कि परीक्षा देने वाले अधिकांश बच्चों के मार्क्स तो 90 प्रतिशत या इससे अधिक ही होते हैं। यहां सवाल परीक्षा प्रणाली को लेकर हो जाता है तो दूसरी और प्रतिस्पर्धा की यह खिचड़ी 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों और खासतौर से उनके पैरेंटस में होने लगी है। अब तो हो यह गया है कि पैरेंट्स की प्रतिष्ठा के लिए बच्चों की बलि चढ़ाई जाने लगी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सही कहा है कि कूकर के प्रेशर की तरह बच्चों को प्रेशर में रखना ही अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका में आ गया है। अब अभिभावक दिशा देने वाले के स्थान पर अपनी कुंठा को बच्चों से पूरा कराने में जुटे हैं। यह वास्तविकता है। बच्चे की लगन किसी और दिशा में होती है और उससे अपेक्षा कुछ और करने या बनाने की होने लगती है। कुछ बच्चों का कोमल मन यह प्रेशर सहन नहीं कर पाता है और डिप्रेशन या मौत को गले लगा लेते हैं और फिर पैरेंट्स आंसू पूछते रह जाते हैं। परीक्षा पर चर्चा की अच्छी बात यह है कि देश के 3.30 करोड़ बच्चों, 20 लाख शिक्षकों और साढ़े पांच लाख से अधिक अभिभावक इससे जुड़े। मोदी जी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए क्रिकेट का उदाहरण देते हुए बैटिंग करने वाले खिलाड़ी की भूमिका निभाने का संदेश दिया तो टाइम मैनेजमेंट पर फोकस करने, लिखने की आदत डालने, खुल कर अपनी बात कहने, मन को शांत रखने, केवल किताबी कीड़ा नहीं बनने, रोबोट नहीं इंसान बनने और पूरी नींद लेने के लिए मोटिवेट किया। सबसे खास बात यह कि बच्चों को स्वयं से प्रतिस्पर्धा करने का संदेश दिया। हमें दूसरे के स्थान पर स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी है। स्वयं से प्रतिस्पर्धा करेंगे तो आत्मविश्वास बढ़ेगा। दरअसल होता यह है कि दूसरे से प्रतिस्पर्धा के चक्कर में नकारात्मकता अधिक आती है। होना यह चाहिए कि अपनी कमियों को ही सबक बनाकर बहुत कुछ सीखा जा सकता है। आज बच्चों को खुला आसमान चाहिए। जहां वह अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। मोदीजी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा है कि विफलताओं से निराश न होकर उससे सबक लेना चाहिए। जीवन में सफल होने के लिए बहुत कुछ होता है। मोदीजी ने मन की बात में बच्चों, परिजनों और टीचर्स तीनों को संदेश देने का प्रयास किया है। होता यह है कि जो बच्चे होशियार होते हैं या प्रभावशाली परिवार के हैं, उनपर टीचर्स का विशेष ध्यान होता है और जो बच्चे कमजोर होते उनके मामले में पीटी मीटिंग के माध्यम से पैरेंट्स को नीचा दिखा कर इतिश्री कर लेते हैं। बच्चों की नाकामी पर कभी किसी स्कूल या टीचर ने जिम्मेदारी ली हो, यह आज तो लगभग असंभव है। चाहे आप पढ़ाई के नाम पर स्कूल को कितनी ही फीस देते हो आप पर बच्चे को ट्यूशन कराने का दबाव आ ही जाता है। यदि शिक्षण संस्थानों में कमजोर और औसत बच्चों पर अधिक ध्यान दिया जाए तो तस्वीर बदल भी सकती है। इसी तरह से पैरेंट्स को भी नसीहत देने में मोदी जी पीछे नहीं रहे। पैरेंट्स को बच्चों की लगन, रुचि को समझना होगा। अपनी अपेक्षाएं उस पर लादने के स्थान पर दिशा देने के प्रयास करने होंगे। बच्चों के साथ बैठकर खुलकर बात करें। उनकी इच्छा, लगन और कोई परेशानी है तो उसे समझने का प्रयास करें। बच्चों में परस्पर तुलना कर बालक मन को कुंठित नहीं करना चाहिए। बच्चों को निराश करने के स्थान पर मोटिवेट करने के समग्र प्रयास की आवश्यकता है। बच्चों को मशीन नहीं बनाया जाना चाहिए। बच्चों को समझाया यह जाना चाहिए कि 24 घंटे का समय सभी के पास होता है, इस समय को किस प्रकार से उपयोग करना है इस पर फोकस हो तो निश्चित रूप से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। कहने का अर्थ यह है कि बच्चों का मनोबल बढ़ाने उनमें सकारात्मकता विकसित करने की दिशा में हमें काम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षाओं से पहले अपने प्रधानमंत्री काल में 8 वीं बार परीक्षा पर चर्चा करते हुए बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को संदेश देने का सार्थक प्रयास किया है। अब सबका दायित्व है कि इन सकारात्मक पक्षों को बच्चों तक पहुंचाया जाए। बच्चों को समझाना होगा कि बड़ी बात जीवन में सफल होना है।

# आखिर दिल्ली में क्यों ढहा 'आप' का किला?

योगेश कुमार गोयल

**2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी, लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थी, जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है।**



दिल्ली में आम आदमी पार्टी का किला बुरी तरह ढह गया। आतिशी को छोड़कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थी जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई। 27 साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार कुल 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी और अब 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के लिए नाक का बहुत बड़ा सवाल था लेकिन भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई?

दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने, दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसा बनाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जैसे जो तीन प्रमुख वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे एक दशक में भी पूरे नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह इत्यादि पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनकी गिरफ्तारी ने पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को कमजोर किया। इन घटनाओं ने पार्टी की स्वच्छ राजनीति के दावे पर सवाल खड़े किए और जनता के विश्वास को कमजोर किया। खासतौर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और बाद में उनके इस्तीफे के कारण पार्टी के नेतृत्व में अस्थिरता आई और केजरीवाल की विश्वसनीयता में बड़ी कमी आई।

केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए थे लेकिन शीशमहल के मुद्दे पर वे स्वयं 'वीआईपी कल्चर' के मुद्दे पर बुरी तरह घिर गए थे। भाजपा-कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आप को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो ली ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली।

पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में बड़ा योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। इसके अलावा नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं में मुफ्त सेवाओं की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति' कहकर आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बताया। इसके अलावा, इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में आई समस्याओं ने जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई, जिससे 'आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी थी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि वह सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी।

विपक्ष और खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा भाजपा का मुखर प्रचार आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना। भाजपा ने आप सरकार की तमाम कमजोरियों को उजागर करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थी लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन नहीं होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका, जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने के फैसले ने आप की रणनीतिक कमजोरी को उजागर किया और विपक्षी एकता की कमी का स्पष्ट संकेत दिया। इसका भी दिल्ली के मतदाताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिरकर महज 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आप' को ऐसी 'आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया, जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया, उससे मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा और प्रधानमंत्री के 'आपदा' वाले नारे से भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश कई गुना बढ़ा। दिल्ली की आबादी में पूर्वांचल (बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड) से आए लोगों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है और विपक्ष ने इस समुदाय की समस्याओं को नजरअंदाज करने के आरोप लगाते हुए आप सरकार को इस मुद्दे पर घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में जहरीले झाग की समस्या, आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने देना, बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों ने पूर्वांचली समुदाय में असंतोष बढ़ाया। इस उपेक्षा के कारण इस समुदाय का समर्थन आप से हटकर अन्य दलों की ओर गया और इसका नुकसान आप को भुगतना पड़ा।

बहरहाल, केजरीवाल का दावा था कि वे नैतिकता और शुचिता की राजनीति करने आए हैं लेकिन उन्होंने दूसरे राज्यों के चुनावों में जिस तरह से पैसा खर्च किया और दिल्ली में कोरोना काल के दौरान करोड़ों रुपये खर्च कर जो 'शीशमहल' बनवाया, उसे लेकर उन पर लगातार लगते रहे आरोपों का पार्टी के पास ही कोई कारगर जवाब नहीं था। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बड़े-बड़े दावों के बीच शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के छींटे, केजरीवाल की तानाशाहीपूर्ण नेतृत्व शैली, उनका अड़ियल रवैया, इस तरह की बातों से मतदाताओं का केजरीवाल से मोहभंग होता गया और भाजपा मजबूत विकल्प के रूप में उभरती गई। कुल मिलाकर, केजरीवाल की कथनी और करनी के बीच बड़ा अंतर आप की हार का बड़ा कारण रहा। दिल्ली की खस्ताहाल सड़कों और बारिश के मौसम में जलभराव के मुद्दे ने भी दिल्ली में केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ाई। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही इस मुद्दे पर आप को घेरा, जिसने आप की लुटिया डुबोने में बड़ी भूमिका निभाई।

दृष्टि कोण

# दिल्ली चुनाव में संविधान को लेकर भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार बेअसर

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों ने न सिर्फ भविष्य की राजनीति की दिशा को स्पष्ट किया, बल्कि कुछ अहम मुद्दों पर जनता की राय को भी उजागर किया। एक प्रमुख संदेश यह है कि संविधान को लेकर भाजपा पर आरोप लगाने और उसे बदलने या अनदेखा करने का दुष्प्रचार अब असरदार नहीं रह गया है। इस नैरेटिव का उद्देश्य दलित-पिछड़ों को भाजपा से दूर रखना था, लेकिन नतीजों से स्पष्ट है कि कांग्रेस इसमें असफल रही।

आरक्षित सीटों के परिणामों में भी महत्वपूर्ण संकेत छिपे हैं। दिल्ली की 12 आरक्षित सीटों में से आठ पर आम आदमी पार्टी और चार पर भाजपा ने जीत दर्ज की। यह दिखाता है कि दलित समाज में कांग्रेस का 'संविधान का रक्षक' होने का दावा प्रभावी नहीं हुआ। राहुल गांधी ने बार-बार संविधान की प्रति लहराकर इसे मोदी सरकार के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की, लेकिन यह रणनीति मतदाताओं को प्रभावित करने में विफल रही।

दिल्ली में मुस्लिम प्रभाव वाली करीब एक दर्जन सीटों पर भी रोचक बदलाव देखने को मिला। जंगपुरा में मनीष सिसोदिया की हार से साफ है कि मुस्लिम बहुल सीटों पर आप की पकड़ पहले जैसी नहीं रही। भाजपा ने मुस्तफाबाद और करावल नगर में जीत दर्ज कर यह दिखाया कि मुस्लिम मतदाता भी उसके प्रति नरम हो रहे हैं। हालांकि, अधिकांश मुस्लिम मतदाता अब भी आप के साथ रहे।

कांग्रेस के लिए यह चुनाव एक और झटका साबित हुआ। उसे महज 6.48% वोट मिले, जो पिछले चुनाव की तुलना में थोड़ा बेहतर था, लेकिन सीटों के लिहाज से फिर भी शून्य पर ही अटकी रही। हालांकि, कांग्रेस के आक्रामक प्रचार ने केजरीवाल विरोधी माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अलका लांबा के बयान को इसी संदर्भ में देखा जा सकता है, जिसमें उन्होंने कहा कि 'दिल्ली में उनका नुकसान हुआ है, जिन्होंने दिल्ली का नुकसान किया।'

केजरीवाल का वह बयान, जिसमें उन्होंने मोदी को हराने के लिए उनके 'दूसरा जन्म' लेने की चुनौती दी थी, अब बेमानी हो गया है। तीन बार से देश की सत्ता में काबिज मोदी को दिल्ली में इस बार बड़ी सफलता मिली। दिलचस्प यह है कि इस जीत में कांग्रेस की अप्रत्यक्ष भूमिका भी रही। हालांकि, यह इतिहास में दर्ज होगा या नहीं, कहना मुश्किल है।

'संविधान खतरे में है' वाला नैरेटिव इस चुनाव में नहीं चला, लेकिन कांग्रेस शायद ही इस मुद्दे को छोड़ने वाली है। राहुल गांधी का रुख दर्शाता है कि वह अपनी रणनीति से हटने वाले नहीं, चाहे परिणाम कुछ भी हों। दिलचस्प यह भी है कि केजरीवाल ने कुछ समय पहले सभी मुख्य विपक्षी दलों से कांग्रेस के विरोध में खड़े होने की बात कही थी। अब उनकी पार्टी की हार से गठबंधन की एकजुटता पर और असर पड़ेगा। पहले से ही कमजोर विपक्षी गठबंधन में, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और शरद पवार जैसे नेताओं ने कांग्रेस की जगह आप को तरजीह दी थी। अब, जब आप खुद मुश्किल में है, तो यह इंडी गठबंधन और बिखर सकता है।

आम आदमी पार्टी की हार असम गण परिषद् की याद दिलाती है, जो 1985 में आंदोलन से उभरी थी, लेकिन महज दो कार्यकाल के भीतर अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष करने लगी। वहां आंतरिक कलह के कारण पार्टी कमजोर हो गई थी। आम आदमी पार्टी के लिए भी यह खतरा मंडरा रहा है, खासकर पंजाब में।

वहां के आप नेता यह सवाल उठा सकते हैं कि आखिर वे ऐसे नेता के नेतृत्व में क्यों रहें, जो अपनी सीट और सरकार, दोनों नहीं बचा सका। अब देखना होगा कि आम आदमी पार्टी असम गण परिषद् की तरह हाशिए पर चली जाती है या फिर कोई नई राह तलाशती है। संभावना यह भी है कि पार्टी के भीतर केजरीवाल के नेतृत्व को चुनौती दी जाए, खासकर पंजाब में, जहां केजरीवाल की पकड़ दिल्ली जितनी मजबूत नहीं है।

विचार मंथन

# 33 करोड़ देवी देवताओं के भरोसे महाकुंभ

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन चल रहा है। भक्तों में संगम जाकर स्नान करने की होड़ मची हुई है। माघ पूर्णिमा स्नान के लिए देश भर से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश और समीपवर्ती राज्यों मे जाम लग गया है। प्रयागराज से 200 से 300 किलोमीटर ईद-गिर्द चार पहिया वाहन रेंग रहे हैं। वाहनो में श्रद्धालुओं का परिवार है। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं भी हैं कई घंटे तक भूखे प्यासे रहकर जाम में फंसे हुए हैं। आस्था इतनी प्रबल है, संगम में स्नान करने का मोह छोड़ नहीं पा रहे हैं। जो छोड़ना चाहते हैं, उन्हें वापस जाने के लिए रास्ता नहीं मिल रहा है। उत्तर प्रदेश की पुलिस समस्या का समाधान नहीं निकाल पाई। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों को अपनी पुलिस व्यवस्था करनी पड़ी। अन्य राज्यों मे जाम में फंसे यात्रियों के लिए चाय-नाश्ता, भोजन-पानी की व्यवस्था प्रशासनिक एवं जन सहयोग से सामाजिक संस्थाओं द्वारा करने की कोशिश की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता, संघ के अनुवांशिक संगठन, बजरंग दल और गौ रक्षक कहां छिपे हैं। इसको लेकर लोग चर्चा करने लगे हैं। पहली बार महाकुंभ के आयोजन में 100 करोड़ श्रद्धालुओं को संगम में दर्शन कराने, ठहराने, खाने-पीने की व्यवस्था करने का दावा उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने किया था। हिंदू संगठनों ने भी महाकुंभ को लेकर बड़े-बड़े दावे किए थे। महाकुंभ शुरू होने के बाद जिस तरह से कई स्थानों पर भगदड़ मची। कुंभ मेला के क्षेत्र में कई जगहों पर आग लगी। अभी भी हजारों लोग कुंभ मेले से गायब हैं। जिसकी तलाश उत्तर प्रदेश की पुलिस अभी तक नहीं कर पाई है। उत्तर प्रदेश सरकार अभी तक मृतकों के आंकड़े को भी अपग्रेड नहीं कर पाई है। एक ही बार 30 श्रद्धालुओं की मौत होने का समाचार अधिकृत रूप से आया था। उसके बाद से लगातार अफवाहें चल रही हैं। माघ पूर्णिमा स्नान के पहले सैकडों किलोमीटर दूर तक का जाम लगा है। वह अपने आप में अभूतपूर्व है। प्रयागराज में दूध और खाने पीने की वस्तुओं का अभाव हो गया। प्रयागराज में आवश्यक वस्तुओं की कमी हो गई। बड़े वाहन प्रयागराज तक पहुंच ही नहीं पाए। प्रयागराज मे भारी भीड़ को देखते हुए जिन मुसलमानों को मेला क्षेत्र में घुसने नहीं दिया गया था। उन मुसलमान ने अपनी मस्जिद और घर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए। कुंभ में इसके पहले कभी भी इस तरह की अव्यवस्था नहीं देखी गई। उत्तर प्रदेश सरकार ने 10000 करोड रुपए से ज्यादा महाकुंभ इंतजाम में खर्च किए। जो अभी तक खर्च की गई राशि में सबसे ज्यादा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दावा किया गया था। जगह-जगह हजारों की संख्या में कैमरे लगाए गए हैं। एआई तकनीकी की मदद ली गई है। बड़े-बड़े कई सेक्टर बनाए गए हैं। उनमें सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। पल-पल की जानकारी कंट्रोल रूम को मिल रही है। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव पल-पल की जानकारी ले रहे थे। प्रयागराज की व्यवस्था डिविजनल कमिश्नर के हाथों में थी। पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी मेला क्षेत्र में लगातार सुरक्षा व्यवस्था को देख रहे थे। यह सब कागजों तक सीमित होकर रह गया। मेला क्षेत्र में भारी गंदगी फैल गई। भोजन-पानी की समस्या लगातार बनी रही। पेयजल की आपूर्ति श्रद्धालुओं के बीच में नहीं हो सकी। भारी भीड़ और जाम की हालत को देखते हुए 13 फरवरी के सुबह तक के लिए वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई। ऐसी अव्यवस्था इसके पहले कभी देखने को नहीं मिली। महाकुंभ के इस इंतजाम को लेकर करोड़ों की संख्या में आए श्रद्धालु त्राहिमाम त्राहिमाम करते रह गए। ऐसी हालत में अव्यवस्था के बीच से व्यवस्था निकलना शुरू हो गई। जो श्रद्धालु जाम में फंसे थे, उन्होंने खुद व्यवस्था बनानी शुरू कर दी। श्रद्धालु कह रहे हैं, यदि हिंदुओं के 33 करोड़ देवी देवता नहीं होते, तो वह सुरक्षित नहीं रहते। कुंभ मेले के दौरान हिंदू श्रद्धालुओं के बीच में देवी देवताओं के बीच में आस्था की अलख जगी, जिसके कारण वह पूर्ण रूप से सुरक्षित होकर अपने घर वापस लौट रहे हैं। बहरहाल सरकार कागजों पर अपनी दुकान लगती है। कागजों पर पैसे खर्च हो जाते हैं। नेताओं और अधिकारियों की तिजोरियों में करोड़ों-अरबो रुपए पहुंच जाते हैं। जो राजनीतिक दल इस धार्मिक आस्था का फायदा उठा लेता है, वह सत्ता के सिंहासन पर बैठ जाता है। श्रद्धालु हमेशा समर्थ और शक्तिमान की पूजा करते हैं। उन्ही में श्रद्धालुओं भगवान का अंश देखते हैं। श्रद्धालुओं का अपना स्वयं का भाग्य होता है। इसमें देवी-देवता और सरकार क्या कर सकते हैं। यह सोचकर भक्त नियति से समझौता कर लेता है। यही हिंदू धर्म की आस्था और सत्य का प्रतीक है। दुनिया के देशों में जिस तरह से महाकुंभ के आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार किया गया था। महाकुंभ की समाप्ति के पहले प्रचार प्रसार का यह ढोल पूरी तरह से फट गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की इससे पहले इतनी बड़ी बदनामी कभी नहीं हुई होगी, जो इस महाकुंभ में हुई है। बरबस हर आदमी के मुंह से निकल रहा है। अव्यवस्था के बीच में पहली बार व्यवस्था को निकलते हुए देखा है। अव्यवस्था से व्यवस्था कैसे बनती है, इसका उदाहरण यह महाकुंभ है। इसे कॉलेजों के पाठ्यक्रम में शामिल करके मैनेजमेंट ओर एडमिनिस्ट्रेशन के छात्रों और प्रबंधन के कार्य में लगे हुए लोगों को पढाने और सिखाने की जरूरत है। ताकि जो स्थिति इस महाकुंभ में बनी है, भविष्य में वह स्थिति पुनः ना बने।

भ्रष्टाचार पर होगा वार

# विभागों की मलाई पर तकरार

वैश्विक स्तरपर आज सारी दुनियाँ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के दंश से अर्थव्यवस्था में कमजोरी महसूस कर रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार रूपी काली कमाई भ्रष्टाचारियों द्वारा बेहद सस्पेंस वाली जगह पर छुपा कर रखा जाता है,जो अर्थव्यवस्था के सरकुलेशन में काम नहीं आती। मसलन 2000 के नोटों की लंबी राशि चलन में नहीं आ रही थी यानी मतलब साफ है भ्रष्टाचार्यों के पास लॉक हो गई थी,नतीजा नोटों की नोटबंदी ही पर्याय था। परंतु बहुत ताजुब की बात है एक ओर जहां सरकार भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस करने कमर कसकर भिड़ी हुई है दूसरी ओर हमेशा देखा जाता है की राजनीति में सहयोगी पार्टी या पार्टी के अंदर ही पार्टी के कद्दावर नेताओं में मंत्रालय के विभागों की मलाई पर तकरार होती है,यानें सरकारी टेंडर में परसेंटेज के मामले होते हैं,इसीलिए ही 40 या 50 पेर्सेंट के आरोप प्रत्यारोप राजनीति में सभी बातें एक दूसरे के ऊपर लगाते रहते हैं अक्सर चुनाव जीते हुए व्यक्तियों से लेकर मंत्री व चपरासी से लेकर उच्च पदासीन अधिकारी इसमें शामिल होते हैं तो फिर भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति का क्या अर्थ हुआ? जो रेखांकित करने वाली बात है, जिसका सटीक उदाहरण महाराष्ट्र के एक नेता पर गृहमंत्री होने के बावजूद 100 करोड़ प्रतिमाह का आरोप लगा था वो जेल भी गए थे। ऐसे अनेक आरोप राजनीतिज्ञों मंत्रियों पर लगते रहते हैं जो रेखा रेखांकित करने वाली बात है, जिससे क्लियर होता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से लेकर नीचे की ओर चलता है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेविभागों की मलाई पर तकरार, भ्रष्टाचार पर कैसे होगा पलटवार !तथा भ्रष्ट प्लस अचार एट द रेट ऑफ भ्रष्टाचार, लोक निर्माण सरकारी टेंडर गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है?

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के अर्थ को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार शब्द दो शब्दों की संधि से बना है-भ्रष्ट+आचार,जिनके निम्न अर्थ हैं-भ्रष्ट=दूषित, गंदा, अनैतिक,गलत, आपराधिक, आचार=आचरण, व्यवहार, कार्यकप कार्य, तो सीधे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार का तात्पर्य उस कार्य से है जो गलत हो, अनैतिक हो, आपराधिक हो या दूषित हो। हमारे राजनेताओं की कृपा से आजकल यह शब्द मुख्यतया राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग होता है लेकिन सामान्यतया हर वह आचरण भ्रष्टाचार है जो कि किसी गलत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनैतिक ढंग से और दुर्भावना से किया जाए।केवल सरकारी कार्यों में घोटाले करना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि अपने आदर्शों से समझौता करना और निजी लाभ के लिए किसी अन्य को पीड़ा पहुंचाना भी भ्रष्टाचार है।दूधवाले का दूध में पानी मिलाना भी भ्रष्टाचार है और शिक्षक का कक्षा में ना पढ़ाना भी भ्रष्टाचार है। अधिकारी का काम ना करना भी भ्रष्टाचार है और काम के बदले रिश्वत मांगना भी भ्रष्टाचार है। टैक्स चोरी करना भी भ्रष्टाचार है और यातायात के नियमों को ना मानना भी भ्रष्टाचार है।सीमित शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं में घोटाले करना ही नहीं है बल्कि निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार से आर्थिक दुष्प्रभाव की करें तो,भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है,मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है, इस फॉर्मूले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं,परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है।भारत और चीन की विकास दर अधिक है।भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है।मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ यदि इस रकम को शेयर बाजार में लगाया गया तो भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव कुछ घटता है,दक्षिणी अमेरिकी देशों एवं भारत में यह अंतर साफ है। दक्षिण अमेरिका के नेताओं ने घूस की रकम को स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा करा दिया। नतीजा विकास में गिरावट आयी,परंतु भारतीय नेताओं ने स्विस बैंकों में जमा कराने के साथ- साथ घरेलू उद्यमियों के पास भी रकम जमा करायी। यदि घूस की रकम का निवेश किया जाये, तो अनैतिक भ्रष्टाचार का आर्थिक सुप्रभाव भी पड़ सकता है।मान लीजिए सरकारी निवेश में औसतन 70 फीसदी रकम का सदुपयोग होता है, जबकि निजी निवेश में 90 फीसदी का, ऐसे में यदि एक करोड़ रुपये को भ्रष्टाचार के माध्यम से निकाल कर निजी कंपनियों में लगा दिया जाये, तो 20 लाख रुपये का निवेश बढ़ेगा।अर्थशास्त्र में एक विधा 'बचत की प्रवृत्ति' के नाम से जानी जाती है। अपनी अतिरिक्त आय में से व्यक्ति कितनी बचत करता है उसे 'बचत की प्रवृत्ति' कहा जाता है। गरीब की 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 90 रुपये की खपत करता है और 10 रुपये की बचत. तुलना में अमीर को 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 10 रुपये की खपत करता है और 90 रुपये की बचत करता है.मान लीजिए अमीर इंजीनियर ने गरीब किसान से 100 रुपये की घूस ली। गरीब की आय में 100 रुपये की गिरावट आयी, जिसके कारण बचत में 10 रुपये की कटौती हुई. परंतु अमीर इंजीनियर ने 100 रुपये की घूस में 90 रुपये की बचत की. इस प्रकार घूस के लेनदेन से कुल बचत में 80 रुपये की वृद्धि हुई। अमीर द्वारा गरीब का शोषण सामाजिक दृष्टि से गलत होते हुए भी आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हो गया।भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है। मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है। इस फॉर्मूले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं। परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत और चीन की विकास दर अधिक है. भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है.मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया.

# बीडीओ ने की हूरनाली पंचायत सचिवालय में समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के हूरनाली पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पंचायत में संचालित हो रही योजनाओं के बेहतर क्रियान्यवन एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीयो से ग्राम पंचायत हुरनाली में संचालित योजनाओं के कार्यो कि एजेंडा वार समीक्षा की गई। सर्वप्रथम शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई। सभी विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया जाना हैद्य वैसे विद्यालय जहां आरओ नहीं लगा हुआ है से संबंधित सूची प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। संबंधित विद्यालयों में 15वे वित्त आयोग मद की राशि से आरओ सिस्टम लगाया जाएगा द्ध प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत छूटे हुए लाभुको के सर्वे का कार्य पीडब्लूएल सूची के अनुसार अविलंब पूर्ण करने को कहा गया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत अपूर्ण आवासो को पूर्ण करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम जेएसपीएलएस विभाग के द्वारा चलाया जाएगा। मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित फोटो हो खेल मैदान योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, आम बागवानी आदि की समीक्षा की गई। प्राथमिक विद्यालय टेटुआतरी का भवन बिल्कुल जर्जर होने की जानकारी दी गई जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा डीएमएफटी मद से नया भवन बनाने हेतु ग्राम सभा का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश मुखिया को दिया गया। फोटो हो खेल मैदान योजना अंतर्गत विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग को दिया गयाद्य बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 10 योजनाओं को चिन्हित कर रखने को कहा गया ताकि लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रारंभ कराया जा सके। मनरेगा योजना के तहत कुप योजना का लाभ आम बागवानी योजना के लाभुको को ही दिया जाएगा। डीएमएफटी मद से मिलने वाली 2 ॥क्कएवं 01 ॥क्कपंप सेट के लिए जल स्रोत का जियो टैग फोटोग्राफ आवेदन के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया गया ।लाभुकों का चयन ग्राम सभा के माध्यम से किया जाएगा। पंचायत वार राजस्व ग्राम का समीक्षा किया गया। आपसी सहमति एवं बंटवारा के आधार पर जमाबंदी का कार्य करने हेतु जागरुक करने का निर्देश सभी राजस्व उपनिरीक्षक को दिया गया। उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु पंचायत में कैंप लगाने को कहा गया। कृषि विभाग से संबंधित उपस्थित बीटीएम के द्वारा बताया गया कि मूंग दाल बीज वितरण हेतु प्राप्त हुआ है।

# मिडिल स्कूल में इंटर की परीक्षा हुई संपन्न, 247 विद्यार्थी शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के मिडिल स्कूल परीक्षा केंद्र में इंटरमीडिएट का परीक्षा बृहस्पतिवार को शांति पूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न हुआ। जहां कुल 247 परीक्षार्थी थे। और सभी के सभी उपस्थित हुए। पीएम श्री मध्य विद्यालय गिद्धौर के केंद्राधीक्षक राजकुमार यादव के साथ विद्यालय प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय व अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

# बागेश्वरी गायत्री धाम ट्रस्ट परिसर में बनरहे कॉल स्टोरेज में घोर अनियमता



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बांय गांव समीप मां बागेश्वरी गायत्री धाम ट्रस्ट परिसर में बनाए जा रहे कॉल स्टोरेज में घोर अनियमित बरती जा रही है।कोल्ड स्टोरेज बनकर तैयार भी नहीं हुआ और गिरने लगा है।बताया जाता है कि बागेश्वरी ट्रस्ट में किसानों के लिए नाबार्ड से कॉल्ड स्टोरेज का निर्माण कार्य 10 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है।यह निर्माण कार्य में निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया गया है।कोल्ड कॉल स्टोरेज निर्माण कार्य का दीवार पूर्ण होने के बाद लोहे का एंगल व बांस की बल्ली पर कोरकेट सीट डाला गया था।कोरकेट सीट चढ़ाते ही धड़ल्ले से बीते बुधवार को गिर गया।बताया गया कि नाबार्ड के द्वारा 10 लाख रुपए की लागत से किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराया जा रहा था जिसमें किसानों के लाभ के लाभ को लेकर बनाया जा रहा है। कोल्ड स्टोरेज नाबार्ड के डीडीएम मृत्युंजय बक्शी के देखरेख में बनाया जा रहा था। जबकि मौके पर मौजूद ट्रस्ट के सुबोध कुमार से पूछे जाने पर बताया कि निम्न क्वालिटी का सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।इसे पूरी तरह से उखाड़ कर निर्माण कराने की बात कही।

# संत शिरोमणि रैदास का 648 वा जयंती समारोह धूम धाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संत शिरोमणि भक्त रैदास जी का 648 वा जयंती समारोह पूरे धूम धाम से मनाया गया।जयंती समारोह पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में इनके चाहने वाले महिला एवं पुरुषों ने कलश लेकर शोभा यात्रा निकाली। जिसमें सराढु,सोपारम, कोयद, कसियाडीह, रक्सी, गाड़ीलौंग समेत कई गावों में शोभा यात्रा के साथ साथ संत रैदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गो पर चलने का संकल्प लिया गया।इधर सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास ने पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत के कसियाडीह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुवे। श्री दास ने अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि रैदास जी संतो के संत थे।हम लोगो को इनके विचारो और सिद्धांतो पर चलने की आवश्यकता है।संत रैदास ने छुआछूत का भेदभाव को समाप्त कर, सभी समुदाय के लोगों से एक साथ मिलकर जीवन जीने का विचार दिए। इस जयंती समारोह में उपस्थित सिमरिया एसडीएम सनी राज ने अपने संबोधन में संत रैदास की जीवनी पर प्रमुखता से प्रकाश डालते हुए इनके विचारो को सभी के बीच रखे।इस मौके पर रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अमेरिका दास, रामावतार राम, रंजित दास, नागेश्वर राम, जागेश्वर दास, प्रमोद सिंह, ईश्वर दयाल पांडे,अशोक कुमार दास, मंटू दास, जीवन राम, तपेश्वर राम, दीपक दास, बिनोद राम, संजय राम, कुलदीप दास, राजदेव राम, दिवाकर कुमार समेत इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

# प्रतापपुर प्रखंड में 15 वीं वित की राशि निकासी में जल्दबाजी के क्या हैं मायने

➲एक हीं एजेंसी (वेंडर) के खाते में लगभग करोड़ों का भुगतान
➲वितीय वर्ष 2024-25 के जनवरी माह में हीं करोड़ों की निकासी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** पंचायती राज विभाग के द्वारा पंचायतों को विकास कार्य कराए जाने हेतु 15वीं वित आयोग की राशि उपलब्ध कराई गई है।सरकार के गाइडलाइन के अनुसार यह प्रावधान है कि मुखिया सचिव को ग्रामसभा में अनुमोदन कराकर ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम में चयनित कार्य की 60 -40 के रेशियों में कार्य कराना है। अर्थात् स्वच्छता पर 30त्न , शिक्षा पर 30त्न इसके बाद बाकी बचे राशि का 40 त्न की राशि अधो संरचना यानी अनटाइड पर खर्च करनी हैं। परंतु इन सभी नियमों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जीपीडीपी कुछ और बना कर पोर्टल पर ऑनलाइन किया गया है और कार्य खुदके मनमुताबिक हो रहा है और राशि का भुगतान किया जा रहा है। अभी इसी पिछले दिसंबर माह से लेकर फरवरी माह तक हीं बिल वाउचर लगाकर कुल 2 करोड़ 1 लाख 94 हजार 171 रुपए का भुगतान संबंधित वेंडर को किया गया है इसमें अकेले सिर्फ जनवरी माह में ही एक या दो दिन में हीं एक करोड़ से ज्यादा की राशि की निकासी की गई है। किसी किसी पंचायत में तो जनवरी माह के एक या दो दिन में हीं रातों रात 18 लाख, 21 लाख, 16 लाख , 10 लाख, 15 लाख तथा 11 लाख तक का भुगतान वेंडर को किया गया है। मजे की बात तो यह है कि अधिकतर राशि एक हीं वेंडर के खाते में ट्रांसफर की गई है जो जांच का विषय है। 15 वीं वित की राशि को सीमेंटेड चेयर, सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन, हैंडवाश यूनिट, वाटर कूलर , जलमीनार मरम्मती, जलमीनार अधिष्ठान, सार्वजनिक शौचालय और सार्वजनिक स्नानघर , फ़ेबर ब्लॉक, कल्वर्ट पुलिया निर्माण, पंचायत भवन सुदृढ़ीकरण आदि दिखाकर 15वीं वित की राशि निकाली गई है। अब सवाल यह उठता है कि इतने बड़े पैमाने पर फिफ्टीन फाइनेंस की राशि निकासी हुई है तो क्या वाकई में कार्य धरती पर हुए हैं या सिर्फ और सिर्फ फर्जी बिल वाउचर के आधार पर राशि का बंदरबांट किया गया है। कई पंचायत के वार्ड सदस्यों एवं पंचायत समिति सदस्य को तो इसकी भनक तक नहीं है। वहीं कई पंचायतों में जीपीडीपी में चढ़ाए गए योजना और ईग्राम स्वराज पोर्टल पर योजना को पूर्ण दिखाकर पेमेंट करने में दूर दूर तक एकरूपता नहीं है उसके बाबजूद योजना को पूर्ण दिखाकर राशि का भुगतान संबंधित लाभुक/एजेंसी को कर दिया गया है। जो स्थल वेरिफिकेशन के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। जब कई पंचायत के वार्ड सदस्यों से जानकारी ली गई तो उनका कहना है कि सिर्फ फर्जी ग्रामसभा कर योजना मनमुताबिक ले ली जाती है वहीं जब सीमेंटेड चेयर, वेंडर मशीन या वॉटर कूलर आदि की खरीद की बात पूछी गई तो उनका जवाब था कि कोई क्रय समिति की बैठक कर निर्णय नहीं होता है यहां तक कि वार्ड सदस्यों की फर्जी हस्ताक्षर कर कार्यकारणी या क्रय समिति की बैठक दर्शा कर सामानों की खरीददारी मुखिया तथा पंचायत सचिव के द्वारा कर ली जाती है। वहीं कई गांव वालों ने बताया कि पुराने चापानल में हीं जलमीनार आदि अधिष्ठान कर उसे नया रूप देकर राशि का गबन कर लिया जाता है। कई बार तो किसी और मद से बनाए गए पुल पुलिया या नाली आदि को भी 15 वित से निर्माण बताकर नया रूप देकर राशि की निकासी कर ली जाती है। सारे मामले को लेकर कई पंचायत के वार्ड सदस्यों तथा पंचायत समिति सदस्यों ने पंद्रहवीं वित की राशि बड़े पैमाने कर निकासी होने तथा पंचायत में उसके अनुरूप कार्य नहीं दिखने को लेकर उप विकास आयुक्त चतरा तथा पंचायती राज विभाग को लिखित शिकायत करने की बात कही है।वहीं पूरे मामले को लेकर जब ब्लॉक कॉर्डिनेटर (15वीं वित)से बात किया तो उनका कहना है कि इस मामले में मैं कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हूं।

# महाराष्ट्र मजदूरी करने गया छोटेलाल लौटा शव बनकर, गांव में मातम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के मजदूर छोटे लाल उरांव (25) की मौत सोमवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले के मंचर शहर में पांच मंजिला मकान से गिरने से हो गई। वह तरवाडीह पंचायत के हरतुआ गांव का रहने वाला था। इधर छोटेलाल का शव संवेदक के द्वारा बुधवार की मध्य रात्रि एंबुलेंस से उसके गांव पहुंचाया गया। इधर शव गांव में पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद गुरूवार की सुबह गांव का माहौल गमगीन हो उठा। मृतक की पत्नी प्रतिमा देवी और परिजनों में चीत्कार और कोहराम मच गया। जबकि संवेदक द्वारा दो दिन बाद गांव में शव पहुंचाने के खिलाफ ग्रामीणों में रोष देखा गया। मृतक के भाई झाबर उरांव ने थाने में संवेदक के खिलाफ आवेदन देकर लापरवाही का आरोप लगाया है।मृतक के भाई ने कहा कि गत आठ जनवरी को मेरे भाई छोटेलाल उरांव को शहर के डुरूआ, रेलवे स्टेशन निवासी अमित कच्छप उर्फ अकमल हुसैन के द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड का काम कराने के नाम पर महाराष्ट्र के पुणे जिले के मंचर शहर में ले जाया गया। परंतु वहां उससे गार्ड का काम न कराकर मजदूरी में लगा दिया गया। मेरे भाई के साथ गांव के ही संजय उरांव भी गये थे। परंतु अचानक दस फरवरी दिन सोमवार को गांव के संजय उरांव ने बताया कि संवेदक के कहने पर वहां के मालिक के द्वारा बिना सेफ्टी बेल्ट और बिना हेलमेट के मेरे भाई को काम हेतु पांच मंजिला मकान पर चढ़ा दिया। जहां गिरने के कारण उसके सर पर गंभीर चोटें आई और मौके पर ही उसकी मौत हो सकी। मृतक के भाई ने बताया कि अमित कच्छप उर्फ अकमल हुसैन के द्वारा गांव के भोले भाले ग्रामीणों को बहला फुसलाकर और झांसा देकर काम कराने के लिए बाहर के राज्यों में ले जाया जात है और की गई मजदूरी का भुगतान भी नहीं दिया जाता हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी और एक वर्षीय बेटा छोड़ दुनिया से चला गया।

# पुलिस ने दो दिनों में 42 एकड़ भुमि पर लगे अवैध पोस्ता को किया विनिष्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने दो दिनो मे लगभग 42 एकड़ भुमि पर लगे अवैध पोस्ता को विनिष्ट किया. गुरुवार को थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत नावाडीह में 16 एकड़ भुमि पर लगे अवैध पोस्ता को नष्ट किया वहीं बालुभांग पंचायत अंतर्गत इंदुआ, बूढीसखुआ, डकादिरी गांवों में वन भूमि पर 26 एकड़ मे फैले अवैध पोस्ता की खेती को लाठी डंडा से पीटकर कर नस्ट किया गया. थाना प्रभारी ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा उक्त क्षेत्र मे लगे अवैध पोस्ता के फसल को ट्रैक्टर व लाठी-डंडों से पीटकर नष्ट किया गया। आगे उन्होंने कहा कि इस अवैध खेती में संलिप्त दोसी व्यक्तियों की विरुद्ध पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है. दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इस अभियान में थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बरवाडीह में आंगनबाड़ी केंद्रों का खस्ताहाल, नहीं मिल रहा पोष्टिक आहार : सुशीला देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों के बंद होने पोष्टिक आहार का नहीं मिलना बच्चों की उपस्थिति नहीं रहने का मामला अब खुलकर सामने आ रहा है। वहीं इस मामले में शिकायतों के आधार पर गुरुवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि अहिरपुरवा आंगनबाड़ी केंद्र में पिछले कई दिनों से बच्चों को पोष्टिक आहार नहीं मिल रहे हैं हालांकि सेविका मौजूद थी। इस दौरान उन्होंने बताया कि मुर्गीडीह आंगनबाड़ी केंद्र संख्या दो बंद पाया गया और मंगरा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या तीन में एक भी बच्चे नहीं देखे गए।इस संबंध में प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों का खस्ताहाल है, सेविकाओं द्वारा बच्चों को शिक्षा तो दूर गुणवत्तापूर्ण भोजन से भी महरूम कर दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को केवल खिचड़ी परोसा जाता है। उन्होंने मामले की जांच रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को पत्राचार करने की बात कही।

# भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा लाखों से बना जलमीनार



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत गढ़बुढ़नी पंचायत के कई गावों में नल जल मिशन योजना के तहत बने जलमीनार भ्रष्टाचार के तले सिमट गया।जहाँ ठेकेदार द्वारा सारा पैसा डकार दिये गये।बतादें कि पंचायत के छोटकी लुरगुमी, बाराही, चुटिया, इत्यादि कई गावों में ठेकेदार द्वारा आधे अधूरे काम करके छोड़ दिए गये हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नल जल मिशन योजना के तहत हर घर में पानी पहुंचाने की योजना थी, परन्तु ठेकेदार द्वारा ठीक इसके विपरीत कार्य किये गये हैं।हर एक बोरिंग में कुछ न कुछ कमियां है।बहुत से बोरिंग में तो पानी का टैंक है लेकिन सोलर नहीं है. वहीं कहीं सोलर है तो मोटर नहीं लगाया गया. वहीं अगर कहीं लगा भी है तो पानी घर तक पहुंच नहीं पा रहा है. जिससे पानी का बहाव जैसे तैसे हो रहा है. इतना ही नहीं इस मिशन के तहत हर बोर पर एक हैंड पंप लगाने की स्कीम थी, जिससे मोटर काम न करने पर लोग उससे पानी का उपयोग कर सकते थे, परन्तु ठेकेदार द्वारा इस तरह का काम बिलकुल न करके पैसे की निकासी कर डकार दिये गये. इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मदद की गुहार लगायी है।

# नाम सुधार की मांग को लेकर अमर कुमार ने लगाई गुहार



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत पोस्ट पाण्डेयपुरा ग्राम कढ़ीमा थाना +जिला लातेहार झारखंड निवासी अमर कुमार (उम्र 21 वर्ष), पिता सकिन्द्र भुइयां, अपने आधार कार्ड में नाम की त्रुटि के कारण गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं।अमर कुमार ने बताया कि उनके आधार कार्ड में नाम गलत तरीके से विक्रम भुइयां दर्ज हो गया है, जबकि उनके सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्र एवं अन्य आधिकारिक दस्तावेजों में उनका सही नाम अमर कुमार ही है। इस त्रुटि के चलते वे किसी भी सरकारी या निजी कार्य को सुचारू रूप से पूरा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द उनके आधार कार्ड में सही नाम दर्ज किया जाए, ताकि वे अपनी शिक्षा एवं अन्य जरूरी कार्यों को बिना किसी बाधा के आगे बढ़ा सकें। **प्रशासन से शीघ्र समाधान की अपील** अमर कुमार ने जिला प्रशासन और आधार प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि इस समस्या का जल्द समाधान निकालते हुए उनके नाम में आवश्यक सुधार किया जाए, ताकि वे अपने जीवन के महत्वपूर्ण कार्यों को बिना किसी बाधा के पूरा कर सकें।

# महिला सशक्तिकरण एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर परिसर मे एकल ग्रामोंउत्थान फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु एक अहम कदम उठाया गया है। फाउंडेशन ने लातेहार जिले में ÷महिला सशक्तिकरण एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र÷ का शुभारंभ किया है। इस केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस केंद्र में महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई और अन्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे अपने परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान कर सकें। इसके अलावा, यह केंद्र महिलाओं के सामाजिक और मानसिक विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इस अवसर पर एकल ग्रामोंउत्थान फाउंडेशन के पदाधिकारी, प्रकाश महतो, राजनाथ उरांव, निलेश उरांव, शिल्पा कुमारी विष्णु सिंह स्थानीय ग्राम पंचायत सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की।इस अवसार पर लातेहार अंचल के संच अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद, सचिव राजेंद्र सिन्हा उर्फ राजू लाल,मनमोहन राम कोषाध्यक्ष, पवन कुमार प्रसाद संच अध्यक्ष, पुरुषोत्तम शर्मा संरक्षक, वीरेंद्र प्रसाद सत्येंद्र प्रसाद राजीव कुमार बजरंग प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आवंटित अबुआ आवास का नहीं होता स्थल वेरिफिकेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड में अबुआ आवास आवंटन में गड़बड़ी का मामला परत दर परत खुलते सामने आ रहा है। प्रखंड अंतर्गत पंचायत केड़ के अलावा पंचायत चुंगरु के योग्य लाभुक अपने झुग्गियों में रहने को मजबूर हैं। वहीं संपन्न अपात्र लाभुकों को एक एक कर पिछले सत्र में प्रधानमंत्री आवास के साथ अबुआ आवास आवंटित किए गए हैं। बरवाडीह में भ्रष्टाचार का दायरा इतना बढ़ गया है कि गरीब कमजोर आवास का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं। जहां शुरुआती दौर से ही लाभुकों के चयन में अनियमितता बरती जा रही है और अब भी जारी है। ऐसे ही एक और मामला सामने आ रहा है जो पंचायत केड़ के अबुआ आवास लाभुक शोभा देवी पति अजय साव, कमला देवी पति ललन यादव, संगीता देवी पति संतोष यादव जो अपात्र लाभुक हैं। बताया जा रहा है कि इनके पक्के और आलिशान मकान हैं। वहीं पंचायत चुंगरु में प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में कमलेश यादव नामक लाभुक को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला साथ ही उनके पुत्र संजीव कुमार यादव को भी आवास का लाभ दिया गया है ,हद तो तब हो गया जब उनके छोटे पुत्र लालू यादव को वर्ष 2024-25 में अबुआ आवास का लाभ दे दिया गया। सबसे बड़ी बात आवंटित अबुआ आवास का स्थल वेरिफिकेशन का जिम्मेदार कौन है और कौन है जो जिओ टैग का मज़ाक़ बनाया हुआ है। वहीं भ्रष्टाचार का दुसरी बड़ी वजह अबुआ आवास आवंटन की पारदर्शिता को सीधे खारिज कर दिया गया है, अबतक ग्रामीणों के साथ जागरूक नागरिकों को आवास आवंटन की प्राथमिकता सूची की जानकारी नहीं है और न ही पंचायतों में सूची चस्पा किया गया है जिससे लाभुकों को भी पता नहीं कि कितने नम्बर पर हम खड़े हैं।

# मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर गुरुवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आशीष कुमार साहू 36 वर्ष पिता उमेश साव ग्राम बालूमाथ निवासी मोटरसाइकिल से पकरी ग्राम से बालूमाथ की ओर आ रहा था ।इसी दौरान पकरी ग्राम स्थित मोड़ के समीप बाइक से असंतुलित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

# कैप्टन करमजीत सिंह पंचतत्व मे हुए विलीन, अंतिम यात्रा मे उमड़ा शहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में एलओसी पर आईईडी विस्फोट में शहीद हुए झारखंड के हजारीबाग निवासी आर्मी कैप्टन करमजीत सिंह की अंतिम यात्रा में गुरुवार को पूरा शहर उमड़ पड़ा। शहर के खीरगांव स्थित मुक्तिधाम में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि कर दी गई। शहर के जुलू पार्क स्थित आवास से शहीद की अंतिम यात्रा में ''कैप्टन करमजीत अमर रहे'' और ''भारत माता की जय'' के नारे गूंज उठे। हजारों लोग तिरंगा और शहीद की तस्वीरें लेकर अंतिम यात्रा में शामिल हुए। हजारीबाग की उपायुक्त नैन्सी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह सहित सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौके पर मौजूद रहे।

**आखिरी दर्शन किए और फूलों की बारिश की**

शहर के जिन रास्तों से होकर शहीद की अंतिम यात्रा निकली, वहां सड़कों के दोनों किनारों और घरों की छतों पर मौजूद लोगों ने उनके आखिरी दर्शन किए और फूलों की बारिश की। अंतिम यात्रा में शामिल कई लोगों ने तिरंगे और शहीद की तस्वीरों वाली तख्तियां ले रखी थीं। उनके सम्मान में गुरुवार को शहर के गुरु गोविंद सिंह रोड की सभी दुकानें बंद रखी गई हैं। मुक्तिधाम में शहीद कैप्टन को सशस्त्र सलामी देने के बाद जब सेना के अधिकारियों ने पार्थिव शरीर पर रखा तिरंगा उनकी मां नीलू बख्शी को सौंपा तो उन्होंने भर्राए स्वर से ''जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल'' का जयकारा लगाया। उनके पिता अजनिंदर सिंह ने आंखों से अविरल बहते आंसुओं के साथ उन्हें मुखाग्नि दी।





**अजनिंदर सिंह बख्शी और नीलू बख्शी के इकलौते पुत्र थे**

28 वर्षीय कैप्टन करमजीत सिंह शहर के मशहूर रेस्टोरेंट और टेंट हाउस के व्यवसायी अजनिंदर सिंह बख्शी और नीलू बख्शी के इकलौते पुत्र थे। उनकी शादी आगामी 5 अप्रैल को होने वाली थी। अपनी शादी की तैयारियों के सिलसिले में वह हाल में हजारीबाग आए थे और 10 दिन पहले वापस ड्यूटी पर लौटे थे। उनका रिश्ता आर्मी में काम करने वाली एक मेडिकल ऑफिसर के साथ तय हुआ था। उनकी मंगेतर गुरुवार सुबह उन्हें नमन करने पहुंचीं तो हर किसी की आंखें नम हो उठीं। करमजीत सिंह मंगलवार को एलओसी पर सेना की जिस टुकड़ी को लेकर गश्त कर रहे थे, वह आतंकियों द्वारा बिछाई गई आईईडी की चपेट में आ गई। करमजीत सिंह और टुकड़ी में शामिल एक कांस्टेबल इस विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सेना ने हॉस्पिटल में दाखिल कराया, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। उनका पार्थवि शरीर बुधवार शाम रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया गया था, तब राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में शहीद कैप्टन का शव रामगढ़ स्थित सेना के सिख रेजिमेंट ले जाया गया, जहां हजारों जवानों ने उनके अंतिम दर्शन किए। रेजिमेंट में गुरुवार सुबह सशस्त्र सलामी के बाद उनका शव हजारीबाग स्थित आवास लाया गया था।

**पिता चाहते थे कि बेटा आइएएस या आइपीएस बने**

शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी के पिता अजिंदर सिंह ने बताया कि करमजीत शुरू से ही पढ़ने मे ठीक थे और उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा प्रो. माया सिंह के घर रहकर पूरी की। परिवार के लोग चाहते थे कि वे आइएएस या आइपीएस अधिकारी बनें, लेकिन करमजीत पर सेना में अधिकारी बनने का जुनून सवार था। बेटे की जिद के आगे परिवार को झुकना पड़ा और उन्हें सेना में जाने की अनुमति दे दी। करमजीत ने देहरादून स्थित डलहौजी प्लस टू विद्यालय में दाखिला लिया। यहीं से उन्होंने एनडीए की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर लेफ्टिनेंट का पद हासिल किया।

**हौसले और जुनून के दम पर पाई थी सफलता**

सेना में जाने का जुनून शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी पर बचपन से ही सवार था। उनका हाथ टूट चुका था। चिकित्सक ने उन्हें ठीक करने में गलती कर दी थी। पहले प्रयास में सेना के चिकित्सकों ने जांच के दौरान करमजीत को अनफिट घोषित कर दिया था, लेकिन हार मानने की बजाय उन्होंने अपनी तैयारी को दोगुना कर दिया। बेहतर से बेहतर चिकित्सकों से मिले और अंततः उनकी मेहनत रंग लाई। उन्हें 2019 में सेना में शामिल होने का अवसर मिला। सेना में भर्ती के लिए वह दौड़ व अन्य शारीरिक अभ्यास जमकर करते थे। सफलता के लिए उन्होंने 36 किलोमीटर की दौड़ शुरू कर दी थी।

## बरहीडीह छठ घाट सूर्य मंदिर महायज्ञ महोत्सव को लेकर ध्वजारोहण और भूमिपूजन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरहीडीह के प्राचीन छठ घाट स्थित सूर्य मंदिर में महायज्ञ महोत्सव को लेकर भव्य ध्वजारोहण और भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, उन्होंने विधिवत रूप से ध्वजारोहण किया। इस धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महायज्ञ महोत्सव की शुरुआत विधिवत पूजन और ध्वजारोहण से हुई, जिसका नेतृत्व विधायक मनोज यादव ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने महायज्ञ की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं, कहा कि यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। समिति अध्यक्ष राजसिंह चौहान, सचिव राजवंशी सिंह व कोषाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि यह महायज्ञ 9 दिनों तक चलेगा और इसे वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार मुख्य आचार्य रामचंद्र पांडे और उनके सहयोगी ब्राह्मणों के नेतृत्व में संपन्न किया जाएगा। 16 फरवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 17 फरवरी को अरणी स्थापना की जाएगी। 17 से 23 फरवरी को प्रतिदिन संध्या के समय भागवत कथा का आयोजन होगा, जिसे बनारस की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री राजनंदनी जी प्रस्तुत करेंगी। 24 फरवरी को महायज्ञ की पूर्णाहुति, कन्या भोजन, भंडारा और कलश विसर्जन के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। कमिटी के पदाधिकारियों ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना और समाज में शांति एवं सद्भावना का संदेश फैलाना।

## बरही नगर भवन में रोजगार मेला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में गुरुवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों युवाओं को रोजगार पाने का अवसर मिला। इस मेले में विभिन्न कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए और 110 योग्य उम्मीदवारों का निबंधन कर चयन किया। रोजगार मेले का उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर विधायक मनोज यादव ने कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं, जिससे वे अपनी क्षमताओं के अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं को कौशल विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। यह रोजगार मेला ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत प्रखंड स्तरीय टूल मोबिलाइजेशन कैंप के रूप में आयोजित किया गया था। इस दौरान राधगोविंद, सेफएजुकेट, सीपीआईटी, कॉटन ब्लॉसम, एस्ट्रिक, साही एक्सपोर्ट, बेस्ट कॉर्पोरेशन और रस्तोगी जैसी प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया। इन कंपनियों ने एसएमओ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, नर्सिंग, इलेक्ट्रिशियन सहित कई अन्य क्षेत्रों में युवाओं



के लिए नौकरियों की पेशकश की। मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा पहुंचे और विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया। कंपनियों ने उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए और योग्य उम्मीदवारों को तत्काल नौकरी का प्रस्ताव दिया। कार्यक्रम का संचालन जेएसपीएलएस के विनीता देवी ने किया। रोजगार मेले में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, मंगलदेव यादव, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, प्रमुख मनोज रजक, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया मनोज कुमार, गोविंद साहू, अर्जुन रविदास, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, सचिन यादव, इंद्रदेव ठाकुर, झमन यादव, अनुज रविदास, मनोज राणा एवं जेएसपीएलएस के जिला से मैरी मैडम, बीपीएम केदार प्रजापति, राजीव पांडेय, रवि, पायल,अमित, प्रमोद, सुदेश कुमार उपस्थित थे। सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीवीसी कोनार डिस्पेंसरी में लिवर फाइब्रो स्कैनिंग जांच शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** जायडस फार्मा हेल्थ केयर, रांची के सहयोग से विष्णुगढ़ डीवीसी कोनार डैम डिस्पेंसरी में लिवर फाइब्रो स्कैनिंग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कोनार परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह,डॉक्टर बी एन मंडल, प्रबंधक असैनिक गोपाल महतो, पवन कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, सीएसआर के सुनील कुमार, बी के महतो, राजेश्वर रजक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जायडस फार्मा हेल्थ केयर की ओर से सुशांत सिंह और लैब टेक्नीशियन के द्वारा मरीजो की जाँच उनकी देखरेख में किया गया। शिविर में लिवर फाइब्रोसिस और फैटी लीवर संबंधित 119 लोगों की जांच की गई। जांचोपरांत लिवर संबंधित मरीजों को डॉक्टर बी एन मंडल ने दवा तथा साथ ही बेहतर खान एवं दैनिक कसरत की सलाह दी ताकि इन रोगों से जल्द छुटकारा पाया जा सके। जागरूकता सह जाँच शिविर में डीवीसी कर्मचारियों के अलावा सैकड़ो की सँख्या में ग्रामीणों की भी उपस्थिति रही।

## वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव-पार्वती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखण्ड क्षेत्र के कुशवाहा नगर हेवई में पांच दिवसीय वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव-पार्वती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलशयात्रा के साथ शुरू हो गया । इस महायज्ञ में हेवई गांव समेत अन्य गाँवो के कुल 451 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्त घाघरा नदी से जल लेकर पुनः यज्ञ स्थल पहुँचे जहां कलश स्थापित किया गया।कलशयात्रा में महिला पुरुष समेत बड़ी संख्या में भक्त शामिल थे। कलश यात्रा के दौरान के दौरान जय श्री राम हर हर महादेव के जयकारे से क्षेत्र गुंजायमान रहा।इस यात्रा के नेतृत्व यज्ञ समिति के संरक्षक तिलेश्वर कुमार अध्यक्ष महाबीर प्रसाद सचिव बलदेव महतो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पंकज कुमार आकाश कुमार संतोष कुमार पवन कुमार नीरज कुमार अजय कुमार कुलदीप कुमार राज कुमार अरविंद कुमार रंजन कुमार जगरनाथ कुमार विकाश कुमार उपेंद्र कुमार राजेश कुशवाहा पिंटू कुमार कुणाल कुमार मनु कुमार बैजनाथ महतो खेमलाल महतो अर्जुन महतो महावीर महतो करण कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## रुके हुए विकास की गति को तेज करना मेरी प्राथमिकता : रौशनलाल चौधरी

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम साँढ़ (छपेरवा ) मे उत्क्रमित मध्य विद्यालय मे 5300000 (तिरपन लाख) के लागत से स्कुल भवन के जीर्णोद्धार हेतु बड़कागांव विधानसभा के विधायक रौशनलाल चौधरी जी ने शिलान्यास किया। उन्होंने शिलान्यास करते हुए कहा की ठप पड़े विकास कार्यो को गति देने के लिए हम कृत संकल्पित है, अब विकास कार्यो को लटकाया नही जाएगा और विकास की गति को तेज किया जाएगा। इससे पहले गाजे बाजे के साथ भारी संख्या मे लोग उन्हें स्वागत कर शिलान्यास स्थल ले गये जहाँ उन्हें भव्य स्वागत किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम मे उनके साथ कई जन प्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## केरेडारी अंचल में दाखिल खारिज का विशेष शिविर आयोजित

**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य सरकार द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत 13 फरवरी को केरेडारी अंचल कार्यालय में अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने विशेष दाखिल खारिज शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दाखिल खारिज सेक्शन म्यूटेशन से संबंधित मामलों की जानकारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल ने मौजूद लोगों को विस्तार पूर्वक दिया। सीओ ने उपस्थित राजस्व निरीक्षक उप निरीक्षक अंचल कर्मियों और आम अवाम को बताया कि वर्ष 2015/16 के अंचल अर्थात जमीन से संबंधित सभी मामलों का निष्पादन और रेकॉर्डेड प्रक्रिया ऑन लाइन पद्धति से की जा रही है। जिसमें बहुत ऐसे मामले हैं जिनका ऑन लाइन पद्धति के तहत जमीन संबंधित दस्तावेज अपडेट नहीं हो पाया है। दाखिल खारिज के लिए पूरी प्रक्रिया ऑन लाइन होती है जिसमें विवादित या फिर जमीन का संपूर्ण कागजात मूल कॉपी के रूप के साथ प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पूरी विवरणी के साथ दाखिल खारिज निलंबित करने का कारण दर्ज किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि सभी लोग विशेष दाखिल खारिज शिविर का लाभ उठाएं और जमीन संबंधित कागजात ऑन लाइन अपडेट कराएं। वहीं उप प्रमुख अमेरिका महतो ने भी विशेष दाखिल खारिज शिविर का लाभ आम अवाम को बताया। शिविर से मिलने वाली लाभ को पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव ने भी बताया! दाखिल खारिज होने विशेष ऑन लाइन शिविर में 13 फरवरी को 70 मामलों का दाखिल खारिज कर निष्पादन किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल प्रमुख सुनीता देवी उप प्रमुख अमेरिका महतो पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव अंचल निरीक्षक मो शमीम उप निरीक्षक जितेंद्र रंजन राजेश कुमार अंचल के बड़ा बाबू सुनील कुमार समेत बड़ी संख्या में भू रैयत जन प्रतिनिधि और क्षेत्र वासी मौजूद थे।

## कला जीवन को नया आयाम प्रदान करता है : प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैंढ़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के कक्षा प्रथम से दशम तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चित्रकला का मुख्य विषय पर मेरा अपना गांव कार्यक्रम में बच्चों ने भाग लेकर अपने मनोभावों को सुंदर रूप से रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने चार वर्गों में भाग लिया। कक्षा प्रथम और द्वितीय वर्ग में एमडी अलीजैद , फातिमा और चंदन कुमार ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय से पंचम वर्ग में पीहू कुमारी,निशु कुमारी और समृद्धि बेहरा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी से अष्टम वर्ग में सुधांशु पांडे, समृद्धि केसरी और आर्यन कुमार ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवम से दशम वर्ग में अन्यनया सोनी और सोनाली कुमारी ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।चयनित छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैंढ़ ने सम्मानित करते हुए कहा कि कला हमारे मनोभावों का प्रस्तुतीकरण है। जिसमें विभिन्न रंगों के द्वारा हम प्रकृति और उसके आसपास की व्यवस्था को अपने अनुरूप प्रस्तुत कर पाने में सक्षम हो पाते हैं। हमारी परंपरा रही है कि हम छात्र-छात्राओं के अंदर छिपे हुए नैसर्गिक गुणो का विकास करें। जिसके तहत बच्चों के अंदर सतत ज्ञानात्मक कार्यशीलता का विकास



होता है। हमारे यहां बच्चों के अंदर पठन कौशल के साथ-साथ खेलकूद व अन्य कार्यक्रमों के लिए भी विशेष ध्यान दिया जाता है ,क्योंकि हर छात्र-छात्राएं अपने अंदर किसी न किसी विशेष कला को निहित रखते हैं। हमें उसे ढूंढ कर उनका विकास करना होता है। उन्होंने कला शिक्षक ललन यादव की भी भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि उनके और बच्चों के प्रयास से ही यह संभव हो पाया है। हमें आगे भी इसी प्रकार बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव प्रयत्नशील रहना है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे अपनी सोच कला के माध्यम से प्रदर्शित कर सकते हैं। जो समाज के उत्तरोत्तर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपने अंदर छुपी कला का विकास खुलकर करें। अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने का प्रण लिया।

## विस्थापितों ने विस्थापन के लिए 2016 कट ऑफ डेट को लेकर किया प्रेस कॉन्फ्रेंस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** युवा विस्थापित मोर्चा द्वारा बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में एनटीपीसी की 2016 के कट ऑफ डेट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विस्थापित मोर्चा के सदस्य अमित कुमार, प्यारेलाल एवं अन्य साथियों के द्वारा कहा गया कि एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के तहत विस्थापन हेतु 2016 का कट ऑफ डेट निर्धारित किया गया है। अर्थात 2016 में जिस व्यक्ति की उम्र 18 वर्ष हुआ है विस्थापन का लाभ उसी को दिया जाएगा । क्योंकि हम सभी 2025 में विस्थापित हो रहे हैं, तो हम सभी 2016 के आधार पर कट ऑफ डेट को किसी कीमत पर नहीं मानेंगे। विस्थापन के वर्तमान तिथि के अनुसार कट ऑफ डेट मान्य होना चाहिए। उपायुक्त से मांग करते हैं कि ग्रामीणों को त्रिपक्षीय वार्ता में शामिल कर इस गंभीर समस्या को दूर कराने का प्रयास करें, ताकि विस्थापित हो रहे युवाओं को इसका लाभ मिल सके, अन्यथा हम ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।मौके पर अमित कुमार, प्यारेलाल कुमार, हेमराज कुमार, सुजीत कुमार ,सरोज कुमार, सुमित कुमार ,सुभाष कुमार ,राजू कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद थे।

## सीकरी में रविदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर सीकरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, अनुज कुमार व उपस्थित अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर योगेंद्र साहू ने कहा कि संत रविदास जी ईमानदारी के परिचायक हैं। इनके मार्गदर्शन पर चलकर हमें एक बेहतर समाज स्थापित करने की जरूरत है जहां छल कपट बेईमानी नहीं हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष उपेंद्र कुमार व संचालन सचिव तुलसी राम ने किया। मौके पर कोषाध्यक्ष समीर सागर, उप कोषाध्यक्ष अशोक राम, निगरानी समिति सदस्य बंशी राम, लखन राम, धनेश्वर राम, अनुज राम, केदार आर्ट, बजरंग कुमार, पप्पू राम, खुदन रविदास, संजल कुमार, प्रताप कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो ने बैठक कर स्व.टेकलाल महतो की जयन्ती धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड आंदोलन में अग्रिम पंक्ति के नेता विष्णुगढ़ प्रखण्ड में शिक्षा क्रांति के जनक पूर्व गिरिडीह साँसद,पूर्व माण्डू विधायक स्व.टेकलाल बाबू की 80 वीं जयन्ती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखण्ड कार्यालय विष्णुगढ़ रमुआ में गुरुवार को झामुमो की महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने की तथा संचालन झामुमो प्रखण्ड सचिव संजय कुमार प्रजापति ने किया।बैठक में लिए गए प्रस्तावों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए झामुमो सचिव संजय कुमार प्रजापति ने कहा कि आगामी 15 फरवरी 2025 समय दस बजे झामुमो के कार्यकर्ताओं को भारी सँख्या जुटान कर टेकलाल बाबू की जयंती समारोह में उपस्थित होने की





बात कही,साथ ही कहा कि इस शुभ अवसर पर यह बात तो नही छेड़नी थी पर लोकहित में जरूरी है,कि हेमन्त सोरेन सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में प्रखण्ड कार्यालय सुस्ती दिखा रहा है। ऐसे में हेमन्त सरकार द्वारा की जा रही विकास की योजनाओं को धरातल पर युद्धस्तर पर उतारने को लेकर होली के बाद झामुमो प्रखण्ड कमेटी और झामुमो के जुझारू कार्यकर्त्ताओ की मौजूदगी में प्रखण्ड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से बाबूचंद माँझी, महादेव मुर्मू, छक्कु हांसदा, मोतीलाल हांसदा, प्रीती हांसदा, अनंत लाल महतो, मिठू यादव, बाबूलाल मुर्मू, विकास सोनी, छत्रधारी यादव, टेकामन महतो, गांगो महतो, सुनील यादव, डालेश्वर यादव, द्वारिका महतो, बाबूचंद बंगाली, जागेश्वर महतो, गुलाब राम, मो.दिलेर आजाद,नागेंद्र प्रसाद, पवन कुमार पासवान समेत दर्जनों की सँख्या झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया के प्रतिभाशाली छात्रों ने जेईई मेंस मे लहराया परचम







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया के 12 वीं के विद्यार्थीयों ने बेहतर अंकों के साथ जेईई मेंस में सफलता प्राप्त किया है। जिसमें प्रथम सुमित कुमार 98.7834त्न, द्वितीय आर्यन राज 82.031त्न,तृतीय पीयूष कुमार सोनी 79.210 त्न,चतुर्थ राजनंदनी 79.697त्न,पंचम उत्कर्ष ऋषि 66.030त्न अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुधा कुमारी ने कहा कि छात्र छात्राओं की प्रतिभा प्रदर्शन से संपूर्ण विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। और सभी ने हर्ष व्यक्त किया है।उन्होंने यह भी कहा कि हमारा विद्यालय आरंभ से ही बच्चों के माता पिता शिक्षक के मेहनत का नतीजा है । बताते चले कि विद्यालय परिवार की ओर से कई कार्यक्रम छात्र छात्राओं की प्रतिभा प्रदर्शन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है।जिससे बच्चों में संस्कृतिक बौद्धिक मानसिकता का विषय होता रहे ।

## रामगढ विधायक ममता देवी ने वृद्धाश्रम एवं अनाथ आश्रम का किया औचक निरीक्षण



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी ने रामगढ़ स्थित वृद्धाश्रम एवं अनाथ आश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित अनाथ बच्चों और वृद्धजनों से मुलाकात की, उनका हालचाल जानी तथा उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया।विधायक ममता देवी ने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ÷हमारी सरकार आपके भलाई के लिए पूरी तरह से समर्पित है और हर हाल में आपको सुविधाएं देने का प्रयास करेगी।÷इस दौरान आश्रम के प्रबंधन से भी बातचीत कर आवश्यक सुधारों एवं जरूरतों पर चर्चा की गई। विधायक ममता देवी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आश्रम में रहने वाले सभी लोगों को बेहतर सुविधा और सहायता प्रदान की जाए।

## सयाल में पच्चास साल पुराना सिमर का पेंड हुआ धराशाई, कोई हताहत नहीं



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल प्रिंस रोड माइनस क्वार्टर स्थित गुरुवार को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे एक विशाल शिमर का पेंड जमीन पर धराशाई हो गया। वहीं इस विशाल शिमर के पेंड के धराशाई होने से किसी तरह कि अनहोनी नहीं हुई। वहीं यह पेड़ अपने विपरीत दिशा कि ओर गिरती तो बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। वहीं ग्रामीण बताते हैं कि नाले के किनारे यह शिमर का पेंड पच्चास से साठ साल पुराना है। वहीं दीमक लगने कि वजह से पेड़ सुख गया था।

## प्रदूषण से त्राहिमाम जिला प्रशासन मौन : राजेश ठाकुर

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी व मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बयान जारी कर बताया कि रामगढ़ शहर में दिन प्रतिदिन प्रदूषण की आगोश में लोग जा रहे हैं शहर में ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण कुछ फैक्ट्री के द्वारा मनमानी रूप से चलाया जा रहा है जो जिला प्रशासन के नियंत्रण मै नहीं है अवैध रूप से प्रदूषण पूरे शहर मै फैलाया जा रहा है पूरा शहर के लोग त्राहिमाम कर रहा है श्री ठाकुर ने बताया कि जल्द से जल्द नहीं रोका गया तो जिला के उपायुक्त ओर झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिख कर शिकायत करूंगा जरूरत जरूरत पड़ी तो अदालत मे याचिका दायर करूंगा जिला प्रशासन को जनहित को देखते हुए इस पर करवाई करनी चाहिए ।



## भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा ओल्ड एज होम रामगढ़ को उपलब्ध कराया गया ई रिक्शा वाहन




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा रामगढ़ जिला में, ओल्ड ऐज होम, छत्तरमाण्डू, रामगढ़ में संचालित है। जिसमें वर्त्तमान में दो वरिष्ठ नागरिक आश्रय प्राप्त कर रहे है। जिसकी समुचित देखभाल एवं संरक्षण सरकार द्वारा चयनित एजेन्सी गंगा तटीय विकास संस्था द्वारा किया जाता है।भारतीय स्टेट बैंक रामगढ़ के सौजन्य से भारतीय स्टेट बैंक के जेनरल मेनेजर प्रभाष बोस के द्वारा वृद्धजनों की सुविधाओं के लिए एक इ-रिक्सा (टोटो) की चाभी, इन्दु प्रभा खलखो जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रामगढ़ को सुपूर्द किया गया, साथ ही जेनेरल मैनेजर द्वारा और भी आवश्यक वस्तुओं उपलब्ध कराने की बात कहीं गयी। इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के उप महा प्रबंधक धनबाद विजय कुमार, सहायक महाप्रबंधक रामगढ़ प्रसून कुमार, मुख्य प्रबंधक पुष्पा कुमारी, मुख्य प्रबंधक अश्विनी कुमार, मुख्य प्रबंधक धीरज कुमार, प्रबंधक अभिषेक कुमार शाखा प्रबंधक कृष्णनेंदु सेन दुखहरण महतो (संरक्षण पदाधिकारी) जिला बाल संरक्षण इकाई, रणधीर कुमार सिंह सचिव गंगा तटीय विकास संस्थान, कंचन कुमार केयर टेकर ओल्ड ऐज होम तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय रामगढ़ में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ0 तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, रामगढ़ के अध्यक्षता में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, रामगढ़ में दिनांक 13.02.2025 को कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी और दिनांक 30 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक Sparsh Leprosy Awareness Campaign (SLAC) 2025 एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान Leprosy Cases Detection Campaign (LCDC) w®wz wnd Round डॉ0 सानिध्य भार्गव, एन0एस0आर0आई0एफ0, झारखण्ड, रॉची, डॉ0 काशीनाथ चक्रवर्ती, एन0एल0आर0, कोडिनेटर, झारखण्ड, रॉची के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया तथा डॉ0 तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, रामगढ़ ने कहा वैसे व्यक्ति जिनके शरीर पर कोई दाग-धब्बा जो कि सुन्न हो, कुष्ठ का संभावित मरीज हो सकता हैं। इसकी सूचना तत्काल प्राथमिक स्वा0 केन्द्र को देनी चाहिए जिससे पुर्ण उपचार हो सकें, साथ ही कुष्ठ रोग घर-घर खोज अभियान चलाया जाना हैं जो हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा सहिया दीदी / सहिया) संदिगध कुष्ठ मामलों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनकी पहचान करने के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। अतः इससे बचाव से संबंधित जागरूकता पर कहा कि कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं हैं ।

# शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को उपायुक्त एवं रामगढ एसपी ने दी श्रद्धांजलि







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जम्मू कश्मीर में शहीद हुए हजारीबाग झारखंड के कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के पार्थिव शरीर को रामगढ़ छावनी अंतर्गत सिख रेजीमेंटल सेंटर में गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार एवं रामगढ एसपी अजय कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।जानकारी के अनुसार जम्मू कश्मीर के अखनूर में हुए आईडी ब्लास्ट में सेना के दो जवान शहीद हुए थे। उनमें हजारीबाग जिले के कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी भी शामिल थे। शहीद करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर बुधवार की देर रात रामगढ़ पहुंचा। यहां सुभाष चौक पर समाजसेवियों और नागरिकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जैसे ही लोगों को यह खबर मिली कि कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर रामगढ़ पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में आने वाला है, वे लोग सुभाष चौक पर ही फूल मालाओं के साथ खड़े हो गए। घंटों इंतजार करने के बाद बुधवार देर रात जब फूलों से सजा सेना का ट्रक पहुंचा, तो लोगों ने उस वाहन पर ही पुष्प वर्षा शुरू कर दी।रामगढ़ छावनी अंतर्गत सिख रेजीमेंटल सेंटर में गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार एवं रामगढ एसपी अजय कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद उनका पार्थिव शरीर को उनके गृह जिले हजारीबाग में ले जाया गया।

## ए धरती हमारी फिल्म झारखंड के संघर्ष की कहानी बयां करती है : आर नारायण मूर्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** ए धरती हमारी के फिल्म डायरेक्टर आर नारायण मूर्ति अपने फिल्म के प्रमोशन के लिए झारखंड के कई जिलो मे घुमते हुए गुरुवार को रामगढ़ में कई राजनीतिक सामाजिक एवं प्रेस के लोगों से मिलकर ऐतिहासिक खान खनिज एवं कॉर्पोरेट के द्वारा आदिवासियों की जमीन लुट और तानाशाह पर आधारित यह झारखंड के लोगों पर असर डालेगा , 22 फरवरी को रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, जमशेदपुर, देवघर, बोकारो सहीत कई सिनेमा घरो मे एक साथ शुरू किया जायेगा। यह फिल्म झारखंड के आदिवासियों के संघर्ष एवं जल जंगल जमीन की लड़ाई को दर्शाता है, इस फिल्म के निर्माता निर्देशक एवं अभिनेता आर नरायण मूर्ति है। तिरुपति वेंकटेश्वर फिल्म के बैनर तले पद्मावती के यह फिल्म 22 फरवरी को झारखंड के 8 जिले के सिनेमा घरों में दिखाई देगा।यह 2 घंटे का हिंदी भाषी फिल्म है, जिसमें टीनू आनंद,डेंटल अली खान ने अहम रोल अदा किया है। इस फिल्म में अभिनेत्री का रोल निशा परलोकर ने निभाई है।इस फिल्म में गीतकार अलका याग्नि,उदित नारायण, कुमार सानू,विनोद राठौड़ वही संगीत वंदे मातरम श्रीनिवास ने अदा किया है, फिल्म की सारी शूटिंग महाराष्ट एवं छत्तीसगढ़ के जंगलों में फिल्माया गया है। फिल्म निर्माता आर नारायण मूर्ति ने झारखंड के लोगों से अपील किया है की अपनी जल जंगल जमीन की लड़ाई को तेज करने के लिए झारखंड की जल जंगल जमीन को बचाने के लिए यह फिल्म जरूर देखें। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक जिला सचिव विष्णु कुमार भाकपा माले के हीरा गोप भुवनेश्वर बेदिया आरती सिंह चंदेल ने फिर निदेशक को बधाई देते हुए यह फिल्म लोगों से देखने की अपील किया है।

## 14 से 20 फरवरी तक बजट के विरोध में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएंगे बामदल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कार्यालय मंजूर भवन झंडा चौक रामगढ़ में सीपीएम के जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल की अध्यक्षता में हुई।जिसमें मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव विष्णु कुमार, भाकपा माले जिला सचीव भुवनेश्वर बेदिया, हीरा गोप मौजूद थे। केंद्रीय बजट के विरोध में राष्ट्रव्यापी आवाहन के तहत 14 फरवरी से 20 फरवरी तक गांव-गांव में अभियान चलाया जाएगा। 18 फरवरी को भुरकुंडा जनता टॉकीज के सामने एवं लेनिन चौक के समक्ष नुक्कड़ सभा की जाएगी। 19 फरवरी को गोला एवं रामगढ़ में नुक्कड़ सभा एवं बजट का पुतला दहन किया जाएगा, नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के वित्त मंत्री के द्वारा केंद्रीय बजट में शिक्षा सार्वजनिक स्वास्थ्य सामाजिक कल्याण एवं मनरेगा में बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है,




किसानों का समर्थन मूल्य देने का कोई प्रस्ताव नहीं है, राज्यों के वित्तीय अधिकारों पर हमला तेज किया गया है देश के आदिवासियों एवं दलितों के बजटो में कटौती की गई है, कॉर्पोरेट घराने को खुश करने के लिए न्यूनतम मजदूरी की कोई जिक्र नहीं है, यानी कुल मिलाकर यह बजट चुनावी है, इस बजट से आम जनता को कोई फायदा पहुंचाने वाला नहीं, है इसलिए बाम दलों ने आठ प्रस्ताव जोड़ने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चला रही है। बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक जिला सचिव विष्णु कुमार, अविनाश बेदिया, मेवा लाल प्रसाद, नेमन यादव, भाकपा माले के हीरा गोप जिला सचिव भुवनेश्वर बेदिया, लालमोहन बेदिया, देवानंद गोप राजू विश्वकर्मा, लालमोहन मुंडा, पवन कुमार सिंह, आजाद कुरेशी शहीत कई लोग मौजूद थे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में आशीर्वचन समारोह आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर में गुरुवार को 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई सह आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में छात्रों और शिक्षकों ने नम आंखों से अपने प्रिय विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत के साथ हुआ, जिसने पूरे माहौल को संगीतमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। इसके बाद कक्षा 12वीं के छात्रों ने केक काटकर इस खास दिन का जश्न मनाया। विशेष दिन को और यादगार बनाने के लिए कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कई मनमोहक प्रस्तुति दी। जिनमे समूह गीत, नृत्य, नाट्य प्रदर्शन और मनोरंजक खेल शामिल थे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए 11वीं के छात्रों द्वारा समस्त शिक्षकगण व कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को तिलक चंदन लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय के सचिव विमल किशोर जाजू ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार हमेशा उनके साथ हैं। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को संयम रखते हुए परीक्षा देने की बात कही। बच्चों को संबोधित करते हुए सचिव महोदय ने कहा कि बच्चों के उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय प्रबंधन समिति सहित विद्यालय एवं उनके माता-पिता का नाम रौशन होगा। इस अवसर पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, प्रशासक एसपी सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी सहित सभी शिक्षक शिक्षकों उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने आशीर्वचन के माध्यम से सभी विद्यार्थियों के जीवन में सफलता पाने को प्रोत्साहित किया।

## उरीमारी-भुरकुंडा मुख्य मार्ग स्थित सयाल मे पाइप फटने से सड़क हुई खस्ताहाल

### सीसीएल जलापूर्ति विभाग ने फटी फाइप को खोजने में सड़क पर सात फिट का किया गढ्ढा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी-भुरकुंडा मुख्य मार्ग स्थित सयाल आठ नंबर स्थित सड़क पर एक सप्ताह पुर्व ही सीसीएल कि पानी के पाइप लाइन फटने से सड़क के बीचोंबीच गढ़ा बन गया। जिसे सीसीएल सयाल जलापुर्ति विभाग जेसीबी मशीन से फटे पाइप को खोजने के लिए सड़क कि एक छोर पर सात फिट का गढा खोदवा डाली है। वहीं जेसीबी मशीन से कड़ी मशक्कत के बाद फटी पाइप को खोज लिया गया है। सीसीएल के कामगार मजदूर इसे मरम्मत कराने का कार्य शुरू कर दिये हैं। यहां सवाल उठता है कि क्या सीसीएल प्रबंधन इस सड़क के किनारे बने सात फिट के गढ़ा कि रखवाली करने के लिए कोई सुरक्षा का ठोस इंतजाम करती है या नहीं,चालू सड़क होने के कारण यहां कभी भी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं यह भी




बता दें कि लगातार पानी का सड़क पर अंदर से रिसाव होने के कारण सडक के बीचोंबीच तीन लेयर कि बनी सडक का उखडना शुरू हो चुका है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क अब कुछ ही दिनों कि मेहमान है। अगर राज्य सरकार और सीसीएल प्रबंधन इस सड़क पर कोई ठोस कदम व पहल नहीं करती है तो यह सड़क आठ साल पुर्व अपनी पुरानी अवस्था में पहुंच जाएगी।

**33 करोड़ से क्लासिक कोल इंजीकॉम कंपनी ने आठ साल पहले कराया था निर्माण**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में बनी यह सड़क दो जिला हजारीबाग व रामगढ़ को जोड़ती है। और यह सड़क उरीमारी से सयाल होते हुए भुरकुंडा को जोड़ती है। यह भी बता दें आज आठ साल पहले क्लासिक कोल इंजीकॉम कंपनी के द्वारा 33 करोड़ कि लागत से कुल 13 किलोमीटर सड़क बनाया गया था। जिसमें मतकमा चौक से सौंदा डी एवं भुरकुंडा बिरसा चौक से उरीमारी तक इस सड़क को बनाया गया था। जिसके लिए वर्तमान राज्य सरकार ने सीसीएल से एनओसी लेकर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया था।

## डीएवी बरकाकाना के बच्चों ने आई आई टी जेईई मेन्स में विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रौशन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना के बच्चों ने आई आई टी जेईई मेन्स में विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रौशन किया। रोशन कुमार ने 99.70 परसेंटाईल के साथ जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया । वहीं मयंक ओझा 97.24, शुभम केसरी 93.70, अंकित कुशवाहा 90.33 परसेंटाइल के साथ विद्यालय का परचम लहराया । इन चारों बच्चों को विद्यालय में दादा दादी एवं नाना नानी के सम्मान समारोह अमूल्यं कार्यक्रम में आए हुए दादा दादी एवं नाना नानी के द्वारा सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए गणित के वरीय शिक्षक महेश प्रसाद ने कहा कि जो बच्चे नियमित अभ्यास करते हैं एवं वर्तमान और भविष्य में सामंजस्य




बैठा कर चलते हैं वही सर्वोच्च शिखर को प्राप्त करते हैं।इस अवसर पर रसायन विज्ञान के वरीय शिक्षक रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि आंख में हो स्वप्न लेकिन पांव धरती पर टीके हों , कंटकों के इस अनोखी सीख का सम्मान कर लें।भौतिक विज्ञान के वरीय शिक्षक बी के चौधरी ने कहा कि तपने वाला ही निखरता है, इसलिए लगातार परिश्रम करने की आवश्यकता है। विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने कहा कि एक अच्छे नींव पर ही भव्य अट्टालिका का निर्माण हो सकता है, इसलिए नींव के साथ-साथ अट्टालिका के निर्माण की प्रक्रिया सतत् चलती रहनी चाहिए।

## स्याल केकेसी प्लस टू हाई स्कूल के छात्र का एड्मिट कार्ड नहीं मिलने के कारण इंटर का परीक्षा छुटा

### छात्र के पिता के द्वारा स्कूल प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के स्याल केकेसी प्लस टू हाई स्कूल के छात्र सौरभ कुमार का एड्मिट कार्ड नहीं मिलने के कारण इंटर का परीक्षा छुटने से स्कूल प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराज़गी जताई है, बता दें कि सौरभ कुमार एड्मिट कार्ड के लिए पिछले दो सप्ताह से स्कूल परिसर सहित स्कूल प्राचार्य और क्लर्क कुमार प्रत्युष के द्वारा बताए गए ठिकाना पर भटक रहे थे ताकि किसी तरह उनका एड्मिट कार्ड मिल सकें और वो अपने इक्जाम को लिख सकें, लेकिन स्कूल प्रबंधक की लापरवाही दर-दर भटकने के बाद भी उनका एड्मिट कार्ड नहीं मिला और उनका परीक्षा छुट गया और भविष्य एक साल पिछे चल गई, उसकी परीक्षा बरकाकाना नया नगर में प्रारंभ तो हो गई लेकिन चंद लोगों की लापरवाही से सौरभ कुमार का किस्मत में परीक्षा देना नही लिख था।जिस कारण सौरभ कुमार और उनके पिता उदय मालाकार ने स्कूल प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप लगाया है,उदय मालाकार ने कहा मैंने समय पर सौरभ कुमार का फर्स्ट एयर में एडमिशन कराया निर्धारित शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन फोर्म भरने का



किया, लेकिन स्कूल प्रबंधक के लापरवाही के कारण रजिस्ट्रेशन फॉर्म कागज़ आगे नहीं भेजा गया।पूरे मामले पर पिता और बेटे ने जिला प्रशासन जिला शिक्षा अधिकारी राज्य सरकार से न्याय की गुहार लगाई है।हमारे संवाददाता ने फोन पे जिला शिक्षा पदाधिकारी से बात की जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि मेरे संज्ञान में इस तरह की कोई मामला नहीं है वहीं स्कूल प्राचार्य और क्लर्क से लगातार संपर्क साधने का प्रयास किया गया लेकिन किसी कारणवश बात नहीं हो पाई है।फिलहाल यह मामला गंभीर जांच पड़ताल का विषय है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025


# शब ए बरात गुनाहों से छुटकारा पाने वाली रात है : मुफ्ती शाहकार आलम कासमी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मदनी मस्जिद, शमशेर नगर बाई पास रोड धनबाद के मुफ्ती शाहकार आलम कासमी ने बताया की नवां इस्लामी महिना शाबान की 14/15 की दरमियानी रात को शब ए बरात के नाम से जाना जाता है। इस्लाम में इस रात का खास महत्व है। इस रात में ईश्वर अपने बंदों के गुनाहों को माफ करता है और आने वाले 1 साल में पैदा होने और मरने वाले लोगों का नाम रजिस्टर में लिखता है।



**शब ए बरात में करने के काम**

इस रात में बंदों को अपने ईश्वर की इबादत करनी चाहिए। अपनो से गिला शिकवा खत्म करना चाहिए। अपने माता पिता की सेवा करनी चाहिए। खुद को और समाज को नशा से मुक्त करना चाहिए। एक दूसरे के जान माल़ की सुरक्षा की फिक्र करनी चाहिए। जो लोग समाज में बुराइयां फैलाते हैं और इस तरह की नेक काम नहीं करते हैं तो ईश्वर उन पर इस तरह की रात में भी दया नही करता है।

**शब ए बरात में ना करने के काम**

बहुत से लोग इस अवसर पर कुछ ऐसे कार्य करते हैं जिससे ईश्वर नाराज़ होता है, जैसे हल्ला गुल्ला करना, हुल्लरबाजी करना, बाइक स्टंट करना, डीजे बजाना, पटाखा फोड़ना। इस तरह के काम करने वाले लोग खुद का भी नुकसान करते हैं और समाज का भी नुकसान करते हैं। जैसे पटाखा फोड़ने से वातारण में प्रदूषण फैलता है जिसका बहुत व्यापक परिणाम होता है। कई बार पटाखों से कई लोगों की जान माल़ दुकानों के राख होनी की सूचना प्राप्त होती है। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वो केवल वही काम करे जिसे उनके पैगंबर मोहम्मद ने बताया है। हर ऐसे काम से बचने की कोशिश करे जिससे उनको या उनके किसी पड़ोसी को अथवा किसी बीमार को या उनके महान भारत देश को नुकसान पहुंचे।

# ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन की मासिक बैठक सम्पन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन केंदुआ के मासिक बैठक रखी गई जिसका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों के बीच रमजान उल मुबारक के मौके पर ईदी वितरण और बहुत से बिंदुओं पर चर्चा की गई। जैसे साप्ताहिक निःशुल्क चिकित्सा के संचालन में और बेहतर करने के संबंध में अल इकरा कॉम्पिटेटिव सेंटर में बच्चों के द्वारा पठन-पाठन के बारे में चर्चा की गई। ख्वाजा गरीब नवाज के यूनिट हयात डायग्नोसिस सेंटर के कैलेंडर का भी वितरण किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था के सचिव आबिद रजा फैजी ने की। बैठक में मुख्य रूप से जमील अंसारी, मुमताज आलम, मंजर अली, मो कलामुद्दिन, मो शमशाद आदि उपस्थित थे।

# असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट, धनबाद द्वारा तेतुलमारी के नगरी कलाँ में एक निःशुल्क कैंसर जागरूकता स्क्रीनिंग सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना, लोगों को समय रहते इस जानलेवा बीमारी के प्रति सचेत करना और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करना था। इस अवसर पर असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ डॉक्टर ने कैंसर के लक्षण, इसके शुरुआती संकेत, और बचाव के उपायों पर जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि समय पर जांच और निदान से कैंसर को नियंत्रित किया जा सकता है और कई मामलों में इसका इलाज संभव है।कार्यक्रम में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम के द्वारा समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत निःशुल्क स्क्रीनिंग की गई, जिसमें स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की विभिन्न प्रकार




की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शामिल थी। उपस्थित लोगों ने कैंसर के विभिन्न प्रकारों के बारे में जानकारी प्राप्त की। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने इस आयोजन के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि कैंसर से डरने की बजाय इससे लड़ने के लिए जागरूकता और शुरुआती जांच अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने आगे भी इस तरह के कैंसर जागरूकता अभियान को जारी रखने का आश्वासन दिया।

# इम्पैक्ट स्टडीज कोचिंग सेंटर में हुआ विदाई समारोह का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रहमतगंज स्थित इम्पैक्ट स्टडीज कोचिंग सेंटर में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कोचिंग सेंटर के संचालक चांद सर ने मुस्कान, अलीशा, अंजुम, मंतशा, सब्बो, सबरीन, रिज़वान, ज़ैद, शब्बीर, आकिब, मासूम, काशिफ़, आदिल, शाहनवाज आदि को अपनी नम आँखों से विदाई दी और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ आगामी परीक्षा में सफलता के लिए सभी को आशीर्वाद भी दिया।

# डीएवी बनियाहीर मे मनी स्वामी दयानन्द सरस्वती की 201वी जन्मशदी



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी बनियाहीर मे आर्यसमाज के संस्थापक, महान विचारक और कर्म योगी स्वामी दयानन्द सरस्वती की 201वी जन्मशदी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य एज़ाज अहमद ने स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वेदों के महान प्रचारक के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इसके उपरांत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक देवेंद्र कुमार पाणिनि, शुभांकर सरकार, विनय कुमार सिन्हा आदि शिक्षकों ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर डीएवी संस्था के प्रति बनाए गए उनके आदर्शों को याद किया।

# डीएवी मॉडल स्कूल,सीएफआरआई में तीसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई,धनबाद में तीसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतर्गत एलकेजी से कक्षा नवीं तक के बच्चे शामिल हुए। इस चरण के नामांकन हेतु कुल 100 आवेदन आए थे। अभिभावक एवं बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल की अनुशासन प्रिय प्राचार्या ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अच्छे से अच्छे स्कूल में पढ़ने का अधिकार है। हमारा विद्यालय शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों में से एक है। यहाँ स्मार्ट शिक्षक-शिक्षिकाएँ, स्मार्ट क्लासरूम,नृत्य एवं संगीत शाला,एम्यूजमेंट पार्क आदि की व्यवस्था है। हमारी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं अनुशासन है। इस नामांकन प्रक्रिया का परिणाम 15/02/2025 को सुबह 10 बजे स्कूल के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**खुली निविदा, बैच संख्या – 47/2025, दिनांक : 11.02.2025**

आईआरईपीएस– www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है।

**क्र.सं. :** 01, **निविदा सं. :** 39235276D, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** 160 स्क्वा. एमएम एनिलिड कॉपर स्टैन्डर्ड जम्पर वायर्स (19x7x1.25mm) एज पर स्पेसिफिकेशन : टीआई/एसपीसी/ओएचई/जेएमपी/0941 एसटी आर: कोर–एसटीआर–04, मेक कोर अप्रूवड, **मात्रा :** 9000 किलो, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय :** 10 फरवरी 2025, 16.33 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 06 मार्च 2025, 14.00 बजे। प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस : www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

व. मंडल सामग्री प्रबंधक, पूमरे., धनबाद

पीआर/02101/डीएचएन/भंडार/टी/24–25/32

# चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार की कार्यकारणी की हुई घोषणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** टेंपल रोड, पुराना बाज़ार स्थित अग्रसेन भवन धर्मशाला में चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता सोहराब खान ने की और संचालन महासचिव पवन सोनी ने किया। बैठक में सत्र 2025-26 के कार्यकारणी की घोषणा कर दी गई। बताते चले कि चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार की आम सभा गत 23 जनवरी को आयोजित की गई थी,आम सभा में बड़ी संख्या में पुराना बाज़ार के दुकानदारों ने भाग लिया था



और चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के प्रथम अध्यक्ष के तौर पर सोहराब खान,महासचिव पवन सोनी और कोषाध्यक्ष कुणाल कुमार का चयन निर्विरोध किया गया था। 21 सदस्यीय संरक्षक मंडली,1 वरीय उपाध्यक्ष,1 सह कोषाध्यक्ष 6 उपाध्यक्ष,6 सचिव,1 प्रवक्ता सहित अन्य 12 कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा की गई। बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार अध्यक्ष, सोहराब खान,महासचिव पवन सोनी, कोषाध्यक्ष कुणाल कुमार, रामभगत अग्रवाल,महेंद्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राजेश गुप्ता, प्रदीप नारनौली, नवनीत रिटोलिया, इमरान अली, विजय सैनी, दीपक सिंह, सरदार नारायण सिंह,रोहित सरावगी ,रफ़िक़ आलम,जय प्रकाश केजिवाल, संजय भट्टाचार्य, सुरेंद्र साव सहित बड़ी संख्या में चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के सदस्य उपस्थित थे।

# एशियन हॉस्पिटल में किया गया मरीज के फेफड़े की गंभीर बीमारी का इलाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एशियन हॉस्पिटल धनबाद सेंटर के अनुभवी एवं विशेषज्ञ पल्मनोलॉजिस्ट डॉ. बंदिका पृथ्वीराज ने 60 वर्षीय मरीज का जो 2 सालों से फेफड़ों में पानी आने की जटिल गंभीर बीमारी से ग्रसित था उसका नवीनतम तकनीक से सफलता पूर्वक इलाज कर पूर्ण रूप से स्वस्थ किया। फेफड़े के इस गंभीर समस्या से ग्रसित मरीज ने कई शहरों के तमाम हॉस्पिटल में दिखाएं लेकिन पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं हुए। फेफड़ों से पानी का कारण नहीं मिल सका। मरीज की इस गंभीर बीमारी को चुनौती पूर्ण स्वीकार करते हुए डॉक्टर बंदिका पृथ्वीराज ने फेफड़ों से पानी का पता करने के लिए एडवांस मिनिमम इनवेसिव मेडिकल




थ्रोकोस्कोपी किया। इस प्रक्रिया के द्वारा फेफड़ों के साइड से अंदर जाकर फेफड़े का डायग्नोज किया गया और पानी के सोर्स का पता लगाया गया। इसके रिपोर्ट पर आधारित समस्या फेफड़े का यह सफल इलाज धनबाद में पहली बार डॉक्टर बंदिका पृथ्वीराज के द्वारा किया गया। इसके एक्यूरेट रिपोर्ट के आधार पर मरीज का सही एविडेंस बेस्ड ट्रीटमेंट किया जा रहा है जिससे मरीज स्वस्थ है और राहत का श्वास ले रहा है। फेफड़ों के रोगियों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए डॉक्टर बंदीका पृथ्वीराज के साथ एशियन हॉस्पिटल के सेंटर हेड सी राजन एवं पदाधिकारी मो. ताजुद्दीन ने बताया कि बरटांड़ स्थित एशियन हॉस्पिटल धनबाद सेंटर में रेस्पिरेटरी और पल्मोनोलॉजी का सारा चिकित्सा और स्पेशल रेस्पिरेटरी आईसीयू सपोर्ट उपलब्ध है।

jharkhand tourism — Nature's hidden jewel

**Directorate of Tourism, Government of Jharkhand**
**MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi-04Tele Fax : 0651-2331828**
**Email: dirjhakhandtourism@gmail.com/ jtdcltd@gmail.com**

**Ref. No.:- 107 / 2025** **Date : 13/02/2025**

**TENDER NOTICE**

**Tender for Selection of An Agency for Supply of Security Service to (JTDCL)**

The Jharkhand Tourism Development Corporation Limited (JTDCL), Government of Jharkhand (GoJ) undertaking intends to invite RFP for Selection of an Agency for Supply of Security Service to JTDCL.

The detailed RFP document can be downloaded from the website **https://tourism.jharkhand. gov.in** and submit their Applications. The applications Submission Due date is on or before **10/03/2025 at 17:00 hours** and the date of opening of the applications is **on 11/03/2025 at 10.30 hours.**

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the above website.

PR 346436 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(24-25).D

Sd/-
Deputy Director

**e-Procurement Cell**
**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**
**JHARKHAND, RANCHI**
**Very Short Term e-Procurement Notice**
**Tender Reference No.- 49/2024-25**

| SI. No | Name of Scheme | Estimated Amount (Cr) | Earnest Money (Lakhs) | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहरी क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजकीय औषधालय डोरण्डा में BPHU के आधारभूत संरचना का निर्माण | 1.00 | 2.00 | 10,000.00 | 09 Month | कार्य के अनुरूप |
| | शहरी क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रिसालदार नगर में BPHU के आधारभूत संरचना का निर्माण | | | | | |
| 2 | कॉके क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में BPHU के आधारभूत संरचना का निर्माण | 1.00 | 2.00 | 10,000.00 | 09 Month | कार्य के अनुरूप |
| | नामकुम क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में BPHU के आधारभूत संरचना का निर्माण | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Date of Publication of Tender on Website | 14.02.2025 at 9:00 AM |
| 4 | Start Date of Submission of Bids | 14.02.2025 at 11:00 AM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 20.02.2025 at 1:00 PM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 24.02.2025 at 2:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting tender e-Procurement Cell, | National Rural Employment Programme, Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 94727-45569 |

**Any change can be seen on Website *http:// Jharkhandtenders.gov.in.***
***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

PR 346416 NREP(24-25)D

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi

**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

71वीं औपबंधिक सूची जिला–कोडरमा

| आवेदनकर्त्ता का विवरण | केस सं0/वाद सं0 | झा0 आं0 के सेनानी पुस्तिका में नाम | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|
| 1. आवेदन क्रमांक–01/25<br>2. आवेदक–मीना बिरहोरीनी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति–स्व0 तिलक बिरहोर आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–तिलैया बस्ती ,पोस्ट–झुमरी तिलैया<br>5. थाना–तिलैया प्रखण्ड–कोडरमा<br>6. लिंग–महिला आयु–35 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–पैर में कटे का निषान। | तिलैया थाना अप्राथ0 सं0 15/93 कोडरमा दण्डा0 वाद सं0 124/93 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.03.1993 को झामुमो (सोरेन गुट) द्वारा झारखण्ड बंद के अवसर पर विधि–व्यवस्था भंग का आरोप। धारा–107, 151 दं0प्र0सं0 जेल की अवधि–02 दिन पार्टी का नामः–झामुमो(सोरेन) | 2(viii)(a) (आश्रित पत्नी) |
| 1. आवेदन क्रमांक–372<br>2. आवेदक–गोविन्द शरण मोदी<br>3. पिता–स्व0 काली मोदी<br>4. ग्राम–धुवाडीह , पोस्ट–जामु<br>5. थाना–मरकच्चो प्रखण्ड–मरकच्चो<br>6. लिंग–पुरूष आयु–74 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–सर पर बायें तरफ कटा का निषान। | नहीं | नहीं | कारण–नोडल पदाधिकारी, कोडरमा के द्वारा संलग्न पार्टी कागजात एवं नरेश गुप्ता एवं अशोक कुमार वर्णवाल के द्वारा पहचान के आधार पर आंदोलनकारी होने का मंतव्य दिया गया है। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.346380 Home(24-25):D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी०, चाईबासा रोड, खूँटी–835210**
**Email ID – jepkhunti@gmail.com**

**मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खूँटी जिला में संचालित 03 CM SOE (मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय)–

1- District CM SOE, KHUNTI
2- CM SOE GIRLS, KHUNTI
3- CM SOE KGBV, KARRA में शैक्षणिक वर्ष 2025–26 हेतु नामांकन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी दिनांक 20.02.2025 तक संबंधित विद्यालय में अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते है। नामांकन हेतु आयोजित परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का नामांकन संबंधित विद्यालय में लिया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी।

PR.NO.346337 District(24-25):D

ज्ञाप0सं0 – ……………(ii)/जि0प0 दिनांक – ………

**कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा**

**डाक बंगलों की नीलामी की तिथि संबंधी सूचना**

दिनांक–04.12.2024 को सम्पन्न कार्यकारी समिति सिमडेगा जिला परिशद की बैठक की कार्यवाही (ज्ञापांक – 486(ii)/जि0प0 दिनांक–28.12.2024 द्वारा पारित प्रस्ताव सं0 –06 द्वारा पारित प्रस्ताव के आलोक में जिला परिशद, सिमडेगा द्वारा निर्मित डाक बंगला की नीलामी बन्दोबस्ती हेतु सूचना निम्न प्रकार है :–

| क्रमांक | स्थान | सम्पदा के संबंध में विवरणी | नीलामी की अवधि | आरक्षित मुल्य (5 वर्षों के लिए) लाख रुपये में | सुरक्षित जमा राशि (आरक्षित मुल्य का 10%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड मुख्यालय केरसई में डाक बंगला निर्माण । | सम्पूर्ण निर्मित डाक बंगला भवन। | लगातार पाँच वर्षों के लिए। | 1.50 लाख (एक लाख पचास हजार) रुपये मात्र । (वार्षिक किस्त 0.30 लाख (तीस हजार) रुपये मात्र) । | 0.15 लाख (पंद्रह हजार) रुपये मात्र। |
| 2 | प्रखण्ड मुख्यालय बांसजोर में निर्मित डाक बंगला । | सम्पूर्ण निर्मित डाक बंगला भवन। | लगातार पाँच वर्षों के लिए। | 1.50 लाख (एक लाख पचास हजार) रुपये मात्र । (वार्षिक किस्त 0.30 लाख (तीस हजार) रुपये मात्र) । | 0.15 लाख (पंद्रह हजार) रुपये मात्र। |

1. उपरोक्त डाक बंगला भवनों का नीलामी में भाग लेने हेतु सिमडेगा जिला के निवासी एवं इच्छुक वयस्क व्यक्ति योग्य माने जायेंगे। आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने के लिए निर्धारित शुल्क की राशि 500/– (पाँच सौ) रुपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो **"सचिव जिला परिषद सिमडेगा"** के पक्ष में राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो एवं सिमडेगा अंतर्गत भुगतेय होगी जो वापसी योग्य नहीं (Non-refundable) होगी । जिला परिषद सिमडेगा के कार्यालय में जमा कर आवेदन प्रपत्र तथा नियम एवं शर्त्तों का अभिलेख निर्धारित अवधि के अंदर प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्धारित अवधि के अंदर अपना आवेदन सील बंद लिफाफे में जिला परिषद सिमडेगा के कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान जमा करना होगा। लिफाफे के उपर साफ–साफ अक्षरों में **संबंधित (नाम/स्थान) डाक बंगला भवन की नीलामी के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन अंकित होना चाहिए।** निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
2. उपरोक्त 10% दस प्रतिशत सुरक्षित जमा राशि जमानत के रूप में जमा रखी जायेगी तथा नीलामी के तहत पाँच वर्शों के लिए कुल स्वीकृत बंदोबस्त की राशि को पाँच वार्षिक बराबर–बराबर हिस्से के अनुसार प्रति वर्ष एकरारित माह के अंतर्गत वार्षिक निर्धारित बंदोबस्त की राशि डाक प्राप्तकर्त्ता को **"सचिव जिला परिषद सिमडेगा"** के पक्ष में राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट द्वारा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा सुरक्षित जमा राशि को जब्त कर आवंटन रद्द कर दी जायेगी ।
3. कोई भी व्यक्ति जो न्यायालय द्वारा घोषित अपराधी/दोषी/सजायफ्ता/घोषित दिवालिया है वह नीलामी में भाग लेने हेतु अयोग्य माना जायेगा।
4. आवेदन प्रपत्र तथा नियम एवं शर्त्तों में उल्लेखित सभी वांछित दस्तावेज, फोटोग्राफ, शपथ पत्र आदि भरे गये आवेदन प्रपत्र के साथ निदेशानुसार संलग्न कर नीलामी में भाग लेने वाले को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. नियम एवं शर्त्तों (Annexure- I) की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट पर तथा Simdega.nic.in पर उपलब्ध होगी जिसे देखा जा सकता है।
6. किसी भी आवेदन को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा नीलामी (डाक बोली) को स्थगित/रद्द करने का अधिकार उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिशद सिमडेगा के पास सुरक्षित रहेगा ।
7. नीलामी में भाग लेने की इच्छुक व्यक्ति द्वारा कार्यालय अवधि में कार्यालय जिला परिशद सिमडेगा से आवेदन प्रपत्र उपरोक्त निर्देशानुसार दिनांक – 23.02.2025 (अपराह्न 3.00 बजे) तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
8. भरा हुआ आवेदन प्रपत्र उपरोक्त निर्देशानुसार सीलबंद लिफाफे में दिनांक –24.02.2025 से दिनांक – 25.02.2025 (अपराह्न 3.00 बजे) तक जमा की जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् स्वीकार नहीं किया जायेगा ।
9. नीलामी की तिथि – 27.02.2025 ।
10. नीलामी समय – अपराह्न 1.00 बजे से ।
11. नीलामी का स्थान – कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा ।
12. विशेष जानकारी हेतु उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद सिमडेगा के कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।
13. उपरोक्त नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति के द्वारा किसी भी कार्य दिवस में स्थल निरीक्षण किया जा सकता है।
14. उपरोक्त नीलामी बंदोबस्ती की तिथि, समय एवं स्थान यदि आवश्यक हो तो परिवर्त्तन अथवा स्थागित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

अनुलग्नक :–

1. **नीलामी में भाग लेने वाले को आवेदन प्रपत्र के साथ निम्नांकित वांछित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा :–**
   - (i) हाल में खींचा गया दो अदद पासपोर्ट साईज का (पीछे पूरा नाम लिखें) रंगीन फोटोग्राफ – 2 अदद।
   - (ii) सिमडेगा जिला का अनुमण्डल/जिला स्तर से निर्गत निवास प्रमाण–पत्र का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
   - (iii) आधार कार्ड /वोटर कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
   - (iv) पैन कार्ड एवं लगातार तीन वर्षों का दाखिल किया गया आयकर रिटर्न का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
   - (v) GST निबंधन एवं क्लियरेंस प्रमाण–पत्र का स्वअभिहस्ताक्षरित प्रति ।
   - (vi) उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
   - (vii) श्रम विभाग द्वारा निर्गत श्रम निबंधन प्रमाण–पत्र का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
   - (viii) यदि हो तो संबंधित कार्य/ होटल/रेस्तरां/संचालन आदि का अनुभव से संबंधित प्रमाण–पत्र संलग्न कर सकते हैं।
   - (ix) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत निम्नांकित आशय का शपथ–पत्र की मूल प्रति
     (क) जिला परिषद द्वारा आमंत्रित डाक बंगला में नीलामी हेतु आवेदन की सभी जानकारियाँ सही है तथा संलग्न सभी दस्तावेज एवं प्रमाण–पत्र सही है एवं मांगे जाने पर मूल दस्तावेज प्रस्तुत किया जायगा।
     (ख) किसी भी न्यायालय द्वारा किसी प्रकार का आरोपी/दोषी/सजायाफ्ता अथवा दिवालिया घोषित नहीं है।
     (ग) यह कि प्रस्तुत कोई जानकारी तथा दस्तावेज गलत पाये जाने पर उसकी जबावदेही होगी ।
     (घ) यह कि नीलामी की सभी शर्त्तों (Annexure- I) से पूर्णतः सहमत हैं।

उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद सिमडेगा

PR 346428 (Simdega) 24-25 (D)

# महाकुम्भ स्नान व अयोध्या श्री राम लला के दर्शन कर सकुशल लौटे वैदिक अष्टांग योग परिवार के 85 सदस्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट द्वारा संचालित लोहरदगा में वैदिक अष्टांग योग परिवार के लगभग 85 सदस्य का एक जत्था 2 बस में 7 फरवरी से 11 फरवरी तक का एक धार्मिक यात्रा निकाला गया था जिसमें पहले विंध्याचल नगर में स्थित विंध्यवासिनी मंदिर का दर्शन किए और फिर 9 तारीख को महाकुंभ में मंत्र के द्वारा योग साधकों ने 11 डुबकी लगाएं। रास्ते में सेजल जी,सरिता कर्मकार ने सबको भजन के द्वारा लाभान्वित किए। 10 को अयोध्या में दशमेश पेट्रोल पंप से श्री राम जन्मभूमि तक ओम ध्वज के साथ प्रभात फेरी निकाले और फिर सभी लोग प्रभु श्री राम का दर्शन किए और सभी लोग यह संकल्प किये कि सनातन धर्म को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे और इसके वैज्ञानिकता को लोगों को बताएंगे। और फिर 10 तारीख को अयोध्या से वापस चले और 11 शाम को लोहरदगा सभी योग परिवार एवं सनातन प्रेमी सकुशल वापस लोहरदगा पहुंचे। इस योग परिवार का नेतृत्व डॉ अशोक आचार्य के साथ कुणाल, दीपक कर्मकार, दिलीप राज, राजेश्वरी, जया, मुकेश, रोहित जी दीक्षांत, चंदन वर्मा, मदन, सरिता जमशेदपुर से आए ग्रुप में बबलू कर्मकार, पालकोट से अवधेश साहू उड़ीसा से प्रभाकर मिश्रा यात्रा में हेल्थ के कोई समस्या आए तो डॉ जगजीवन साहू जी को साथ में रखा गया था। यात्रा का मुख्य विशेषता या रहा कि हमारे इस ग्रुप में 5 साल के बच्चे से लेकर 88 साल के ष्ठ.ष्ट कर्मकार जी भी कुशलता पूर्वक यात्रा किए।

## बड़की चांपी सिद्धार्थ नगर में शंत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** ग्राम-बड़की चांपी सिद्धार्थ नगर में शंत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का आयोजन धुम धाम से संत गुरु रविदास जयंती समारोह मनाया गया ।इस मौके पर उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि मुखिया राजधन भगत, उप-मुखिया श्रीमती हेना तिवारी एवं कुडू प्रखंड-प्रमुख मुनि देवी एवं मिडिया प्रभारी- नन्दलाल तिवारी ने उम्मीद दिलाते हुए कहा कि इस बार हर हाल में 14 अप्रैल 2025 में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती से पहले हमने पुरी तरह से कोशिश करेंगे कि डॉ भीम राव अम्बेडकर जी का स्टेच्यू आप लोग का सिद्धार्थ नगर में निमार्ण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हीं का लिखा गया संविधान के रास्ते में चलते आए हैं चलते रहेंगे और आगे भी चलेंगे। इस मौके पर बड़की चांपी सिद्धार्थ नगर में उपस्थित कार्य कर्ता रविदास परिवार में-रामलाल राम, रामचंद्र राम, रमेश राम, सुखबल राम, लालचंद राम, रविन्द्र राम, हेमंत राम,गणेश राम, दिनेश राम, विंदसेर राम, राजकुमार राम, शिव कुमार राम, अभिशेक कुमार राम, संदीप राम, प्रितम राम, प्रेम राम, लाली राम एवं साथ में बसंती देवी, सुनिता देवी, रीता देवी, अनु देवी, अनिता देवी, रीता देवी, सविता देवी, उपस्थित थे।

## मैट्रिक की परीक्षा कदाचारमुक्त, शातिपूर्वक हुआ सम्पन्न एक छात्र रहा अनुपस्थित



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा गुरुवार को हुआ। वही परीक्षा कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। वही मैट्रिक परीक्षा आयोजित करने के लिये प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु व कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमे एक ही परीक्षा केंद्र में परीक्षा हुआ। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु प्लस 2 स्थित परीक्षा केंद्र में 77 विद्यार्थियों में से 76 छात्र छात्राओ ने गृह विज्ञान का परीक्षा दिया। गृह विज्ञान की परीक्षा में एक छात्र अनुपस्थित रहा। पर्यवेक्षिका सीमा नैंसी लकड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया गया। जिसे गुरुवार को गृह विज्ञान का परीक्षा समय से प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। तथा परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही परीक्षा में सभी 77 छात्र छात्राओं में से 76 विद्यार्थी उपस्थित रहे। मौके पर दंडाधिकारी कनीय अभियंता राजीव कुमार एवं मेराज अंसारी, सुनीता देवी समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी दल बल के साथ मौजूद थे।

# महिला बाल-विकास विभाग द्वारा कैरो आदिवासी मुहल्ला आंगनबाड़ी केंद्र पर गोद-भराई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 12 फरवरी बुधवार को महिला बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रखंड मुख्यालय आदिवासी मुहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोदभराई में लाभार्थी रानी कुमारी को आँगनबाड़ी सेविका सुगिया लकड़ा के द्वारा पौष्टिक कच्चा खाद्य पदार्थ दिया गया।वंही सेविका ने गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पूर्व होने वाली शाररिक समस्या व समस्याओं के निवारण को लेकर विशेष जानकारी दिया गया। सेविका ने कहा कि एक गर्भवती महिला को आराम से कोई भी घरेलू कार्य को करना चाहिए एवं खाने में आयरन,प्रोटीन युक्त भोजन हरा साग सब्जी, फल, अंडा, दूध जैसे पदार्थो का सेवन करना चाहिए। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित कैरो पंचायत के मुखिया बीरेंद्र महली ने कहा कि सरकार के द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसमे एक है महिलाओं के लिए प्रसव से पूर्व स्वास्थ्य जांच से लेकर पौष्टिक भोजन। जो सरकार के द्वारा महिला बाल विकास विभाग निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है।आवश्कता है जागरुक होकर अधिक-से-अधिक लोगों का लाभ उठाते हुए अनिवार्य रूप से नियम एवं निर्देशो का पालन करने की। इस अवसर पर गोद भराई कार्यक्रम में उपरोक्त्त के अलावे अन्य भी उपस्थित थे।

# उपायुक्त से मिले कराटे खिलाड़ी, उपायुक्त ने उज्ज्वल भविष्य की किया कामना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जनवरी-फरवरी माह में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिताओं में जीत कर लौटे कराटे खिलाड़ियों ने आज उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मुलाकात की। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत भी मौजूद रहे। खिलाड़ियों व कोच को उपायुक्त और उप विकास आयुक्त द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। लोहरदगा जिला की कराटे टीम अपनी जीती हुई ट्रॉफी के साथ मौजूद रही। इस मौके पर खिलाड़ियों ने अपने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के अनुभव साझा किए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर हर संभव सहायता खिलाड़ियों को दी जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क कोचिंग कराटे, कुश्ती, क्रिकेट आदि खेलों के लिए दी रही है। खेल के मैदान पोटो हो खेल विकास योजना के तहत बनाये जा रहे हैं और वहाँ चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था दी जा रही है। आप सभी ऐसे बेहतर खेल का प्रदर्शन करते रहें और आगे बढ़ते रहें। आज के कार्यक्रम में कोलकाता में जनवरी माह में आयोजित पद्मश्री विमल रॉय खुली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला के खिलाड़ी मौजूद रहे जिन्होंने आठ स्वर्ण पदक, 10 रजत पदक और 13 कांस्य पदक हासिल किए थे। वहीं फरवरी माह में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ओपन कराटे प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को भी सम्मनित किया गया जिसमें 17 खिलाड़ियों ने 24 पदक हासिल किए थे। आज इस मौके पर लोहरदगा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सेंसई अमित कुमार सिंह, सीएम उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुजरा की वार्डन मेनका प्रजापति और सीएम उत्कृष्ट कस्तूरबा बालिका विद्यालय कुडू की वार्डन राखी कुमारी मौजूद रहीं।

## मजदूरों एवं हिंडालको प्रतिनिधि से वार्ता होने के उपरांत हिंडालको मुख्यालय घेराव कार्यक्रम को किया गया स्थगित

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रक अनलोडर मजदूर संघ लोहरदगा हिंडालको कंपनी के द्वारा मजदूरों को बिना सूचना दिए एवं रोजगार उपलब्ध कराए बगैर 3 माह से अनलोडिंग स्टेशन लोहरदगा को जो बंद कर दिया गया था उसी के खिलाफ ट्रक मजदूर संघ लोहरदगा का 14 फरवरी को हिंडालको मुख्यालय घेरने का निर्णय लिया था। इसी संदर्भ में लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी अपने कार्यालय में हिंडाल्को प्रतिनिधि एवं मजदूरों को बुलाया एवं दोनों पक्षों को आपस में बैठक कर मामला सुलझाने का निर्देश दिये। हिंडालको प्रतिनिधि ने कहा कि कोई भी निर्णय वे स्वयं नहीं ले सकते हैं। मजदूरों के मांगों को ऊपर के आला अधिकारियों के पास रखेंगे इसलिए 8-10 दिन का समय दिया जाए ।मजदूरों ने कंपनी के पदाधिकारी की बातों को मान लिया और कल होने वाले हिंडालको मुख्यालय घेराव कार्यक्रम को स्थगित कियागया। अगली बैठक के बाद मजदूर अपना कार्यक्रम को तय करेंगे। बैठक में मजदूरों के तरफ से मजदूर नेता आलोक कुमार साहू,प्रेमचंद महतो ननका अंसारी, रवि महली राजेंद्र उरांव उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय छात्र छात्राओं द्वारा मॉडल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता का संचालन प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन के द्वारा किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के वैसे विद्यालय जहां कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 की कक्षाएं संचालित है वैसे विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। वही विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार किये गये थे। जिसमे सौरमंडल, पृथ्वी बचाओ, जल चक्र, प्रदूषण और मानव नेत्र को एक मॉडल के रूप में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। क्विज प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के पश्चात बच्चों को प्रोत्साहित किया गया और उन्हें ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए और मेहनत करने के लिए उत्साह गया। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 में अनिशा उरांव प्रथम, आजादी परवीन द्वितीय, शिवानी कुमारी तृतीय,कक्षा 6 से 8 तक मे पीयूष कुमार साहु प्रथम, हरीश उरांव द्वितीय, जिनन्त खातून तृतीय तथा 6 से 8 वीं कक्षा के मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम कस्तूरबा गांधी पेशरार, द्वितीय केजीबी सेन्हा और वर्ग 9 से 12 वीं में नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु प्रथम व केजीबी सेन्हा द्वितीय स्थान पर रहा। मौके पर डायट चीरी के महमूद आलम, प्रियंका एक्का, पिंकी कुमारी, समा निराली, कमलेश शर्मा तथा सिनी टाटा ट्रस्ट के सीमा श्वेता तोपनो और उदित कुमार उपस्थित थे।

# माता-पिता व गुरुजन ईश्वर के समतुल्य हैं : प्राचार्य श्री जी पी झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महर्षि दयानन्द सरस्वती आधुनिक भारत के चिन्तक तथा आर्य समाज के संस्थापक थे। उनके बचपन का नाम मूलशंकर था। उन्होंने वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए मुम्बई में आर्यसमाज की स्थापना की। वेदों की ओर लौटो यह उनका ही दिया हुआ प्रमुख नारा था। उन्होंने कर्म सिद्धान्त, पुनर्जन्म तथा सन्यास को अपने दर्शन के स्तम्भ बनाये। विद्यार्थियों को स्वामी दयानंद के प्रकाशपुंज जीवन से परिचित कराने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि जी की तस्वीर के समक्ष प्राचार्य महोदय के साथ-साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर शिक्षिका ज्योति पांडे के द्वारा मंच संचालन किया गया। शिक्षक श्रवण कुमार पाठक, प्रमित विश्वकर्मा, रुचिर मृगेंद्र व छात्रा अनुपमा श्रद्धा मिश्रा के द्वारा मनोरम भजन की प्रस्तुति की गई। छात्राओं के द्वारा एक सामूहिक गीत भी गाया गया। छात्रा सेजल रंजन द्वारा हिंदी व शुभांगिनी द्वारा अंग्रेजी में स्वामी जी के जीवन पर भाषण के माध्यम से प्रकाश डाला गया। कक्षा सातवीं की छात्रा साक्षी कुमारी व छात्र विभोर शौर्य के द्वारा प्रेरणादायक कविता का पाठ किया गया। छात्रा पूजा,प्रियंका एवं आरोही के द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। मौक़े परआदरणीय प्राचार्य महोदय के द्वारा बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा गया कि महर्षि जी का जीवन हमें यह सीख देता है कि माता-पिता व गुरुजन ईश्वर के समतुल्य हैं, इनका सदैव सम्मान करना चाहिए तथा दूसरी बात उन्होंने कहा कि मधुर वाणी ईश्वर द्वारा मानवों को दिया गया श्रेष्ठतम उपहार है।

# राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा का बगड़ू जामुन टोली में मनाया गया तीन दिवसीय वर्षगांठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**किस्को-लोहरदगा :** गुरूवार को बगड़ू जामुन टोली विद्यालय परिसर में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा बगड़ू जामुन टोली का तृतीय दिवसीय वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बगड़ू पहान प्रकाश पहान द्वारा सरना स्थल पर पूजा पाठ सरना रूढ़िवादी परामपरा पूजा पाठ के साथ किया गया। मंच पर रखें कलश में दीप को प्रज्वलित करके की गई। इसके बाद उपस्थित सभी अतिथियों को आदिवासी समाज परामपरा वेषभूषा वाद्ययंत्र बजाना गाजा के साथ स्वागत लोटा पानी, सखुआ पत्ता पुष्प माला, शॉल भेंट देकर सम्मान किया गया। वक्तों ने आदिवासियों को संगठित होने, पेशा कानून नियमवाली, परामपरा, विरासत और वेषभूषा रीति-रिवाज, है धार्मिक, सांस्कृतिक, शिक्षा को बढ़ावा देने पर चर्चा किया गया। और साथ ही साथ रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति के जिला धर्म गुरू फुलेश्वर उरांव, जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव, सचिव सुकेनदर उरांव, केन्द्रीय से उपाध्यक्ष सोमे उरांव कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, कोर कमिटी से फूलदेव भगत,सुधू भगत, मीडिया प्रभारी नूतन कच्छप, जिला समिति सदस्य पंकज उरांव, बालकिशुन उरांव, महिला प्रकोष्ठ से महिला अध्यक्ष जयंती उरांव, सुलेखा, नीलम, प्रमीला महमानीय, उषा क्रांति, गुंजा अजय, बगडु जामुन टोली राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा सदस्य पुनीता उरांव, पंचोला उरांव, सावित्री उरांव, सुमित्रा, उमा उरांव, चन्द्रमनी उरांव, शनचारिया, छेछवा उरांव समेत भारी संख्या में ग्रामीणगण मौजूद थे। मंच संचालक गोयन्दा उरांव ने किया।

## 15 फरवरी को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का वार्षिक उत्सव आयोजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर गुदरी बाजार लोहरदगा का वार्षिक उत्सव 15 फरवरी 2025 दिन शनिवार को है। वार्षिक उत्सव के अवसर पर रामलला के सेवक श्री हनुमान जी के मूर्ति में 8 केजी 240 ग्राम चांदी का छत्र लगाकर उन्हें सुशोभित किया जाएगा। साथ ही भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। आप समस्त लोहरदगा के सनातनियों से निवेदन है कि मंदिर परिसर में पहुंचकर भंडारा का प्रसाद ग्रहण करें।

## एसडीओ से मिले तहरीके अमन सोसायटी के अध्यक्ष व महासचिव, दिया आवेदन

# कव्वाली सह मेला प्रोग्राम कराये जाने हेतु अनुमति देने का किया अनुरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में आगामी 25 फरवरी को धुर्वा मोड़ में मुकाबला ए कव्वाली सह मेला प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। उक्त प्रोग्राम में मुम्बई के मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और इंडियन आइडल 10वें सीजन के विजेता हरियाणा के सलमान अली के बीच शानदार मुकाबला होगा। साथ ही आगामी 24 से 27 फरवरी तक धुर्वा मोड़ मैदान में मेला का भी आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर तहरीक-ए-अमन सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी और महासचिव रौनक इकबाल के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार से मिलकर प्रोग्राम को ऐतिहासिक बनाने हेतु प्रशासनिक अनुमति देने के निमित्त आवेदन दी है। जिसपर एसडीओ अमित कुमार ने संज्ञान में लेते हुए आवेदन पर त्वरित पहल किए जाने का भरोसा दिलाया। साथ ही एसडीओ अमित कुमार ने सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी और महासचिव रौनक इकबाल को निर्देश देते हुए कहा कि प्रोग्राम को सरकारी गाइडलाइंस के मुताबिक कराएं। सोसायटी के पदाधिकारियों ने एसडीओ को आदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन किए जाने का भरोसा दिलाया। मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी ने कहा कि शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित आगामी 25 फरवरी को रात्रि में कव्वाली का महामुकाबला ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि सोसायटी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा नारी नवाडीह के हर एक जनता कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य तरीके से कराए जाने हेतु पूरी तरह से कमर कस लिए हैं। वहीं महासचिव रौनक इकबाल ने कहा कि शहीद शेख भिखारी की याद में आयोजित होने वाली मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम एक नया आयाम स्थापित कर दिखाएगा। रौनक इकबाल ने बताया कि प्रोग्राम में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री हफिजूल हसन, लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव समेत कई अन्य मंत्री और कई नामचीन हस्तियां देश के विभिन्न हिस्सों से शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उक्त प्रोग्राम को भव्य और ऐतिहासिक तरीके से कराए जाने हेतु पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार का बहुत बड़ा योगदान है। रौनक इकबाल ने आयोजन समिति को बढ़ चढ़कर सहयोग करने को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और हाजी अब्दुल जब्बार को दिली मुबारकबाद दी है।

## मारपीट के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सीठियो गांव में बीते वर्ष मारपीट की घटना हुई थी। जिस मामले में फरार चल आरोपियों को सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार पर एएसआई असरफी बहेलिया द्वारा गुरुवार को गिरफ़्तार कर तीनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया। वही थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि सेन्हा थाना कांड संख्या 107/24 दिनांक 25 दिसंबर 2024 को मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। जिसमें सीठियो कल्हु टोली निवासी कुलेश्वर साहू का पुत्र शिव प्रकाश साहू,मथुरा साहू का पुत्र सुलेश्वर साहू और कुलेश्वर साहू आरोपी थे। जिसे सभी लोग फरार चल रहे थे। वही गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत मद लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

## चलते चलते एक नजर

### हॉस्टल में मेडिकल छात्र की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता** : कूचबिहार मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में एक डॉक्टरी छात्र का झुलता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 27 वर्षीय किशन कुमार के रूप में हुई है, जो बिहार का रहने वाला था। शुरुआती जांच में पुलिस का अनुमान है कि प्रेम संबंध टूटने से तनाव में आकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात 12 बजे के बाद जब किशन ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो उसके साथी छात्रों ने कॉलेज के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार मंडल को सूचना दी। इसके बाद दरवाजा तोड़कर देखा गया तो किशन का शव फंदे से लटका हुआ मिला।प्रधानाचार्य ने बताया,रात 12 बजे के बाद मुझे हॉस्टल से फोन आया। जब कमरा खोला गया तो किशन मृत पाया गया। वह इंटर्न था और उसका साढ़े चार साल का कोर्स पूरा हो चुका था। कुछ ही दिनों में उसे सर्टिफिकेट मिलने वाला था। घटना की जानकारी मिलते ही मैंने अस्पताल के अधीक्षक और पुलिस को सूचना दी।मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि किशन के शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं। जिस कमरे में शव मिला, उसे सील कर दिया गया है।कूचबिहार के पुलिस अधीक्षक द्युतिमान भट्टाचार्य ने बताया, ÷प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक प्रेम संबंधों को लेकर मानसिक तनाव में था।फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या के पीछे असल वजह क्या थी, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद होगा।

### राष्ट्रीय खेलः कयाकिंग और कैनोइंग स्प्रिंट के फाइनल में ओडिशा

**टिहरी** : 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत टिहरी झील में कयाकिंग और कैनोइंग स्प्रिंट प्रतियोगिता के अंतिम दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष और महिला वर्ग की 500 मीटर स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, तालमेल और रणनीति का शानदार प्रदर्शन किया।महिला च-4 500 मीटर स्पर्धा में ओडिशा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। श्रुति चौगुले, ओइनम बिद्या देवी, ओइनम बिनिता चानू और ख्वैराकपम धनामंजुरी देवी की चौकड़ी ने 01:46.95 में रेस पूरी कर पहला स्थान हासिल किया।मध्य प्रदेश की टीम, जिसमें निधि, डैली बिश्नोई, मनस्विनी स्वैन और एल. मीना देवी शामिल थीं, ने 01:48.65 में फिनिश लाइन पार कर रजत पदक जीता। केरल की अन्ना एलिजाबेथ, एलीना बिजू, एंड्रिया पॉलोस और ट्रीसा जैकब की टीम ने 01:49.19 के समय के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया।महिला च-1 500 मीटर स्पर्धा में उत्तराखंड की फेयरेंबन सोनिया देवी ने जल में अपनी रफ्तार का जलवा दिखाया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने 02:06.935 सेकंड में रेस पूरी कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।सर्विसेज की जी. पार्वती ने 02:07.800 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि ओडिशा की ख्वैराकपम धनामंजुरी देवी ने 02:08.466 के समय के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया। पुरुषों कीच-4 500 मीटर स्पर्धा में सर्विसेज की टीम ने बेहतरीन तालमेल और गति का प्रदर्शन किया और 01:28.320 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। सनी कुमार, वरिंदर सिंह, गोली रमेश और अजीत सिंह की टीम ने पहला स्थान हासिल किया।

# 15 दिनों में 46 साइबर अपराधी पकड़े गए




एजेंसी

**कोलकाता** : प्रदेश भर में साइबर ठगी बढ़ती जा रही है। राज्य पुलिस इसे रोकने के लिए ऑपरेशन साइबर शक्ति नामक एक विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत पिछले 15 दिनों में पुलिस ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से 46 लोगों को गिरफ्तार किया है। बड़ी संख्या में सिम कार्ड, डेबिट और क्रेडिट कार्ड जब्त किए गए हैं। जांचकर्ताओं ने कई बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए हैं।दक्षिण बंगाल के एडीजी सुप्रतिम सरकार ने बताया कि आसनसोल, बीरभूम, दुर्गापुर, चंदननगर और पूर्व बर्दवान से कई शिकायतें मिली हैं। साइबर धोखाधड़ी मुख्य रूप से किसी प्रसिद्ध कंपनी के नाम पर की जाती है। डिजिटल गिरफ्तारी की भी कई शिकायतें मिली हैं। इसके अलावा, फर्जी नौकरियां, फर्जी निवेश, गैस लाइन उपलब्ध कराने के नाम पर धोखाधड़ी और सेक्सटॉर्शन सहित कई आरोप भी थे। इसीलिए राज्य पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शक्ति शुरू किया। इसके लिए 10 टीमें गठित की गई।एडीजी के कहा कि साइबर ठगों ने बीरभूम, आसनसोल, चंदननगर, पूर्व बर्दवान सहित कई स्थानों पर छोटे-छोटे समूहों में ठिकाने बनाए और लोगों को धोखा दिया। तलाशी लेने के बाद साइबर जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया गया। ये सभी झारखंड के जामताड़ा गैंग से जुड़े हुए हैं। विभिन्न स्त्रोतों से जांच के बाद पिछले 15 दिनों में 46 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक माह के भीतर प्राप्त 250 शिकायतों में से 90 प्रतिशत का समाधान कर दिया गया है।

## ज्ञान शक्ति थिंक टैंक ने बांग्लादेश पर एक सेमिनार आयोजित की



एजेंसी

**जयपुर** : सप्त शक्ति कमांड के ज्ञान शक्ति थिंक टैंक ने गुरुवार को बांग्लादेश पर एक सेमिनार आयोजित किया जिसमें क्षेत्रीय सुरक्षा की उभरती गतिशीलता और रणनीतिक साझेदारियों पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञों को एकत्र किया गया। डिफेंस पीआरओ कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार सेमिनार की अध्यक्षता सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने की। इस आयोजन में प्रमुख वक्ताओं के रूप में राजदूत पिनाक राजन चक्रवर्ती, आईएफएस (सेवानिवृत्त), राजदूत पंकज सरन, आईएफएस (सेवानिवृत्त) और राजदूत सतीश मेहता, आईएफएस (सेवानिवृत्त) शामिल थे, जिन्होंने भारत-बांग्लादेश संबंधों, उभरते भूराजनीतिक रुझानों और क्षेत्रीय स्थिरता पर अपना बहुमूल्य दृष्टिकोण साझा किया।सेमिनार में भारत और बांग्लादेश के बीच स्थिर और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक शांति और सुरक्षा पहलुओं, आर्थिक सहयोग और कूटनीतिक रणनीतियों पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने समकालीन गतिशीलता को संबोधित करने के लिए रणनीतिक सहयोग के महत्व पर भी बल दिया।

## विश्व आर्म रेसलिंग कप में लक्ष्मण सिंह भंडारी ने जीता स्वर्ण पदक

दीपक बिष्ट




**नई दिल्ली** : दिल्ली के लक्ष्मण सिंह भंडारी ने 31 जनवरी से 6 फरवरी, 2025 तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित विश्व आर्मरेसलिंग कप में 70 किग्रा ग्रैंड मास्टर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का आयोजन उज्बेकिस्तान आर्मरेसलिंग फेडरेशन द्वारा एशियाई आर्मरेसलिंग फेडरेशन (एएएफ) और विश्व आर्मरेसलिंग फेडरेशन (डब्ल्यूएएफ) के तत्वावधान में किया गया था। भंडारी ने पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) के बैनर तले भारत का प्रतिनिधित्व किया। पीएएफआई की अध्यक्ष सुश्री प्रीति झंगियानी, श्री परवीन डबास (अभिनेता और पीपीएल के मालिक), आर्मरेसलिंग एसोसिएशन ऑफ नई दिल्ली (एडब्ल्यूएएनडी) के अध्यक्ष श्री रविंदर गुप्ता, संरक्षक श्री. रोशन लाल गोरखपुरा, अध्यक्ष श्री विजय मानव, उपाध्यक्ष श्री सतीश जिंदल और कई अन्य लोगों ने भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल करने में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए लक्ष्मण सिंह भंडारी को हार्दिक बधाई दी।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के अलावा, इस आयोजन के दौरान एशियाई आर्मरेसलिंग फेडरेशन (एएएफ) के चुनाव भी हुए। यह भारतीय आर्मरेसलिंग के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि सुश्री प्रीति झंगियानी को एएएफ उपाध्यक्ष और लक्ष्मण सिंह भंडारी को एएएफ मुख्य रेफरी के रूप में चुना गया। यह जीत और मान्यता अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारतीय आर्मरेसलिंग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ला को फिर मिली एम्स गवर्निंग बॉडी में जगह

एजेंसी



**गोरखपुर** : गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला को एक बार फिर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गोरखपुर की गवर्निंग बॉडी का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सांसद रवि किशन का स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान और नेतृत्व क्षमता को विशेष रूप से सराहा जा रहा है।एम्स गोरखपुर की गवर्निंग बॉडी संस्थान के प्रशासनिक और नीतिगत फैसलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसमें चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने जैसे विषयों पर निर्णय लिए जाते हैं। सांसद रवि किशन की इस समिति में दोबारा नियुक्ति यह दर्शाती है कि उनकी सक्रियता और दूरदर्शिता को केंद्र सरकार ने एक बार फिर महत्व दिया है।

गोरखपुर एम्स पूर्वांचल के सबसे महत्वपूर्ण चिकित्सा संस्थानों में से एक है, जो उत्तर प्रदेश और बिहार समेत कई राज्यों के मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। सांसद रवि किशन ने पिछले कार्यकाल में गोरखपुर एम्स में नए विभागों, सुविधाओं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए प्रयास किए थे। अब उनकी दोबारा नियुक्ति से यह उम्मीद की जा रही है कि एम्स गोरखपुर में चिकित्सा सुविधाओं का और विस्तार होगा और मरीजों को और अधिक लाभ मिलेगा।सांसद रवि किशन की इस पुनर्नियुक्ति पर गोरखपुर और पूर्वांचल के लोगों में खुशी है। क्षेत्र के स्वास्थ्य विशेषज्ञों और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी सक्रियता और एम्स के प्रति उनकी गंभीरता इस पद के लिए उन्हें उपयुक्त बनाती है।

# इमरान प्रतापगढ़ी ने महंगाई पर सरकार को संसद में घेरा




एजेंसी

**नई दिल्ली** : राज्यसभा में आज केंद्रीय बजट 2025-26 पर सामान्य चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने संसद में पेश बजट प्रावधानों को नाकाफी बताते हुए वित्त मंत्री से अल्पसंख्यकों के बजट, मनरेगा, युवाओं के लिए रोजगार और किसानों को एमएसपी की गारंटी दिए जाने की मांग की। उन्होंने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए दूध, पेट्रोल सहित रोजमर्रा के लिए जरूरी चीजों के बढ़ते दामों को लेकर कहा कि इतनी महंगाई से सरकार आखिर किसका संतुष्टीकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्येष्टि में इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी टैक्स लगा रही है।इमरान प्रतापगढ़ी ने सुदामा पाण्डेय 'धूमिल' की कविता, ÷एक आदमी/रोटी बेलता है/एक आदमी रोटी खाता है/एक तीसरा आदमी भी है/जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है/वह सिर्फ़ रोटी से खेलता है/मैं पूछता हूँ ‡'यह तीसरा आदमी कौन है ?' मेरे देश की संसद मौन है... की कविता से अपने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि एक दौर में जब संसद में देश का बजट पेश होता था तो देश की सड़कें ठहर जाया करती थीं। रेल बजट पेश होता था तो लोगों की उम्मीदें रेल के डिब्बों की तरह पटरियों पर दौड़ने लगती थीं। पूरा देश धड़कनें रोक कर रेल मंत्री और वित्त मंत्री को सुना करता था। अफसोस अब बजट पेश हो जाता है तो मीडिया सरकार का महिमामंडन करती है, फिर महीनों बाद जनता को समझ आता है कि उसे कुछ नहीं मिला।उन्होंने कहा कि पहले यह सरकार अमृतकालीन बजट पेश करती थी, अब इसे तुष्टीकरण बनाम संतुष्टीकरण का बजट बताया जा रहा है। जिस बजट को मिडिल क्लास का बताया जा रहा है, उसमें मनरेगा के लिए एक रुपये की बढ़ोतरी नहीं हुई। उसी बजट को पेश करते वक्त वित्त मंत्री महंगाई का म तक नहीं बोल पाई। जिस मनरेगा से करोड़ों लोगों के घरों में चूल्हा जलता हो, उसके लिए एक रुपये की बढ़ोतरी न हुई हो, वही पुराना 86 हजार करोड़, जबकि पहले ही 9754 करोड़ रुपये का घाटा हो। अगर उस मनरेगा के लिए आपके खजाने से एक भी रुपया नहीं दिया गया तो भला कौन संतुष्ट हुआ? महाराष्ट्र में 103 रुपये लीटर पेट्रोल रेट होने की बात कहते हुए इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि ये सरकार खुद को मिडिल क्लास का हितैषी बताती है। इस सरकार का बाजार, महंगाई पर कोई कंट्रोल नहीं है। ये सरकार बच्चों की किताब और पेंसिल तक पर टैक्स लेती है। ये सरकार दही-मक्खन तक पर जीएसटी लगाती है। ये सरकार अंतिम संस्कार के सामान अगरबत्ती, धूप बत्ती, केवड़ा जल, चंदन, काला तिल, कपूर और कफन तक पर टैक्स वसूलती है।

## मरम्मत कार्यों के चलते आठ दिनों के लिए ईस्ट-वेस्ट मेट्रो सेवाएं बंद

**कोलकाता** : मरम्मत कार्यों के चलते ईस्ट-वेस्ट मेट्रो सेवाएं आज से आठ दिनों के लिए बंद रहेंगी। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार से चार दिन यानी 16 फरवरी तक और फिर 20 फरवरी से 23 फरवरी तक ईस्ट-वेस्ट मेट्रो पूर्ण बंद रहेगा। कोलकाता मेट्रो रेल द्वारा की गई पूर्व घोषणा के अनुसार, इस लाइन पर पावर ब्लॉक किया गया है। हालांकि, माध्यमिक परीक्षार्थियों को ध्यान में रखते हुए तथा यात्रियों पर दबाव कम करने के लिए पर्याप्त सरकारी बसें उपलब्ध कराई जा रही हैं। नौका सेवाएं भी चालू रखी गई हैं। एस्प्लेनेड से सियालदह तक ईस्ट-वेस्ट मेट्रो का ट्रैक और सुरंग का काम पूरा हो गया है। सेवा शुरू करने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली या संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) प्रणाली का परीक्षण बाकी है।

## काशी तमिल संगमम के उद्घाटन समारोह में सीएम योगी भी शामिल होंगे

एजेंसी



**वाराणसी** : काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में भाग लेने के लिए तमिलनाडु से पहला जत्था काशी के लिए रवाना हो गया है। समारोह में कुल 06 ग्रुपों में प्रतिनिधि शामिल होंगे। उत्तर और दक्षिण भारत की संस्कृति को आपस में जोड़ने के लिए हो रहे आयोजन के उद्घाटन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हो सकते है। संगमम में केन्द्रीय मंत्री डॉ एल मुरूगन भी भाग लेंगे। गुरूवार को जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने पत्रकारों को संगमम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगमम का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से 24 फरवरी तक चलेगा। तमिलनाडु से आ रहे प्रत्येक जत्थे में 200 लोग शामिल होंगे। काशी तमिल संगमम का उद्घाटन नमोघाट पर होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि मंडल काशी के प्रमुख मठ मंदिरों में भ्रमण के बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेगा। रात्रि विश्राम के बाद दल के सदस्य अगले दिन प्रयागराज महाकुंभ जाकर संगम तट पर स्नान करेंगे। तीसरे दिन अयोध्या जाएंगे । वहां दर्शन पूजन कर काशी लौट तमिलनाडु के लिए रवाना हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि काशी तमिल संगमम की थीम इस बार ऋषि अगस्त्य पर आधारित होगी जो उत्तर और दक्षिण भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों को प्रगाढ़ करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ उत्तर और दक्षिण भारत के दर्शन, संस्कृति और साहित्य की गौरवशाली विरासत भी समृद्ध होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को कराने की जिम्मेदारी बीएचयू और मद्रास आईआईटी को दी गई है। वाराणसी जिला प्रशासन इसमें सहयोग कर रहा है। संगमम में शिक्षा मंत्रालय नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रही है।

# सबको जोड़कर चलेंगे तभी श्रेष्ठ बनेंगे : कलराज मिश्र



एजेंसी

**जौनपुर** : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नव भारत के निर्माण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार विषयक संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को रज्जू भईया संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि सबको जोड़कर चलेंगे तभी श्रेष्ठ बनेंगे। इसी विचारधारा से आज हमारा देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय में यह धारणा समाहित रही।पंडित दीनदयाल अध्ययन के दौरान ही अपनी कक्षा के कमजोर विद्यार्थियों को पढ़ाते थे। कमजोरों के प्रति उनकी संवेदनशीलता बचपन से ही रही। उन्होंने कहा कि पारिवारिक स्थिति ठीक न होने के बाद भी देश के प्रति समर्पण का भाव रहा और नौकरी न करने का निर्णय लेकर उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया। प्रारम्भ से ही सामूहिकता की भावना के साथ विपन्न लोगों में आत्मविश्वास पैदा करने का निरंतर कार्य किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आधुनिक विज्ञान के साथ प्राचीन ज्ञान को जोड़कर नए भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका अदा कर रही है। आधुनिक और प्राचीन ज्ञान के समन्वय के साथ अगर काम किया जाए तो हम दुनिया में सबसे आगे रहेंगे और यही पंडित जी का विचार रहा है।उन्होंने कहा कि आज देश का मेधा स्टार्टअप के माध्यम से देश की तस्वीर को बदल रहा है। पहले नौकरियां और अवसर न उपलब्ध होने के कारण लोग विदेश की तरफ रुख करते थे, लेकिन अब विदेशों से आकर भारत में नए स्टार्टअप के माध्यम से देश की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करने और उनके सिद्धांतों के माध्यम से नवभारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।अध्यक्षीय सम्बोधन में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन संघर्ष से आज के युवा प्रेरणा ले और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के विकसित भारत की मुहिम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को धरातल पर उतार रही है।

## रेडक्रॉस विश्व का सबसे बड़ा सेवाभावी संगठन रामाशीष मंडल

**हरिद्वार** : उत्तरी हरिद्वार के भूपतवाला स्थित श्री नंगली बेला आश्रम में भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सेमीनार में गुरुवार को हरियाणा के विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान शिविर के समापन कैंप निदेशक रामाशीष मंडल ने कहा कि रेडक्रॉस विश्व का सबसे बड़ा सेवाभावी संगठन है।उन्होंने कहा कि हमें विश्व कल्याण के लिए सेवा संस्कार को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हमें यह संकल्प लेना है कि सरकारी विद्यालयों की तरह प्राइवेट विद्यालयों को जूनियर रेडक्रॉस के साथ जोड़कर बच्चों को मानव कल्याण के लिए तैयार करें, ताकि भविष्य में देश व समाज के हित में होने वाले कल्याणकारी कार्यों में अहम भूमिका निभा सकें। इसके साथ उन्होंने स्कूलों में जेआरसी यूनिट किस प्रकार बनाई जाए इसके लिए भी विस्तार से चर्चा की।

## जिला प्रशासन द्वारा रोका गया पांच बाल विवाह



एजेंसी

**कोरबा** : महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से नाबालिग कन्या का विवाह रोका गया। बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अनिता अग्रवाल एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व एवं पुलिस विभाग के सहयोग से आज कुल पांच बाल विवाह रोका गया।जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड नवागड़ के ग्राम अवरीद मे 05 बाल विवाह रोका गया। जहां बाल विवाह की सूचना स्थल में जाकर पाचों अलग-अलग परिवार के बालक तथा बालिकाओं की अंकसूची की जांच की गयी। बालक तथा बालिका की वर्तमान आयु विवाह हेतु निर्धारित आयु से कम होना पाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारिड़यों द्वारा बालक-बालिकों एवं उनके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया एवं सलाह के पश्चात स्थानीय लोगों की उपस्थिति में माता-पिता की सहमति से पांच बाल विवाह रोका गया एवं लड़कियों के लिए निर्धारित 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए निर्धारित 21 वर्ष के पूर्व विवाह न करने संबंधी घोषणा पत्र व राजीनामा पत्र में गवाहों के समक्ष हस्ताक्षर कराया गया।उन्होंने बताया कि रोक गये पांच बाल विवाह में से तीन बच्चों का बाल विवाह 18 फरवरी 2025, 19 फरवरी 2025 एवं 21 फरवरी 2025 को होना निर्धारित था एवं 02 बच्चों का बाल विवाह माह दिसंबर 2025 की स्थिति में निर्धारित था। उससे पूर्व ही सूचना प्राप्त होने पर विभाग द्वारा बाल विवाह रोके जाने की स्थिति में परिवारजन को आर्थिक क्षति एवं सामाजिक मानहानि, मानसिक अवसाद संबंधित परेशानियों का समाना नहीं करना पड़ता। विभाग द्वारा आम जनता से अपील की जाती है कि बाल विवाह होने संबंधी जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल ही विभाग को सूचित करें ताकि समय रहते ही बाल विवाह को रोका जा सके, ताकि परिवारजनों को आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक परेशानियों एवं क्षति तथा कानूनी कार्रवाई का समाना न करना पड़े।

## छात्रों के लिए अब 24 घंटे खुला रहेगा पुस्तकालय

**जींद** : जिला पुस्तकालय में अब छात्रों को 24 घंटे पढने की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए मुख्य सचिव हरियाणा सरकार द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के इस निर्णय से जिला के उन छात्रों को फायदा होगा जो पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी करते हैं। अब उन्हें समय की पाबंदी नही होगी और वो 24 घंटे जिला लाइब्रेरी की सुविधा उठा सकेंगे।गुरूवार को जानकारी देते हुए विशंभर तिवारी ने बताया कि जिला पुस्तकालय में इंटरनेट, फर्नीचर डेस्क, वातानुकूलित रीडिंग रूम इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध हैं। पिछले दिनों जिला पुस्तकालय जींद में ग्रुप सी व ग्रुप डी में 20 पाठकों का सिलेक्शन हुआ है। लाइब्रेरी का लाभ उठाने के लि लाइब्रेरी में अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन के बाद लाइब्रेरी में आप बैठ कर किताबें पढ़ सकते हें।अब मुख्य सचिव हरियाणा सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला पुस्तकालय को 24 घंटे खोलने का निर्णय हुआ है।